सुप्रभात
रांची, गुरुवार
28.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 78



12 महाशक्ति दुर्गापूजा समिति बूटी मोड़ में बन रहा इको फ्रेंडली पंडाल

## न्यूज डायरी

### डेंगू के बढ़ते मामलों में राज्य सतर्क रहे : केंद्र

**नयी दिल्ली।** देश में डेंगू के मामले बढ़ने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मच्छरजनित बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद रहें और निवारक उपायों को मजबूत करें।

### चंदवा में ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोस गांव के पास मंगलवार की देर रात मालगाड़ी से टक्कर के बाद दो युवकों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के तुबेद निवासी बिजेंदर उरांव (20) तथा बानुदाग के प्रेमचंद टाना भगत (22) के रूप में हुई है।

### हाइकोर्ट से रामधीर सिंह की अपील खारिज

**रांची।** विनोद सिंह की हत्या मामले में सजायाफ्ता रामधीर सिंह की क्रिमिनल अपील झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। साथ ही धनबाद की निचली अदालत द्वारा दी गयी उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। रामधीर सिंह होटवार जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

### चतरा में दो कर्मी घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**चतरा।** एसीबी ने बुधवार को चतरा जिले के गिद्धौर ब्लॉक के दो कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इनमें पंचायत सचिव कमलेश वर्मा और ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर सीताराम रजक शामिल हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# रांची को बेस्ट परफॉर्मर सिटी का अवार्ड

- इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट 2022 के आधार पर तैयार हुआ है अवार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/इंदौर।** इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड में एक बार फिर से रांची ने स्मार्ट सिटी में अपना परचम लहराया है। रांची ने खुद को स्मार्ट सिटी मिशन के सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल आस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन जैसे कार्यों के क्रियान्वयन में बेस्ट परफॉर्मर के रूप में स्थापित किया है। इस उपलब्धि के लिए रांची को पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में बेस्ट परफॉर्मर सिटी के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड बुधवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन केंद्र में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों दिया गया।

**विभिन्न क्षेत्रों में भेजे गये थे प्रस्ताव :** राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीइओ सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार और स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार ने इस सम्मान को



राष्ट्रपति के हाथों प्राप्त किया। यह अवार्ड इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड- 2022 के आधार पर तैयार है। इस अवार्ड के निर्णय से पहले देश के सभी 100 शहरों से उनके शहर में हो रहे अलग-अलग क्षेत्र में विशेष प्रयास की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से साझा की गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

## राष्ट्रपति ने इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में रांची को किया सम्मानित

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुविधाएं बढ़े : राष्ट्रपति

अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शहरों पर दबाव कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह स्वास्थ्य, शिक्षण और बुनियादी सुविधाएं दी जानी चाहिए। इस दौरान श्रीमती मुर्मू ने स्मार्ट सिटी से जुड़े हुए विभिन्न श्रेणियों के 66 पुरस्कार भी प्रदान किये। राष्ट्रपति ने पूरे आयोजन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इंदौर देश की स्मार्ट सिटी में सबसे ऊपर है। इसके लिए उन्होंने इंदौर के निवासियों और शासन-प्रशासन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

### सीएम ने दी बधाई

इस पर सीएम ने मुख्यमंत्री ने बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि आने वाले दिनों में रांची का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर अपना अमिट छाप छोड़ेगा।

# मजबूत समाज बनाने का संकल्प लें युवा

- विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए समर्पण भाव से करें काम : मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि युवा वर्ग स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए मजबूत समाज के निर्माण का संकल्प लें। श्री सोरेन बुधवार को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के दीक्षांत समारोर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि का क्षेत्र हो या पशुपालन का, खिलाड़ी हों या श्रमिक, रोजगार करना चाहते हों या स्वरोजगार, आप जिस भी फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं, सरकार आपकी पूरी मदद करेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और डिग्री प्रदान करते हुए



उम्मीद जतायी कि यहां से निकला हर नौजवान अपनी एक अलग पहचान बनायेगा। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए मजबूत समाज के निर्माण में योगदान देगा।

**झारखंड के मजदूरों का देश के नवनिर्माण में बड़ा योगदान :** सीएम ने कहा कि झारखंड एक मजदूर बहुल राज्य भी है । यहां के मजदूर सरल होने के साथ-साथ मेहनतकश होते हैं। यही वजह है कि हमारे राज्य के मजदूर देश के हर हिस्से में अपनी मेहनत से विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

## सीएम हेमंत ने पीएम को लिखा पत्र, किया आग्रह

# घट रहे हैं आदिवासी, सरना धर्म कोड पर जल्द फैसला लेना जरूरी


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरना धर्मकोड पर जल्द सकारात्मक फैसला लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा से इससे संबंधित प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजा गया है। इस पर सकारात्मक निर्णय लेने से भारत में ही नहीं पूरे विश्व में प्रकृति प्रेम का संदेश फैलेगा। उन्होंने लिखा कि आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं एवं प्रकृति के उपासक हैं। वे पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण को ही अपना धर्म मानते हैं।

### आदिवासियों के अस्तित्व पर भी खतरा है

सीएम ने कहा कि प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। आदिवासी समुदाय में भी कई ऐसे समूह हैं, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर इनका संरक्षण नहीं किया गया तो इनकी भाषा, संस्कृति के साथ-साथ इनका अस्तित्व भी समाप्त हो जायेगा।

**आदिवासियों की संख्या घटना दुखद :** सीएम ने कहा कि पिछले आठ दशकों में झारखंड के आदिवासियों की जनसंख्या के क्रमिक विश्लेषण से पता चलता है कि इनकी जनसंख्या लगातार घट रही है। झारखंड में 38 प्रतिशत आदिवासी थे, जो अब घटकर 26 प्रतिशत ही रह गया है। जनसंख्या में लगातार आ रही गिरावट के कारण संविधान की पांचवीं व छठी अनुसूची के अंतर्गत आदिवासी विकास की नीतियों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई और जैन धर्मावलंबियों से अलग सरना आदिवासियों की पहचान के लिए अलग सरना कोड अत्यावश्यक है। अगर यह कोड मिल जाता है तो इनकी जनसंख्या का स्पष्ट आकलन हो सकेगा।



**देश में 12 करोड़ आदिवासी :** सीएम ने पीएम को लिखे अपने पत्र में कहा कि 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड भी एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है। झारखंड ही नहीं पूरे देश में आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत हैं।

### कोयलाकर्मियों की हड़ताल 12 तक टली

**रांची।** कोल इंडिया, उसकी सहायक कंपनी और एससीसीएल में 5 अक्टूबर से प्रस्तावित तीन दिन की टल गयी है। कामगारों ने कहा कि यदि उनकी मांगां पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो वे 12 से हड़ताल पर जायेंगे। कोल इंडिया प्रबंधन के साथ बुधवार को दिल्ली में हुई बैठक के बाद टालने का निर्णय हुआ। 3 को जबलपुर हाइकोर्ट में सुनवाई होनी है। प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि उसमें मजबूती से पक्ष रखेगा। प्रबंधन के आश्वासन पर श्रमिक संगठनों ने 12 अक्टूबर तक हड़ताल स्थगित करने का फैसला किया है।

# भारत दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनेगा, गारंटी है : मोदी

## पिछले 20 वर्षों से अधिक महत्वपूर्ण हैं अगले 20 वर्ष : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** पीएम मोदी ने बुधवार को कहा कि उनका लक्ष्य भारत को वैश्विक विकास का इंजन बनाना है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि देश जल्द ही दुनिया की आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। यह मेरी आपको गारंटी है।

'वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन' के 20 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उन्होंने 20 साल पहले 'वाइब्रेंट गुजरात' के छोटे-छोटे बीज बोये थे और आज यह एक बड़े पेड़ के रूप में विकसित हो गया है। उन्होंने कहा कि अगले 20 वर्ष, पिछले 20 वर्षों से अधिक महत्वपूर्ण हैं, जब वाइब्रेंट गुजरात के 40 वर्ष पूरे हो जायेंगे।

**मोदी की गारंटी :** पीएम ने कहा कि देश ऐसे मोड़ पर खड़ा है कि वह जल्द ही वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। वैश्विक एजेंसियां और विशेषज्ञ भी इस बात के संकेत दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह मोदी की गारंटी है कि अब से कुछ वर्षों में, आपकी आंखों के सामने, भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। (शेष पेज 11 पर)

**नयी संभावनाएं तलाशें उद्यमी :** पीएम ने देश के उद्योग जगत से अपील की कि वे उन क्षेत्रों के बारे में सोचें जहां भारत नयी संभावनाएं तलाश सकता है या खुद को मजबूत कर सकता है। उन्होंने बात पर प्रकाश डाला कि कैसे एक साधारण शुरुआत से, वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम एक संस्थान में बदल गया है और बाद में कई राज्यों ने इसका अनुसरण करते हुए निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित किये। मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात की सफलता के विभिन्न चरणों का उल्लेख करते हुए कहा, 'स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि हर काम तीन चरणों से गुजरता है- पहले उसका मजाक उड़ाया जाता है, बाद में उसे विरोध का सामना करना पड़ता है और अंत में उसे स्वीकार किया जाता है, खासकर तब जब विचार समय से पहले का होता है। आज दुनिया वाइब्रेंट गुजरात की सफलता देख सकती है।

### भारत की बेटियों का जलवा दो और गोल्ड

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चीन के हांगझोउ में चल रहे एशियाई खेल के चौथे दिन भारत ने दो गोल्ड मेडल हासिल कर लिये हैं। दोनों गोल्ड महिला खिलाड़ियों ने जीते हैं। भारत पांच गोल्ड मेडल अपने नाम कर चुका है। बुधवार को 50 मीटर रायफल इवेंट में सिफ्ट कौर ने 469.6 अंक लाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए भारत की झोली में पांचवां गोल्ड मेडल दे दिया। आशी चौकसी ने 50 मीटर रायफल इवेंट में 451.9 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत की ईशा सिंह ने सिल्वर मेडल जीता। भारत की झोली में अब तक 22 मेडल आ चुके हैं।



### भाजपा की ओर से 77 हजार करोड़ के लगाये आरोप पर किया पलटवार

# झारखंड में मीर जाफर की सक्रिय भूमिका निभा रही भाजपा : सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम के बहाने पूरी पार्टी पर हमला बोला है। भाजपा की तुलना मीर जाफर से की है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में मीर जाफर की भूमिका निभाते हुए एक विकासशील सरकार को अस्थिर करने में जुटी है। गलत एवं भ्रामक फैक्ट-फीगर को लेकर प्रदेश कार्यालय में उनके नेता पीसी करते हैं। सबसे बड़ा



सवाल यह है कि जफर इस्लाम ने 77000 करोड़ के घोटाले का जो आरोप वर्तमान सरकार पर लगाए हैं, वह फीगर उन्हें मिला कहां से। यह बातें सार्वजनिक होनी चाहिए। दूसरी बात अगर सही है, तो भाजपा प्रदेश कार्यालय में क्या कर रही है। उसे तो अब तक कोर्ट में पीआईएल कर देना चाहिए था। पार्टी ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो प्रदेश कार्यालय से निकलकर वे अपनी बातें गांव, खेत-खलिहान, आदिवासी-मूलवासियों के बीच जाकर कहें। जो विरोध होगा, इसकी कल्पना भी इन्होंने नहीं की होगी। अडाणी के साथ रहते-रहते भाजपा लाख नहीं, एक-दो करोड़ नहीं बल्कि हजारों करोड़ की बात करने लगी है।

#### क्यों जायें ईडी कार्यालय, न्यायालय पर पूरा भरोसा

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को होमवर्क देने का काम कर रही है। ये झूठे एवं भ्रामक डाटा कहां से आ रहे हैं, इसका सोर्स क्या है। यह सबके सामने आना चाहिए। अगर भाजपा ये समझ रही है कि यह सब करने से हम झुक जाएंगे, तो गलत समझ रही है। उन्होंने समरी लाल मामले में राजभवन के आए फैसले पर भी सवाल खड़ा किया है। कहा कि इस मामले में अधिक कहना उचित नहीं होगा। मगर यह साफ है कि फैसला क्यों और कैसे आया है।

**सरना धर्म कोड मामले में राजभवन चल रही चाल :** सुप्रियो ने कहा कि पूरे देश में झारखंड ही एक ऐसा राज्य है, जो पूरे देश में निवास करने वाले 12 करोड़ से अधिक आदिवासियों के लिए जनगणना प्रपत्र में अलग आदिवासी/ सरना धर्म कोड लागू करने का प्रस्ताव पास करके केंद्र के पास भेजा है। मगर इसमें भी राजभवन चाल चल रहा है। बार-बार झारखंड सरकार की ओर से केंद्र को पत्राचार किया जा रहा है। अगर इन्हें आने वाले जनगणना में अगल धर्म कोड नहीं मिला तो आदिवाासियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

### मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं झामुमो प्रवक्ता

# दिल्ली क्या जायेंगे, 2024 में झारखंड से झामुमो का सफाया तय : कुणाल षाडंगी

**वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ होने के झामुमो प्रवक्ता के बयान पर दी प्रतिक्रिया**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा है कि झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। दरअसल, श्री षाडंगी झामुमो के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें कहा गया था कि वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो बताये कि अगर सीएम हेमंत सोरेन पाक साफ हैं तो इडी के समन का सामना क्यों नहीं कर रहे हैं। इडी के सवालों से भाग क्यों रहे हैं। वह ईडी के नोटिस पर हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट क्यों भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की संकल्प सभा में किसी गौ तस्कर का पैसा नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के दम पर उनकी पार्टी का खर्च पूरा होता है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की राज्यव्यापी संकल्प यात्रा को मिल रहे आपार जनसमर्थन से झामुमो घबराई हुई है। विपक्ष के नेता मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बचाव में गलत बयानबाजी करने वाले झामुमो प्रवक्ता को यह बताना चाहिए कि अगर कोई गलती नहीं है तो उन्हें प्रवर्तन निदेशालय के सवालों से भागने की जरूरत क्यों पड़ रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न घोटालों की वजह से झारखंड की स्थिति किसी से छिपी नही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब भी सवाल करती है तो तो पूरे पुख्ता दस्तावेजों के साथ करती है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आरोप लगाये हैं कि फायरिंग रेंज के किनारे 100 एकड़ जमीन सीएम ने नाम बदलकर खरीदे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के करीबी टीम के कई लोग जेल में हैं। यह दर्शाता है कि आगे भविष्य में क्या होने वाला है।

## खबर एक नजर में

### राजेश राय की जमानत पर फैसला तीन को

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में बुधवार को चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े के आरोप में जेल में बंद राजेश राय की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 3 अक्तूबर को सुनाएगी। वह जमानत की गुहार लगाते हुए 12 सितंबर को अर्जी दाखिल की है। राजेश राय फर्जी जमीन मालिक गंगाधर राय के पोता है। ईडी ने तीन जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। इसी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बिल्डर विष्णु अग्रवाल जेल में है।

### सुनील यादव की जमानत पर सुनवाई पांच को

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन की मनी लाउंड्रिंग मामले में सुनील यादव की जमानत याचिका पर 5 अक्तूबर को सुनवाई होगी। ईडी की विशेष अदालत में बुधवार को सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से समय की मांग की गई। अदालत ने इसे स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख पांच अक्तूबर निर्धारित की। वह 27 अगस्त से जेल में है। उसने 11 सितंबर को जमानत की गुहार लगाते हुए अर्जी दाखिल की है।

### सीआई की जमानत पर फैसला चार को

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री के आरोप में जेल में बंद बड़गाई अंचल का तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की जमानत पर फैसला चार अक्तूबर को होगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में कल उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। मालूम हो कि मामले में भानु प्रताप के अलावा सेना की जमीन मालिक का होने का दावा करने वाले निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन, प्रदीप बागची, जगतबंधु टी-इस्टेट के मालिक दिलीप घोष, रिम्सकर्मी अफसर अली, कारोबारी अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल समेत 12 लोग जेल में है। मामले में भानु प्रताप सहित 10 के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

### रामधीर सिंह की उम्रकैद का फैसला बरकरार

**रांची।** चर्चित विनोद सिंह की हत्या में उम्रकैद के सजायाफ्ता रामधीर सिंह की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। बुधवार को हाईकोर्ट की जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली डबल बेंच ने उनकी अपील खारिज कर दी। साथ ही धनबाद की निचली अदालत द्वारा दी गई उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। विनोद सिंह की हत्या के मामले में रामधीर सिंह रांची की होटवार सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। विनोद सिंह की हत्या के केस में 18 अप्रैल 2015 को धनबाद व्यवहार न्यायालय के एडीजे-7 निकेश सिन्हा ने रामधीर की गैरमौजूदगी में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जबकि बच्चा सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

### चारा घोटाला : लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने को लेकर सीबीआई की याचिका पर अब दिसंबर में सुनवाई

**रांची।** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने सीबीआई के आग्रह पर दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में सुनवाई निर्धारित की। बता दें कि सीबीआई द्वारा सजा बढ़ाने के आग्रह किए गए 6 आरोपियों में से फूलचंद सिंह, आरके राणा समेत तीन सजायाफ्ता का निधन हो चुका है। पूर्व में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम इस केस से हटाने का आदेश दिया था। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें सीबीआई ने इन्हें अधिकतम 7 साल सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है।

### धनबाद के गोल्फ ग्राउंड और झरिया में संकल्प सभा में कार्यकर्ताओं और लोगों को किया संबोधित

# भाजपा शासन में भ्रष्टाचारी जायेंगे जेल : बाबूलाल

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का किया आह्वान**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/धनबाद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया है। श्री मरांडी बुधवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित संकल्प सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीब घर से आते हैं इसलिये वे गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने महिलाओं के सम्मन के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33 प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नयी बहनों को भी जोड़ा जाना है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले पांच महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है। जिनमें से 9 व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की भी मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आने पर मामले में सीबीआई जांच करायी जायेगी। उन्होंने अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और विकास कार्य के लिए 2024 में केंद्र में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

## अस्त होने चला है झामुमो का सूरज : मरांडी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/झरिया।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में कहा कि झामुमो का सूरज अब अस्त होने चला है। श्री मरांडी ने कहा कि गठबंधन के खाते में उपलब्धियां शून्य है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के भरोसे बेरोजगारों की नियुक्तियां संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे मुख्यमंत्री ईडी के डर से कांप रहे हैं। ईडी के बुलावे पर नहीं जाकर सुप्रीम कोर्ट-हाई कोर्ट दौड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में चारो तरफ रिश्वतखोरी है। उन्होंने कहा कि अपराधी बेलगाम हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार राज्य के विकास के बारे में सोचती है और जन भावनाओं का सम्मान करती है। मोदी सरकार देश में तीव्र विकास के साथ देश का सम्मान बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर पीएम विश्वकर्मा योजना से अब गांव के कारीगरों को स्वावलंबी बनाने की सार्थक पहल की है। तीन लाख तक के सस्ते ऋण, प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था भी योजना के माध्यम से की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला युवा की चिंता कर रही है और हेमंत सरकार दलाल, बिचौलिए और लुटेरों को चिंता कर रही है।

**बुधवार को पूर्वी सिंहभूम में सर्वाधिक 14 पीड़ित मिले**

### झारखंड में मिले डेंगू के 23 नये संक्रमित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में डेंगू के मामले में एक बार फिर इजाफा हुआ है। राज्य भर में डेंगू के 281 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी मरीजों ने अपनी जांच करायी। इनमें 23 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू का डंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां 192 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी मरीजों ने अपनी जांच करायी। इनमें 14 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं धनबाद में तीन, दुमका में पांच और पाकुड़ में डेंगू के एक मरीज मिले हैं।

**रिम्स में हड़ताल से 28 लोगों की मौत मामला**

### हाईकोर्ट ने रिपोर्ट सौंपने के लिए दो माह का समय बढ़ाया

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले की जांच को लेकर बनी कमेटी को दो माह का अवधि विस्तार दिया है। इसके पहले भी सरकार के आग्रह पर पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कमिटी को 4 सप्ताह का अवधि विस्तार दिया था। कोर्ट ने पूर्व में मामले की जांच को लेकर गठित रिटायर्ड प्रधान जिला जज सज्जन कुमार दुबे की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी को 3 माह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वन मैन कमेटी की रिपोर्ट अब तक तैयार नहीं हो सकी है, इसलिए 2 माह का समय और दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

### मामला धनबाद बाजार समिति में दुकान बेचने का

# मार्केटिंग बोर्ड के सचिव ने एमडी को सौंपी जांच रिपोर्ट

**धनबाद बाजार समिति की दो दुकानों को अवैध तरीके से बेचने से संबंधित चिट्ठी हुई थी वायरल**

**दो दुकानों से 40 लाख रुपये वसूलने का लगा है आरोप, अब कृषि सचिव को भेजी जायेगी रिपोर्ट**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धनबाद बाजार समिति में बाजार समिति के प्रभारी सचिव द्वारा अवैध तरीके से दुकान बेचने के मामले की जांच रिपोर्ट मार्केटिंग बोर्ड के सचिव अनुज कुमार प्रसाद ने प्रबंध निदेशक को सौंप दी है। मार्केटिंग बोर्ड के सचिव अनुज कुमार प्रसाद ने बताया कि बुधवार को उन्होंने धनबाद बाजार समिति जांच मामले की वृहद रिपोर्ट प्रबंध निदेशक को सौंप दी है।

बताते चलें कि धनबाद बाजार समिति में अवैध तरीके से दुकान बेचने का मामला प्रकाश में आया था। दो दुकानों को अवैध तरीके से बेचने से संबंधित एक चिट्ठी वायरल हुई थी। इसके बाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव के काले करना में परत-दर परत खुलते गये।

सूत्रों का कहना था कि चार महीने के भीतर धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी ने नियम कानून को तक पर रखकर 29 दुकान और गोदाम का सौदा किया है। सिर्फ दो दुकानों से 40 लाख रुपये वसूले गये थे। इसी मामले की जांच के लिए मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक ने एक कमेटी बनाई थी। कमेटी ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अब यह रिपोर्ट मार्केटिंग बोर्ड से कृषि सचिव को भेजी जाएगी।

## जेएसएससी की परीक्षा 16-17 दिसंबर को

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त स्नातक प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तिथि जारी कर दी है।

इस बार परीक्षा दो दिन ली जायेगी. परीक्षा की पहली तिथि 16 दिसंबर और दूसरी तिथि 17 दिसंबर है। परीक्षा का एडमिट कार्ड अभी जारी नहीं किया गया है। एडमिट कार्ड झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जायेगा।

### 29 सितंबर से मोरहाबादी में आजसू का तीन दिवसीय महाधिवेशन

# आजसू का महाधिवेशन नवनिर्माण का संकल्प समागम : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के सातवें केंद्रीय महाधिवेशन का आयोजन रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा। यह महाधिवेशन 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को होगा। पार्टी ने इस अधिवेशन को पूरे राज्य का अधिवेशन बनाने का निर्णय लिया हैं। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आजसू का महाधिवेशन झारखंड नवनिर्माण का संकल्प समागम होगा।

महाधिवेशन में 29 और 30 सितंबर को झारखण्ड की चुनौतियों एवं ज्वलंत मुद्दों पर परिचर्चा की जायेगी। इस परिचर्चा में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी एवं विशेषज्ञ शामिल होंगे। पार्टी की यह समझ है कि उनके विचारों को संग्रहित कर विभिन्न पटल पर रखा जा सके, जिससे झारखंड के नवनिर्माण की रूप रेखा तय हो। यह महाधिवेशन झारखंड के नवनिर्माण की दिशा में आने वाली चुनौतियों पर विमर्श और समाधान के लिए महवत्पूर्ण साबित होगा। इस महाधिवेशन का उद्देश्य राज्य के निर्माण में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों का सम्मान करना और उनके विचारों को एकत्रित करना भी है। इस रायशुमारी के आधार पर एक बेहतर झारखंड के लिए ब्लू प्रिंट भी तैयार किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न आईआईटी, आईआईएम, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के प्रोफेसर के अलावा व्यवसायी वर्ग के लोग भी जुड़ेंगे।

### कांग्रेस कोटे के विभिन्न बोर्ड के अध्यक्षों, उपाध्यक्ष और सदस्यों को किया गया सम्मानित

# कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप काम करें जनता को सर्वाधिक लाभ पहुंचायें : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को पुराना विधानसभा के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न बोर्ड, निगम एवं आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के रूप में नियुक्त किये गए कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे।



इस अवसर पर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम एवं ज्योति सिंह मथारू तथा अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी को सम्मानित किया गया।

इस दौरान राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की भावनाओं को देखते हुए जनकल्याण के कार्यों के लिए यह नियुक्ति की गई है। मुझे विश्वास है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप काम करके जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचायेंगे।

वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि ऐसे सभी लोग जिनकी नियुक्तियां विभिन्न निगमों एवं आयोग में हुई है उनसे आम कांग्रेसियों को काफी उम्मीदें हैं। सरकार के अधिकारियों से ज्यादा आम जनता की परेशानियों की समझ आपको है इसलिए जरूरी है कि किसी भी कार्य के संबंध में तुरंत निर्णय लें।

कार्यक्रम में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, अजय नाथ शाहदेव, संजय पांडे, राजेश सिन्हा सनी, कमल ठाकुर, उदय प्रताप मुन्ना, सोनाल शांति, दीपक ओझा, बॉबी खान, गौतम उपाध्याय, रणजीत बड़ाइक, अमित मुंडा, नीतू देवी, पिया बर्मन, पिकलू चटर्जी, सम्राट चटर्जी, काजल भट्टाचार्य, राजीव पांडे, नितिन सिरमौर सहित सैकड़ों की कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने एसटी-एससी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त किया को-ऑर्डिनेटर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राज्य के सभी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आरक्षित विस क्षेत्रों के लिए को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के अनुमोदन के बाद यह सूची जारी की गयी है। प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन (एलडीएम) के तहत प्रदेश के सभी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में को-ऑर्डिनेटर की नियुक्ति करने का निर्देश मिला था। पूर्व में खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी एसटी विधानसभा क्षेत्रों में एलडीएम को-ऑर्डिनेटर की नियुक्ति की जा चुकी है।

**इन्हें बनाया गया प्रभारी :** लातेहार का प्रभारी निरंजन पासवान को बनाया गया है। मनिका ओम प्रकाश अमन, छतरपुर रामवृक्ष यादव, सिमरिया रजी अहमद, चतरा - जगदीश साहू, जमुआ शंकर प्रजापति, चंदनकियारी अशोक मालाकार, जुगसलाई मदन कुमार महतो, खिजरी आलोक साहू, चाईबासा सुरेन राम, मनोहरपुर संजय घोष, चक्रधरपुर अशोक कुमार सिंह, मझगांव मोहम्मद मोहसिन, जग्गनाथपुर मनोज सिंह, सरायकेला राजन सिंह राजा, घाटशिला हरेंद्र प्रताप राणा, पोटका अरुण कुमार महतो, देवघर सुधांशु शेखर झा, दुमका मोजिबुल्लाह, जामा ताजमुल अंसारी, शिकारीपाड़ा अशोक वर्मा, बरहेट के एन झा, लिट्‌ओपाड़ा अशोक पासवान, महेशपुर दिलीप गुप्ता, बोरियो बाबू पॉल, कांके का राजकुमार यादव को प्रभारी बनाया गया है।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष बने हुसैन खान




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग ने हुसैन खान को रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उन्हें बधाई दी है। कहा कि हुसैन खान के बनने से महानगर सहित राज्य कांग्रेस मजबूत होगा। पदभार संभालने के बाद श्री खान ने कहा कि अल्पसंख्यक योजनाओं पर काम करुंगा। मौके पर अख्तर अली, शेंकी खान, रॉय, वसीम, अरबाज, मूसेफ, अफरोज, शाहीद, ताहिर, आदित्य, तसलिम,जूनैद, जैद, अमीत, संतोष, प्रकाश, मोख्तार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मोटर बन गया, आज से बागबेड़ा में जलापूर्ति



जमशेदपुर। 15 सितंबर से जले हुए हैं मोटर रिपेयरिंग धर्मात्मा मिस्त्री के द्वारा किए जाने के बाद टाटा स्टील के द्वारा दिए जा रहे बिजली कनेक्शन में प्रॉब्लम आ जाने के कारण बागबेड़ा में पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। बागबेड़ा के मुखिया के द्वारा ग्राम जल स्वच्छता समिति के द्वारा धर्मात्मा मिस्त्री को पैसा पेमेंट किया गया है। धर्मात्मा मिस्त्री ने बताया फिल्टर प्लांट में टाटा स्टील द्वारा सप्लाई बिजली प्रॉब्लम के कारण बागबेड़ा के 1140 घरों के 20000 जनता को पानी नहीं मिल पा रहा है। टाटा स्टील के मैकेनिकों के द्वारा 27 सितंबर को बिजली व्यवस्था दुरुस्त की गई है। 400 अंपायर के स्विच बोर्ड को हटाकर 250,अंपायर का स्विच बोर्ड लगाकर बिजली ठीक की गई है। फिल्टर प्लांट में कई क्वार्टर में अवैध तरीके से बिजली का कनेक्शन दिया गया था। उसे भी टाटा स्टील के द्वारा काट दिया गया है। बागबेड़ा के फिल्टर प्लांट में लगे मोटर जलने का एक वह भी बड़ा कारण था। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता सुबोध झा ने सूचित किया है कि बागबेड़ा के दोनों मुखिया ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्यों के साथ लाकर इस बार मोटर बनाने में अपना पूरा योगदान दिए हैं। सिस्टम को सुधारने का भी कार्य किए हैं।

## सामर्थ्य ने विभिन्न स्कूलों में कराया पौधरोपण



जमशेदपुर। सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा 'पर्यावरण की रक्षा मानवता की सुरक्षा ' प्रोजेक्ट के तहत शहर के विभिन्न स्कूलों में पौधारोपण किया गया। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा कि 28 अगस्त से इस अभियान की शुरूआत की गई थी 31 दिन तक चले इस अभियान में प्रतिदिन औसत 10 पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया था। बच्चों को दे यह यह शिक्षा पर्यावरण की करें सुरक्षा 'इस स्लोगन के तहत स्कूलों में पौधारोपण कर अभियान की समाप्ति की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप ,परिणीता जायसवाल प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी, रजनी सिन्हा, पंकज कुमार शिक्षिकाओं में बिपाशा, मीरा कुमारी, रजनी रंजन, नबिदा परवेज , मधु रानी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## सरायकेला : एक तारीख, एक घंटा कार्यक्रम का होगा आयोजन

सरायकेला। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अंतर्गत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के थीम कचरा मुक्त भारत के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राष्ट्रपति महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन पूर्व 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से स्वच्छता के लिए एक तारीख, एक घंटा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके सफल संचालन को लेकर उप विकास आयुक्त नें संबन्धित पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर अभियान को सफल बनाने हेतू कार्य योजना निर्धारित कर प्रत्येक गांव में स्वेक्षिक श्रमदान कर एक घंटा सफाई अभियान कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए।

## बिष्टुपुर राम मंदिर में महासर माता का वार्षिक उत्सव आज

जमशेदपुर। बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर के एसी हॉल में कुलदेवी महासर माता का द्वितीय वार्षिक उत्सव गुरुवार को (चतुर्दशी) को आयोजित होगा। श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर द्वारा आयोजित इस धार्मिक उत्सव में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला से श्रद्धालु शामिल होंगें। इस संबंध में संगीता मित्तल और दीपक भालोटिया ने बताया कि आमंत्रित कलाकार रोहित गुलाटी, पूजा झा सहित राउरकेला की स्वर्ण रेखा माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमायेंगें।

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने चुपके से बढ़ा दी पानी की दरें, विधायक सरयू राय खफा

## विधायक ने नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव से की शिकायत, कंपनी से पेयजल आपूर्ति दर में वृद्धि को वापस लेने को कहा

शहर में पेयजल आपूर्ति व सफाई के लिए बनायी जाए कमेटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआइएसएल ने चुपके से एक जुलाई से पेयजल आपूर्ति शुल्क में वृद्धि कर दी है। विधायक सरयू राय ने इस वृद्धि का मुखर विरोध किया है। अब तक वे पहले राजनीतिक हैं जिन्होंने इस अव्यवारिक वृद्धि दर का विरोध करते हुए झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव से लिखित शिकायत की है बल्कि टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी से कहा है कि वृद्धि दर को तत्काल वापस लें। उन्होंने 29 सितंबर को रांची में नगर विकास विभाग के सचिव से मिलने की भी बात कही है। विधायक ने सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि टाटा स्टील ने अचानक एक जुलाई, 2023 से पेयजल की दर में वृद्धि कर दिया है जिसका सीधा भार उपभोक्ताओं पर पड़ा है। आप अवगत है कि टाटा स्टील और झारखंड सरकार के बीच वर्ष 2005 में हुए लीज नवीकरण समझौता के अनुसार टाटा स्टील जमशेदपुर के सभी नागरिकों को पेयजल सहित अन्य नागरिक सुवधायें अपने खर्च पर उपलब्ध करायेगा। यदि इसके लिए उपभोक्ताओं से कोई शुल्क लेना है तो वह शुल्क राज्य सरकार द्वारा अपने नगरपालिकाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं होगा। इसके आलोक में जब राज्य सरकार ने 2021 के जनवरी में पेयजल आपूर्ति का उपभोक्ता शुल्क बढ़ाया तो तुरंत टाटा स्टील की इकाई जुस्को ने भी उस समय पेयजल की निर्धारित दर को बढ़ा दिया। अब यदि टाटा स्टील यूआईएसएल ने पेयजल की उपभोक्ता दर में वृद्धि कर दिया है तो प्रश्न उठता है कि क्या राज्य सरकार ने भी इस बीच अपने नगरपालिकाओं के लिए पेयजल आपूर्ति उपभोक्ता शुल्क में कोई वृद्धि किया है ? यदि नहीं तो इस संबंध में आवश्यक निर्देश राज्य सरकार द्वारा टाटा स्टील को दिया जाना चाहिए। ताकि दर में वृद्धि कम हो सके और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। पत्र में विधायक ने लिखा है कि विगत कई वर्षों से टाटा स्टील जमशेदपुर के गैर लीज क्षेत्र की बस्तियों तथा लीज क्षेत्र में बसी अनधिकृत बस्तियों को पानी और बिजली जैसे नागरिक सुविधा उपलब्ध नहीं करा रहा था। विगत 02 वर्ष के हमारे सतत प्रयास से टाटा स्टील ने जमशेदपुर के सभी क्षेत्रों में पानी, बिजली सहित अन्य आवश्यक सुविधा देने पर राजी हो गया है और देने लगा है। ऐसी स्थिति में एक ओर जन सुविधाओं की आपूर्ति का विस्तार करना और दूसरी ओर पेयजल आपूर्ति के उपभोक्ता शुल्क में वृद्धि करने का कंपनी के निर्णय के औचित्य पर सवाल खड़ा हो रहा है। इस संदर्भ में राज्य सरकार के स्तर पर अविलंब आवश्यक निर्णय जनहित में दिया जाना समीचीन होगा।

### नगर निगम अथवा औद्योगिक क्षेत्र समिति नहीं होने से हो रही परेशानी



पत्र में विधायक ने लिखा है कि आप अवगत है कि जमशेदपुर में नगरपालिका के संदर्भ में जेएनएसी के अधिकार क्षेत्र में है, जहां अधिकांश नागरिक सुविधायें टाटा स्टील यूआईएसएल उपलब्ध करा रहा है। एक विधिवत नगरपालिका नहीं होने के कारण यहां कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो रही हैं। सरकार जमशेदपुर को नगर निगम बनाने अथवा औद्योगिक क्षेत्र घोषित करने के बारे में असमंजस में है। यह असमंजस शीघ्र दूर होना चाहिए। पत्र में विधायक आगे लिखते हैं कि जमशेदपुर में विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग के निदेशानुसार जेबीवीएनएल के जमशेदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक और टाटा स्टील के विद्युत आपूर्ति विभाग के महाप्रबंधक के साथ जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विद्युत समस्याओं के बारे में निर्णय लेने के लिए एक समिति गठित की गई है, जिसमें मैं भी एक सदस्य हूँ। यह समिति महिने में एक बार बैठती है और सम-सामयिक समस्याओं के समाधान के बारे में आवश्यक निर्णय लेती है। इसी तरह पेयजल आपूर्ति एवं साफ-सफाई के लिए भी जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी, एडीएम, टाटा लीज तथा टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक अथवा महाप्रबंधक को मिलाकर एक समिति गठित की जाय ताकि नागरिक सुविधा के संबंध में समुचित निर्णय दिया जा सके। इस संदर्भ में, मैं 29 सितंबर, 2023 के अपराह्न में किसी समय आपके साथ अथवा निदेशक, सूडा के साथ मिलकर अपनी बातें रखना चाहूंगा।

## गांधी मैदान से आज सुबह 8.30 बजे से निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

# शांति और अदब के साथ जुलूस में चलें किशोर और नौजवान : हिदायतुल्लाह खान

डीजे,ट्रेलर और तलवार बाजी और बाइक स्टंटबाजी पर रहेगी रोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



आयोजन स्थल का निरीक्षण करते अल्पसंख्यक आयोग,झारखंड के चेयरमैन हाजी हिदायतुल्लाह खान।

जमशेदपुर। पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम के जन्मदिन 'ईद मिलादुन नबी के शुभ अवसर बृहस्पतिवार को जमशेदपुर में 14वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी तरह से शांति और अदब के साथ निकाली जाएगी। जुलूस सुबह 8.30 बजे गांधी मैदान,मानगो से निकलेगा जो साकची आम बगान होते हुए धातकीडीह में जाकर संपन्न होगा। जुलूस में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने के लिए तंजीम अहले सुन्नत की ओर से दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन हाजी हिदायतुल्लाह खान ने श्रद्धालुओं और अकीदतमनदो से भारी संख्या में जुलूस में शामिल होने की अपील की है, साथ ही सुन्नत द्वारा जारी निर्देशों को कड़ाई से पालन करने को कहा है। उन्होंने दुहराया कि जुलूस में ट्रेलर जैसे भारी वाहन, डीजे और नाच-गाना जैसे गैर शरियत कदम किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जुलूस में शामिल लोगों से प्रशासन को पूरी तरह से सहयोग देने की भी अपील की है। साथ ही कहा कि जो लोग सड़क किनारे जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा में लंगर लगाना चाहते हैं उनसे अपील है कि वे भीड़ पर लंगर के सामान न फेंके क्योंकि इससे अव्यवस्था फैलती है, बल्कि पूरे आदर से एक-एक व्यक्ति को लंगर बांटें। अहले सुन्नत जमात के जनरल सेक्रेटरी व इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने बताया कि मानगो में रहने वाले तमाम लोगों से अपील की गई कि वह गांधी मैदान में सुबह 8.30 बजे तक समय पर पहुंच जाएं ताकि जुलूस वहां से रवाना किया जा सके। जुलूस दोपहर 12:00 बजे साकची आमबागान मैदान में उलेमा-ए-करमा की तकरीर के बाद जुलूस सकची गोलचककर से बढ़कर स्टेट माइल रोड,जुस्को अफिस गोलचकर से होते हुए सीधा धातकीडीह सेंटर मैदान पहुंचेगा जहां उलेमा ए कराम की तकरीर,सलातो सलाम, दुआ के बाद जुलूस का समापन होगा। परसुडीह.मगदमपुर,जुगसलाई के जुलुस बिस्तुपुर मुखे रोड से होते हुए धातकीडीह के तरफ पहुचेंगे। टेल्को, गोलमुरी, साक्ची शास्त्री नगर, सोनरी, धतकीडीह, बिष्टुपुर, रामदास भट्टा, न्यू रानी कुदर के जुलुस सीधे आमबगान मैदान में जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल होंगे। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर धतकीडीह की मक्का मस्जिद में जोहर की नमाज की दो जमात होंगी। पहली जमात दोपहर 100 बजे और दूसरी जमात दोपहर 230 बजे होगी।

## पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 200 गरीबों में आयुष्मान कार्ड का वितरण



जमशेदपुर। बुधवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ, झारखडं प्रदेश के द्वारा सोनारी मंडल अंतर्गत एयरपोर्ट मैदान में लगभग 200 स्थानीय लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव मुख्य अतिथि और अतिथि ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, राजीव सिंह बबलू, भाजयुमो सोनारी के अध्यक्ष राहुल तिवारी, मानगो भाजयुमो अध्यक्ष शुशील पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम की संयोजन कर रहे व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान कर किया। इस मौके पर नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भारत के अंतिम व्यक्ति तक के लिए कई तरह के कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसमें की एक महत्वापूर्ण योजना आयुष्मान भारत है। मंत्री बन्ना गुप्ता पर निशाना साधते हुए नीरज सिंह ने कहा की जमशेदपुर समेत पुरे झारखण्ड में डेंगू महामारी की तरह फैल चूका है मगर मंत्री जी सो रहे हैं। गुंजन यादव ने कहा की भारत के मोदी जी हमेशा से देश के आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील रहते हैं।

## ब्रम्हानंद नारायण मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल का वर्ल्ड हार्ट डे पर वाकाथन 29 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





जमशेदपुर। वर्ल्ड हार्ट डे के उपलक्ष पर ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 29 सितंबर को जमशेदपुर वासियों के लिए एक मेगा वाकाथन आयोजित करेगा। वाकाथन में कारपोरेट जगत, मीडिया जगत, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान, हेल्थ केयर प्रोफेशनल, प्रतिष्ठित क्लब एवं समाज के लोग शामिल होंगे। वाकाथन जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास मोदी पार्क से सुबह 6.30 बजे शुरू होगा। जो स्ट्रेट माइल रोड से होते हुए साकची मेन गोल चक्कर और फिर जुबली पार्क रोड से होकर मोदी पार्क पर समाप्त होगा। यह करीब 2 किलोमीटर का वॉक होगा। वाकाथन की शुरूआत जाने-माने समाज सुधारक बेली बोधन वाला, प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम एवं हृदय विशेषज्ञों की टीम आसमान में गुब्बरों का गुच्छ उड़ा कर करेंगे। फैसिलिटी डायरेक्टर, विनीत राज ने कहा कि हम सभी उम्र के लोगों को वाकाथन में भाग लेने के लिए अपील करते हैं और उम्मीद करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग वाकाथन में शामिल हों। डॉ परवेज आलम कहते हैं कि भारत में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहा है। हमारे देश में हर 33 सेकंड में एक दिल का दौरा एक जीवन लेता है। वाकाथन के माध्यम से लोगों के बीच में पैदल चलने को लेकर जागरूकता पैदा करना है ताकि दिल की बीमारियों की रोकथाम की जा सके। वाकाथन में टैटू के माध्यम से वर्ल्ड हार्ट डे के थीम को प्रस्तुत किया जाएगा। हृदय रोग विशेषज्ञ जनता को सुझाव देंगे।

## महिलाएं स्वावलंबी बनकर समाज का उन्नति करे : रामचंद्र सहिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



पटमदा/जमशेदपुर। बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह पंचायत के भुनी कोठारी मैदान में झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी यानी जेएसएलपीएस का वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ जिसमें मुकरूडीह, गोरडीह, माधवपुर के सभी महिला समूह सदस्या शामिल हुई, वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस शिरकत किए और सभी का आभार व्यक्त किए। महिलाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री साहिस ने कहा की समाज की उन्नति और प्रगति में महिलाओ की सहभागिता जरूरी है और इस तरह के कार्य में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाए जब अग्रतर भूमिका निभाने लगती है और महिलाए स्वावलंबी बनकर समाज का उन्नति करे यही इस झारखंड स्टेट लाइव हुड प्रमोशन सोसाइटी का मुख्य उधेशय की पूर्ति होगी। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि सदैव आपके हर कदमों के साथ खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप प्रमुख संतोषी महतो, निर्मल सिंह, मृत्युंजय सिंह, छूटू लाल सिंह, बहादुर गोप, के अलावे के सक्रिय सदस्य सरला कुंभकार,अर्चना कुंभकार,के साथ साथ सैकड़ों महिलाए वार्षिक आमसभा में मौजूद रही।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की बैठक में शामिल हुए सांसद

जमशेदपुरवासियों से जुड़े कई मुददों को प्रमुखता से उठाया

बारीगोड़ा और गोविंदपुर ओवरब्रिज को मिली मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी की 103 वीं बैठक बुधवार को कोलकाता के ताज बंगाल होटल में संपन्न हुई। बैठक में सांसद बिद्युत बरण महतो ने अपने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मामलों को पुनः एक बार समिति के समक्ष रखा। सांसद महतो ने जिन मांगों को मुख्य रूप से रखा उसमें टाटा आरा ट्रेन को बक्सर तक ले जाने, टाटा से जयनगर रेल सेवा की शुरूआत करने, टाटा लोकमान्य तिलक अंत्योदय एक्सप्रेस का पुनःपरिचालन करने, टाटा एलेप्पी का पुनःपरिचालन करने, घाटशिला रेलवे स्टेशन पर संतरागाछी अजमेर शरीफ ट्रेन, गोरखपुर शालीमार ट्रेन,ताम्बरम एक्सप्रेस और समलेश्वरी एक्सप्रेस का ठहराव करने, गालूडीह रेलवे स्टेशन पर इस्पात एक्सप्रेस, शालीमार कुर्ला, टाटा खड़गपुर मेमू ट्रेन का ठहराव करने, राखा माइन्स स्टेशन पर उत्कल एक्सप्रेस का ठहराव करने, जुगसलाई और धालभूमगढ़ में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने, घाटशिला के कुतलूडीह में रेल अंडर पास का निर्माण करने, बारीगोड़ा और गोविंदपुर में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण करने की मांग मुख्य रूप से शामिल थी। रेखांकित किया। बैठक में रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि जुगसलाई और धालभूमगढ़ के फूट ओवर ब्रिज का स्वीकृत हो गई है और निकट भविष्य में इसकी निविदा निकाली जाएगी

## खबर एक नजर में

### टेल्को पुलिस का कारनामा : गौ रक्षक को धार्मिक उन्मादी बताकर कसाईयों की सूची में किया शामिल



जमशेदपुर। टेल्को पुलिस के कारनामे की वजह से झारखंड पुलिस की कार्य संस्कृति पर तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। नया मामला सामने आया है जिसमें टेल्को पुलिस ने भाजपा नेता को उन्मादी बताकर 107 का नोटिस भेजा है। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में बारीनगर के कुछ गौ तस्करों और कसाईयों के साथ साथ भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता अंकित आनंद को भी अभियुक्त बनाकर नोटिस भेजा है। टेल्को थाना के एक रिपोर्ट के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय ने मिस केस संख्या 221/2023 के आलोक में उक्त नोटिस जारी किया है। बुधवार सुबह 10:10 बजे टेल्को थाना ने भाजपा नेता को उनके आवासीय कार्यालय में नोटिस सौंपी गई है जिसमें बुधवार को ही सुबह 10:30 बजे एसडीएम कोर्ट में उपस्थित होने को कहा गया है। इस नोटिस की प्रासंगिकता को चुनौती देते हुए भाजपा नेता अंकित आनंद ने जाँच की माँग उठाई है। ट्वीट के मार्फत उन्होंने झारखंड सरकार के डीजीपी सहित जमशेदपुर एसएसपी से संज्ञान लेकर मामले में जांच कमिटी गठन का अनुरोध किया है। बीजेपी नेता ने अपनी ट्वीट में लिखा है की बारीनगर के गौ तस्करों और कसाईयों के साथ सूचीबद्ध कर के अभियुक्त बनाने से छवि खराब की जा रही है। टेल्को पुलिस के कुछ अधिकारी जानबूझकर आपराधिक षड्यंत्र रचने का कृत्य कर रहे हैं। टेल्को पुलिस के आरोपों से शर्मिंदा हूं। भाजपा नेता ने कहा की राज्य में राम भक्तों को प्रताड़ित करने और झूठे आरोपों में फंसाने का प्रचलन जोरों पर है। पुलिस रिपोर्ट से असंतुष्ट जमशेदपुर भाजपा के पूर्व प्रवक्ता अंकित आनंद ने राज्य के डीजीपी से संज्ञान लेने का आग्रह किया है। गलत कृत्यों का यदि समय पर विरोध न हो तो वह परंपरा बन जाती है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव को इस मामले की जानकारी देते हुए लिखा है की पुलिस प्रताड़ना और षड्यंत्र से आहत हूं। छवि दागदार बनाने का निम्नतम प्रयास है। जांच पूर्ण होने तक नेता ने अपनी प्राथमिक सदस्यता को होल्ड पर रखने का आग्रह पार्टी के आला नेताओं से किया है।

### मोबाइल से दूर रहें बच्चे, तभी आंखें रहेंगी स्वस्थ : डॉ विवेक केडिया



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में बुधवार को जमशेदपुर रोटरी इन्टरेक्ट के तत्वाधान में कक्षा प्रथम से पंचम वर्ग के लगभग 450 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें जमशेदपुर से आए डॉक्टर विवेक केडिया नेत्र विशेषज्ञ डॉ पल्लवी दंत रोग विशेषज्ञ उपस्थित हुए। उन्होंने बारी-बारी से छात्रों का नेत्र एवं दांत का निरीक्षण किया एवं छात्रों में पाए गए त्रुटियों को दूर करने के लिए दवाइयां भी लिखी। छात्रों को दांतों की देखभाल के विषय में डॉक्टर पल्लवी ने बड़े सहज एवं सरल तरीके से बच्चों को बताई। वही डॉ विवेक केडिया ने छात्र-छात्राओं को जितना हो सके मोबाइल के प्रयोग से बचने की सलाह दी आंखों के स्वास्थ्य के लिए आहार संबंधी एवं साफ सफाई के तरीके भी छात्रों को बताया इस अभियान में छात्रों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### सीजीपीसी भवन निर्माण में आर्थिक सहयोग करेंगे डॉ अजय कुमार

जमशेदपुर। कांग्रेस कार्यकारणी के सदस्य और कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता डॉ अजय कुमार ने सीजीपीसी की आधारभूत सरंचना निर्माण में आर्थिक सहयोग करने का वादा किया है। बुधवार को सीजीपीसी कार्यालय में हो रहे भवन निर्माण की महत्वकांक्षी परियोजन से प्रभावित होकर सहयोग करने का आशवासन दिया। साकची स्थित कार्यालय में उन्होंने कानपुर में सिख युवक पर हुए हमले मामले में प्रधान भगवान सिंह द्वारा उठाये मुद्दे को दिल्ली में शीर्ष नेताओं के समक्ष उठाने की बात भी उन्होंने की। सीजीपीसी भवन निर्माण कमिटी के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटू ने आधारभूत सरंचना परियोजना के कार्यप्रगति पर डॉ अजय कुमार के सामने प्रकाश डाला जिससे प्रभावित होकर डॉ अजय कुमार ने सम्मानजनक आर्थिक सहयोग करने का वादा किया। इस दौरान प्रधान भगवान सिंह ने सिख युवक पर हुए हमले पर गहरी चिंता जताते हुए डॉ अजय से उचित कार्यवाई करवाने कर का आग्रह किया जिसपर डॉ अजय कुमार ने मामले को दिल्ली में शीर्ष नेताओं के समक्षं रखने की बात कही।

### चैंबर का उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर अनिल मोदी का हुआ अभिनंदन



जमशेदपुर। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में मुनका एंड केडिया टीम की जीत में उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने वाले भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला महामंत्री अनिल मोदी का भाजपा नेताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय में अभिनंदन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों ने अनिल मोदी को अंगवस्त्र भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं व्यक्त की। जिला महामंत्री अनिल मोदी को मिले शानदार जीत पर हर्षित भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि अनिल मोदी एक व्यवहार कुशल और सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। उनकी यह शानदार जीत उनके ईमानदारी, कार्य कुशलता और कार्यक्षमता को दर्शाती है। गुंजन यादव ने कहा कि सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में मुनका एंड केडिया टीम को जीत मिलने पर सिंहभूम चैंबर को और बल मिलेगा। जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने मुनका एंड केडिया टीम के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं, अनिल मोदी ने सम्मान एवं अभिनंदन हेतु भाजपा परिवार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन से राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन में हमेशा ही सीखने को मिला है। अब तक जो भी जिम्मेदारी संगठन की ओर से दी गयी, उसे ईमानदारी से निभाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलना गर्व के साथ सुखद अनुभूति है।

### सिंहभूम चैम्बर के चुनाव में मारवाड़ी युवा मंच ने लहराया परचम



जमशेदपुर। झारखंड प्रदेश की सबसे बड़ी व्यापारिक संगठनों में से एक सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 23-25 चुनाव में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा ने अपना लोहा मनवाया । चैंबर के नए कमिटी में स्टील सिटी के कई सदस्य जीत कर आय हैं। स्टील सिटी के वर्तमान अध्यक्ष मोहित मुनका को कार्यसमिति में 63 उम्मीदवारों में 43 वां स्थान प्राप्त हुआ है। चैंबर के नए अध्यक्ष श्री विजय आनंद मुनका स्टील सिटी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं।। महासचिव मानव केडिया स्टील सिटी शाखा के सदस्य हैं। नई कमिटी में टैक्स एवं फाइनेंस के उपाध्यक्ष पद में विजय होने वाले अधिवक्ता श्री राजीव अग्रवाल जी स्टील सिटी शाखा के सदस्य हैं। कार्यसमिति में जीतने वाले विष्णु गोयल जी पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। कार्यसमिति में स्थान प्राप्त करने वाले श्री अजय चेतानी स्टील सिटी शाखा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं।

## महिला सिख पुरोहित करवा रही आनंद कारज, गुरुद्वारा साहिब रामदास भट्टा में कीर्तन करती हैं मनजीत कौर

बिष्टुपुर की रहने वाली मनजीत कौर अमृतसर से है और उसने 15 साल पहले शौकिया तौर पर कीर्तन का अभ्यास घर में शुरू किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



चार लावां कीर्तन सुनाती महिला पुरोहित मनजीत कौर।



एक जोड़े का शुभ विवाह करवाती मंजीत कौर।

जमशेदपुर। गुरुद्वारा साहब रामदास भट्टा की कमेटी श्री गुरु नानक देव जी के संदेश एवं सिख पंथ की मयार्दा तथा सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए महिला पुरोहितों के द्वारा आनंद कारज (शुभ विवाह) की पंथिक रस्म सिख रहित मयार्दा के साथ करवा रही है। शुरूआत को बहुत ही प्रशंसा एवं आदर के साथ लिया जा रहा है। जमशेदपुर के हृदय स्थल बिष्टुपुर के रामदास भट्टा में स्थित गुरुद्वारा साहिब में यह हृश्य सिख श्रद्धालुओं के लिए बहुत ही आम एवं साधारण बन चुका है। परंतु वर अथवा वधू जब लौहनगरी के बाहरी शहर अथवा पड़ोसी राज्य से संबंधित होते हैं तो उनके तथा उनके नातेदार-रिश्तेदारों के लिए यह एक नया अनुभव होता है। वे इसकी वीडियो तैयार ही नहीं करते वरन फेसबुक पर लाइव भी करते हैं। मंगलवार को भी हुए एक आनंद कारज में चौथे गुरु श्री गुरु रामदास द्वारा रचित शब्द (अंग 773) बीबी सोनिया कौर ने पढ़े जबकि रागों के साथ लावां (कीर्तन) बीबी मनजीत कौर ने पढ़ी और तबले में संगत हजूरी ग्रंथी बाबा हरसिमरन सिंह ने की। बिष्टुपुर की रहने वाली मनजीत कौर अमृतसर से है और उसने 15 साल पहले शौकिया तौर पर कीर्तन का अभ्यास घर में शुरू किया और अब वह बड़े मनोयोग से रागों के साथ कीर्तन करती है तो श्रद्धालु भाव विभोर हो उठते हैं। पति सरबजीत सिंह लाली टाटा स्टील में हैं और बेटी की किरणदीप कौर कनाडा में तथा बेटा हरप्रीत सिंह दिल्ली में एमबीए कर रहा है। मनजीत कौर के अनुसार पारिवारिक जिम्मेवारी से थोड़ा सा आराम मिला तो उसने अपने आप को पंथ के लिए समर्पित करने का फैसला ले लिया। कमेटियों के आग्रह पर गुरुद्वारों में अपनी निष्काम सेवा देने के कारण खास मुकाम भी बना चुकी है। प्रत्येक महीने के पहले रविवार को मनजीत कौर को टेल्को गुरुद्वारा में कीर्तन करते हुए देखा जा सकता है। गुरुद्वारा कमेटी के चेयरमैन बलबीर सिंह बल्ली एवं प्रधान सतनाम सिंह मारवाह के अनुसार गुरु नानक देव जी ने महिलाओं को बराबरी नहीं बल्कि ऊंचा दर्जा दिया है। गुरु ग्रंथ साहिब में भेदभाव का कोई स्थान नहीं है और गुरु गोविंद सिंह जी ने तो बेटियों को राजकुमारी का खिताब नवाजा हुआ है।

### क्या है आनंद कारज

सिख धर्म में विवाह के रस्म को आनंद कारज अर्थात खुशी के कार्य कहां जाता है। वर वधु श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सामने माथा टेक कर बैठते हैं। श्री गुरु अमरदास द्वारा रचित विवाह के शब्द श्री गुरु ग्रंथ साहिब से पढ़े जाते हैं और श्री गुरु रामदास जी द्वारा रचित चार लावां कीर्तन के तौर पर रागी गायन करते हैं। वर वधू चार बार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की परिक्रमा लावां कीर्तन संग करते हैं और इसके साथ ही आनंद कारज संपन्न हो जाता है।

स्पीड न्यूज

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो जनरल हॉस्पिटल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ डॉ बीबी करुणामय शामिल थे। हॉस्पिटल के वरीय डॉक्टर व कर्मचारियों की उपस्थिति में डॉ करुणामय ने कहा कि एक फार्मासिस्ट लोगों की स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर अपने सभी कर्तव्यों का पालन करता है जिसमें दवा की सही पहचान उसकी री स्टॉकिंग दवाओं की समाप्ति तिथि और उनकी उपलब्धता आदि शामिल होते है ताकि किसी भी प्रकार से किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर उसका कोई गलत प्रभाव न पड़े।

## बैंक मोड़ बिरसा चौक पर बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत

**धनबाद।** बुधवार को भाजपा बैंक मोड़ मंडल अंतर्गत बिरसा चौक पर मंडल अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह सोनू के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह सोनू के द्वारा अंग वस्त्र एवम गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में प्रीतीपाल सिंह आजमानी, संजयनंद गोस्वामी , नीरज सिन्हा,शंकर तिवारी,सरोज प्रसाद, नवल साव,अमरकांत पांडेय,सुजीत झा, सगुन वर्मा इत्यादि सहित दर्जनों साथी उपस्थित थे।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

**कतरास।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कतरास प्रखंड द्वारा शौर्य जागरण यात्रा को लेकर प्रखंड अध्यक्ष शंकर जायसवाल की आवास में उनकी अध्यक्षता में हुई। जिसमें कार्यकर्ता गण एवं सदस्य उपस्थित रहे। शौर्य जागरण यात्रा में आ रही रथ की दिशा एवं सड़क मार्ग तय हुई तथा 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे होने वाली विशाल सभा यात्रा के लिए रूप रेखा तय किया गया। जिसने मुख रूप से प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कमलेश सिंह कतरास गंगा गौशाला के चिकित्सा विभाग के कृष्णाकन्हया रॉय, बजरंग दल महानगर सह संयोजक तापस दे,महानगर अखाड़ा प्रमुख अनूप रॉय, प्रचार प्रसार प्रमुख आनंद खण्डेलवाल, कतरास प्रखंड उपाध्यक्ष उत्तम रवानी उपस्थित रहे।

# मिश्रित ओवर वर्डन डंप गाड़ी की चिंगारी से पांच लोग झुलसे

खबर मन्त्र संवाददाता


**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर काली बस्ती 9 नंबर मैं कोयला चुने गए पांच लोग गर्म अब के चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए आनन फानन में स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उन्हें चिकित्सा हेतु एसएनएमसीएच धनबाद ले जाया गया।



समाचार लिखे जाने तक उसका इलाज धनबाद में ही चल रहा है। लेकिन बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर करने की संभावना है। रानी कुमारी उम्र 18 वर्ष ,बंटी कुमार 10 वर्ष ,खुशी कुमारी उम्र 12 वर्ष,ज्योति कुमारी उम्र 8 वर्ष रीना देवी उम्र 28 वर्ष गर्म ओबी की चपेट में आने से झुलस गए हैं।

# एफसीआइएल अस्पताल सिंदरी का संचालन लायंस क्लब कर सकता है

### जल्द हो सकता है एमओयू, 2003 से ही बंद है अस्पताल



राहुल पाण्डेय

**सिंदरी।** 20 सालों बाद एक बार फिर एफसीआईएल अस्पताल सिंदरी के खुलने की आस जग गई है। जानकारी के मुताबिक लायंस क्लब सिंदरी इस अस्पताल का संचालन कर सकता है। इसे लेकर एफसीआईल प्रबंधन और लायंस क्लब में बातचीत आखिरी दौर में है। अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो एफसीआइएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत के कहे मुताबिक 15 अगस्त 2024 से पहले सिदंरी के जरूरतमंदों को बहुत ही कम पैसे में बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकती है। इसी अस्पताल में मशहूर सिने अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि का भी जन्म हुआ था। एफसीआइएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत ने 15 अगस्त को कल्याण केन्द्र में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में एलएचएसएच पद्धति के तहत दूसरे कदम स्वास्थ्य सुविधा 15 अगस्त 2024 या उससे पहले धरातल पर दिखने की घोषणा की थी। जिसके बाद से एफसीआईएल प्रबंधन इसे लेकर गंभीर दिख रहा है। उच्च पदस्थ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में अस्पताल के संचालन के लिए एफसीआईएल प्रबंधन और लायंस क्लब सिन्दरी के बीच सहमति बनती दिखाई दे रही है। बहुत जल्द इस बाबत दोनों पक्षों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। सहमति पत्र के अनुसार एफसीआईएल सिंदरी अस्पताल लायंस क्लब सिन्दरी को लंबी अवधि की लीज पर दिया जाएगा। इसे लायंस क्लब स्वयं या फिर किसी अन्य रणनीतिक साझेदार के साथ मिल कर चलाएगा। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो नेत्र चिकित्सा सहित अन्य चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में लायंस क्लब संस्था के पिछले कारगर इतिहास को देखते हुए इसे तय माना जा रहा है। बताते चलें कि देश की पहली स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर ने एफसीआईएल के कर्मियों के लिए 205 बेड के अस्पताल का शिलान्यास 8 जनवरी 1953 को किया था। तीन साल बाद 15 जुलाई 1956 को उत्पाद मंत्री केसी रेड्डी ने इसका उद्घाटन किया। वर्ष 2002 में एफसीआईएल की बंदी की घोषणा के बाद इसे जुलाई 2003 में बंद कर दिया गया था। बीते 20 वर्षों के लंबे अरसे में कुछ एक को छोड़कर किसी सरकारी और गैर सरकारी संगठनों ने इसे शुरू करने में रुचि नहीं दिखाई। कुछ एक प्रस्ताव आये भी तो उन्होंने निःशुल्क अस्पताल परिसर की मांग की। सूत्र बताते हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्था लायंस क्लब ने एफसीआईएल के वित्तीय और तकनीकी शर्तों के साथ अस्पताल को लम्बी अवधि की लीज पर ले कर चलाने के लिये अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति एफसीआईएल प्रबंधन को सौंप दी है।

इस संबंध में लायंस क्लब सिंदरी के पदाधिकारियों ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि थोड़ा इंतजार करने के लिए कहा है। वहीं एफसीआईएल सिंदरी के संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने बताया कि एफसीआईएल ओएसडी के वादे के अनुसार अस्पताल शुरू करने के लिए प्रबंधन तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की ओर से ठोस कदम उठाये जा रहे हैं।

## बीजीएच के समीप चला स्वच्छता ही सेवा अभियान

**बोकारो।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर प्रशासन के टीम के द्वारा बोकारो जनरल अस्पताल के आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बी बी करुणामय के साथ अस्पताल के वरीय डॉक्टर्स तथा कर्मचारीगण शामिल हुए।

## हर्षोल्लास व धूमधाम से प्रकृति पर्व करमा संपन्न

**बोकारो/कसमार।** झारखंड की संस्कृति व प्राकृतिक पर्व करम कसमार प्रखंड में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर युवतियां व महिलाओं ने करमा का व्रत पूरे दिन उपवास रखकर शाम को करम डाली की पूजा की। मांदर और नगाड़ों की की थाप पर देर रात तक करम झुमर पर जमकर झूमें। अखड़ा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां ने जावा डाली लेकर अखड़ा पहुंचकर करम नृत्य की।

## बाबूलाल की संकल्प यात्रा हेतु कुमार अमित ने किया जनसम्पर्क

**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर बियाडा बाजार दुन्दीबाग सेक्टर 12 और सिटी पार्क में बैठक करके जनसम्पर्क किया। इन अवसरों पर अमित ने लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। बियाडा बाजार में अमन सिंह दुन्दीबाग में लालबाबू सिटी पार्क मे मृत्युंजय कुमार और सेक्टर 12 में राज सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। ज्ञात हो कि बोकारो विधानसभा में बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के तहत विशाल जनसभा का आयोजन 29 सितम्बर को सेक्टर 12 के मनसा मैदान में आयोजित है।

# डीवीसी में ग्रामीण विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के सीएसआर विभाग के ग्रामीण विकास सलाहकार समिति की बैठक अतिथि भवन में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि दामोदर घाटी निगम निगमित सामाजिक दायित्व के तहत देश और समाज को विकास करने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हर हाल में इस क्षेत्र का विकास करने के लिए निगम तत्पर रहेगा। डीजीएम टीटी दास ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन की ओर से स्थापित बोकारो जिला पुस्तकालय में डीवीसी द्वारा काफी संख्या में पुस्तक उपलब्ध कराई जाएगी। प्रबंधक प्रमोद कुमार झा ने सीएसआर के तहत क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों और भविष्य में होने वाले कार्यों की जानकारी दी। बैठक में जिप सदस्य नीतू सिंह अजय कुमार महतो प्रखंड प्रमुख चांदनी परवीन उप प्रमुख रिंकी कुमारी बीडीओ रेनू वाला सांसद प्रतिनिधि विगान महतो विधायक प्रतिनिधि जद्दू महतो प्रबंधक प्रमोद कुमार झा बादल मोहाली आदि ने भी क्षेत्र के विकास के लिए अपना विचार व्यक्त किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सम्मान समारोह आयोजित

# लक्ष्य हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक : सुनील

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सम्मान समारोह आयोजित कर ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने दिनांक 21 सितंबर 2023 से 24 सितंबर 2023 तक सिंदरी में आयोजित 34 में प्रांतीय खेलकूद समारोह में अपना स्थान बनाया। इस खेलकूद समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के छात्र-छात्राओं ने 14 स्वर्ण, 20 रजत एवं 07 कांस्य पदक प्राप्त कर ओवर ऑल द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं की श्रेणी में बहन अंशू ने तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ एथलीट का सम्मान प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर बहन वंदना दो स्वर्ण, तीन रजत, बहन निर्जला ने एक स्वर्ण तथा चार रजत पदक प्राप्त किया, बहन पूजा ने एक स्वर्ण एवं तीन रजत पदक प्राप्त किया, बहन संजना ने दो स्वर्ण, बहन स्वाति ने दो स्वर्ण, एक रजत एवं एक कांस्य पदक प्राप्त किया,बहन रेणु ने एक स्वर्ण एवं तीन रजत पदक प्राप्त किया, बहन नीलम ने एक स्वर्ण एक रजत एवं एक कांस्य पदक प्राप्त किया, बहन श्वेता ने एक स्वर्ण दो रजत पदक प्राप्त किया, बहन खुशबू ने एक रजत एवं एक कांस्य पदक प्राप्त किया, बहन मेघा ने एक रजत एवं एक कांस्य पदक प्राप्त किया, बहन प्रीति ने एक कांस्य और बहन शोभा ने एक कांस्य पदक प्राप्त किया, भैया राजू ने एक कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम एवं संपूर्ण समर्पण की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि इस प्रांतीय खेलकूद समारोह में पूरे झारखंड के सभी शिशु- विद्या मंदिरों के विद्यालय स्तर पर चुने हुए छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए थे।



# 90 लाख टन कोयला उत्पादन लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जायेगा : जीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** कोयला उत्पादन बढ़ाने को सीसीएल बी एंड के प्रबंधन रेस हो गया है। इसके तहत महाप्रबंधक एमके राव ने बुधवार को करगली आफिसर्स क्लब में क्षेत्रीय सलाहकार समिति (एसीसी) सदस्यों के साथ बैठक कर सुझाव व सहयोग मांगा। समिति के सदस्यों ने सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन व संप्रेषण बढ़ाने का सुझाव दिया। कहा कि वक्त के साथ देश में कोयले की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसकी पूर्ति कराना सबकी जिम्मेदारी है। महाप्रबंधक राव ने कहा कि माइंस के विस्तार में आ रही समस्याओं को दूर करने में विस्थापित-रैयत परिवार के लोग सीसीएल प्रबंधन का साथ दें। कोयला उत्पादन पर ही इस क्षेत्र का भविष्य निर्भर है। बताया कि बीएंडके प्रक्षेत्र के लिए मुख्यालय की ओर वित्तीय वर्ष 22-23का कोयला उत्पादन लक्ष्य 90 लाख टन,110 लाख क्यूबिक मीटर ओबीआर और 90 लाख टन डिस्पैच निर्धारित किया गया है। इसे शेष 6 माह में प्राप्त करना है। वर्तमान पहली छमाही में 26 लाख टन कोयला, 54 लाख क्यूबिक मीटर और डिस्पैच 33 लाख टन 26 सितंबर तक हुआ है। साथ ही सुरक्षा के मानकों का भी पालन कराना है। विस्थापितों व प्रभावित ग्रामीणों को सीसीएल के सीएसआर मद से विकास योजनाओं के साथ ही बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा आदि का लाभ दिया जाएगा। महाप्रबंधक ने कहा कि माइंस के विस्तारीकरण के लिए कारो बस्ती को जल्द से जल्द शिफ्ट कराने की दिशा में पहल की जा रही है। प्रतिदिन के उत्पादन का जो लक्ष्य है, उसे प्राप्त करने की दिशा में गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। विस्थापितों की जमीन से ही कोयला उत्पादन होता है, इसलिए सीसीएल प्रबंधन विस्थापितों को वाजिब अधिकार देने के प्रति पूरी तरह गंभीर है। सभी के सहयोग से ही बीएंडके प्रक्षेत्र निर्धारित उत्पादन लक्ष्य कि ओर तेजी से बढ़ रहा है।



## लक्की सिंह भाजपा में हुए शामिल

**सिंदरी।** भाजपा की संकल्प यात्रा के छठे चरण में झरिया में बुधवार को आयोजित जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष सह सूबे के पहले मुखिया बाबूलाल मरांडी ने जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह को अगंवस्त्र ओढ़ाकर भाजपा में शामिल किया। इसको लेकर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने शहरपुरा के नेहरू मैदान से लगभग 250 गाड़ियों के काफिले और डीजे बैंड के साथ झरिया के आरएसपी कॉलेज में हो रहे जनसभा में शामिल हुए।


**हजारीबाग नगर निगम,हजारीबाग**

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

हजारीबाग शहर स्थित गाँधी मैदान, मटवारी में डिजनी लैण्ड –सह– हैण्डिक्राफ्ट मेला 2023 में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर एक माह के लिए खुला डाक द्वारा बन्दोवस्ती किया जाना है। निबंधित फर्म/इच्छुक व्यक्ति/स्वयं सेवी संस्था अपना आवेदन दिनांक 04.10.2023 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं तथा बन्दोवस्ती खुली डाक के माध्यम से दिनांक 05.10.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे नगर निगम सभाकक्ष में किया जायेगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | डिजनी लैण्ड –सह– हैण्डिक्राफ्ट मेला 2023 के आयोजन | 12,05,000/- | 2,45,000/- |

नोट – डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 307847 Urban Development and Housing(23-24).D

**JHARKHANDSTATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004
**PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA(PMGSY)**

**e-Procurement Notice**

**Letter no. JSRRDA 764/2023-1660 Dated: 27.09.2023**

**NIT No. eTender No.90./2023-24**

The Chief Engineer, JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY on behalf of Rural Works Department invites the percentage rate bids in electronic tendering system regarding "**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SETTING UP A PROJECT MANAGEMENT UNIT (PMU) IN JSRRDA FOR PMGSY-III(22-23) ROAD WITH SUPERVISING AND MONITORING &QUALITY CHECK OF PROPOSEDROAD FOR UPGRADATION IN NEW TECHNOLOGIES FULL DEPTH RECLAMATION(FDR)**" from the reputed firms/consultants/companies having experience in similar nature of work.
The Date of release of invitation for Bids through e-procurement 27/09/2023
**Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in www.pmgsytendersjhr.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
**Last Date & Time for receipt of bids through e-procurement**: 18/10/2023 upto 15:00 Hours (time). For further details please log on to www.pmgsytendersjhr.gov.in.

**The Chief Engineer,**
**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(JSRRDA) 3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004

PR 307878 (Rural Work Department)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा**

**सत्र 2023–24–25 में New Age Trade में Online Admission हेतु रिक्त सीटों पर Spot Round Admission से संबंधित आवश्यक सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के पत्रांक–5/प्रशि(प्रशि0)–02/2022–1509 राँची, दिनांक– 26/09/2023 के द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लोकाई, कोडरमा सत्र 2023–24–25 में New Age Trade में Online Admission हेतु रिक्त सीटों पर दिनांक– 27/09/2023 से 03/10/2023 तक Spot Round online Admission किये जाने का निदेश दिया गया है।

उक्त के आलोक में वैसे आवेदकों को सुचित किया जाता है कि जो पूर्व से इस संस्थान में नामांकन हेतु ऑनलाईन पोर्टल पर निबंधित हैं , Spot Round online Admission (First Come First Serve के आधार पर) में भाग ले सकते हैं । इस संस्थान में 1st, 2nd, 3rd and Spot Round online Admission के बाद पुनः दिनांक– 27/09/2023 से 03/10/2023 तक New Age Trade (Drone Technician)में नामांकन हेतु रिक्त सीटों की संख्या कोटिवार निम्नवत् है।

| Trade | SC | ST | BC-I | BC-II | UR | EWS | SMQ | PH | Total Vacant sea t |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Drone Technician | 4 | 2 | 0 | 2 | 0 | 2 | 1 | 1 | 12 |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा

PR 307790 Labour Employment and Traning(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 08/2023-24**

1 विज्ञापन दाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – 12-10-2023 को अप0 12.00 बजेतक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 13-10-2023 के अप0 2.30 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 13-10-2023 के अप0 3.00 बजे से।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7 कार्य विवरणी :–

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 50 Beded Girl's Hostel at Kinkel in Kersai. | 23,62,129.00 | 47,300.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |
| 2 | Renovation of ST Residency Boy Hostel HatinghoreBano. | 22,39,117.00 | 44,800.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |

निविदा की शर्ते–**WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 307842 Building(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी**

**ई अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा संख्या:– **05/2023-24** दिनांक– 26.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/KHUN TI/06/2023-24 | तुंजू से करम्बु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–6.150 कि०मी०)। | 10,23,84,600.00 | दस करोड़ तेईस लाख चौरासी हजार छः सौ रू० मात्र। | 9 माह। |
| | | सारजमडीह पथ से कोड़दा भाया रेदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.950 कि०मी०)। | | | |
| | | बुण्डू सोनाहातु पथ से सुमनडीह एडकिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.500 कि०मी०)। | | | |
| | | बुण्डू से गुटुहातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.700 कि०मी०)। | | | |
| | | बुण्डू सोनाहातु पथ से सुमनडीह, डाटमडा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.780 कि०मी०)। | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 06.10.2023।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 16.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 17.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक ।
5 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी पिन–835210 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय 17.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6 निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
8 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०– 9431170803
9 निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी के पक्ष में एवं खूँटी में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR.NO.307791 Rural Work Department(23-24):D

## अपनी भाषा में न्याय

देश के अंतिम व्यक्ति को न्याय प्रक्रिया से सहजता से न्याय मिलना भी उतना ही जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की उपस्थिति में कहा कि सरकार की कोशिश है कि कानूनों को आसान व भारतीय भाषाओं में बनाने का प्रयास किया जाए। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी थी कि फैसलों की अनुवादित प्रति वादी की मातृभाषा में भी उपलब्ध करायी जाए। मगर विडंबना यही है कि आजादी के सात दशक बाद भी अधिकतर सरकारी काम व न्यायिक व्यवस्था के फैसले अंग्रेजी में ही उपलब्ध होते हैं। इस बाबत प्रधानमंत्री का कहना था कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि कानून को दो तरह से बनाया जाए। कानून का एक मसौदा उस भाषा में हो, जिसका उपयोग न्यायालय करता है। दूसरा उस भाषा में जिसे आम आदमी सहजता से समझ सके। बहरहाल, आदर्श न्याय प्रणाली का तकाजा तो यही है कि कानून की भाषा निर्विवाद रूप से आम आदमी की समझ में आने वाली हो। कोशिश हो कि व्यक्ति को उसी की भाषा में न्याय मिल सके। आजादी का अमृतकाल मना रहे देश का नागरिक यदि इस सुविधा से वंचित है तो नीति-नियंताओं के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि, इस दिशा में एक सार्थक पहल यह हुई है कि देश की शीर्ष अदालत ने न्यायिक फैसलों का हिंदी समेत कई क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराने का फैसला किया है। इसके बावजूद देश के विभिन्न राज्यों में स्थित उच्च न्यायालयों में राज्य की मुख्य भाषा में न्याय मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वैसे दुनिया के तमाम देशों में स्थानीय भाषा में कानून बनाने व न्याय देने की सार्थक पहल सिरे चढ़ी है। जरूरत इस बात की भी है जो अनुवाद अंग्रेजी से हिंदी या अन्य भाषा में हो, वह भी सरल व सहज हो।

## दवाओं के शोध पर जोर

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने भारत में फार्मास्युटिकल और मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की पीआरआईपी स्कीम शुरू की है। लक्ष्य सेक्टर का ध्यान कॉस्ट-बेस्ड से इनोवेशन-बेस्ड ग्रोथ पर शिफ्ट करना है। यह स्कीम फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में भारत के रिसर्च इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाएगी। भारत की फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री वर्तमान में उत्पादन मात्रा के मामले में विश्व स्तर पर तीसरे नंबर पर है, जिसका बाजार साइज लगभग 50 बिलियन डॉलर है। मल्टीनेशनल कंपनियां अपने मुनाफे का 20-22 प्रतिशत रिसर्च और डेवलपमेंट में निवेश करती हैं, जबकि एक भारतीय कंपनी का निवेश औसत लगभग 10 प्रतिशत है। भारतीय फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री ने मुख्य रूप से जेनेरिक दवाओं के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किया है और इस सेक्टर में ग्लोबल लीडरशिप हासिल की है। 16 अगस्त के एक नोटिफिकेशन में यह कहा गया, वित्तीय वर्ष 2021 में, टॉप 10 भारतीय दवा कंपनियों ने अपनी बिक्री का लगभग 7.2% रिसर्च और डेवलपमेंट में निवेश किया था। ज्यादा रिसर्च और इनोवेशन को प्रोत्साहित करके देश में रिसर्च एवं डेवलपमेंट खर्च को बढ़ावा देने की जरूरत है। यह स्कीम एक महत्वपूर्ण समय में आई है क्योंकि दुनिया भर में मेडिकल डिवाइस का बाजार 2021 में 455.34 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2021 और 2028 के बीच 5.4% की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 657.98 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, भारत वर्तमान में ग्लोबल मेडिकल का केवल 1.5% है। वहीं, ग्लोबल मेडटेक रिसर्च और डेवलपमेंट वर्कफोर्स में भारत की 8% हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 24 में भारतीय फार्मा निर्यात बढ़कर 24 बिलियन डॉलर हो सकता है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 23 बिलियन डॉलर से ज्यादा होगा।

# ज्ञान-विज्ञान सम्मत हो देश की शिक्षा





- आरके सिन्हा

> एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

जिस प्रकार समाज में कोरोना के वैक्सीन और जांच को लेकर भ्रम और असमंजस फैल रहा है यह कोई नयी बात नहीं है। हमारी शिक्षा की कमजोरी कहें या स्तरहीनता की समस्या आज भी लोग आधुनिक अविष्कारों पर विश्वास नहीं कर रहें हैं। यही कारण है कि सरकार की योजनाओं का भी सही प्रति फल नहीं निकलता है। सवाल यह उठता है कि शिक्षा को धर्म से जोड़ा जाए कि वैज्ञानिक चिंतन और सोच से लबरेज किया जाए।

क्या यह सच नहीं है कि भारत में कुछ खास धर्मों के मानने वाले शिक्षण संस्थानों में अपने-अपने धर्मों के प्रचार के लिए कोशिशें करते रहते हैं। कभी कभी सच में लगता है इस मसले पर देश में एक बार खुली बहस हो जाए कि क्या भारत में धर्म प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं ? देखा जाए तो केवल अपने धर्म पालन की सबको स्वतंत्रता होनी चाहिये। लेकिन, शिक्षण संस्थानों में अबोध बच्चों को अपने धर्म की अच्छाई और बाकी सभी धर्मों की बुराई बताना बच्चों को अबोध उम्र में कट्टर बनाना और दूसरे धर्मावलम्बियों के प्रति घृणा फैलाना कहाँ तक उचित है ? यही तो देश में धार्मिक उन्माद फैला रहा है ? यही तो आपसी असहिष्णुता की मूल धर्म के प्रचार-प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता नहीं। धर्म कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार प्रसार करना जरूरी हो।

भारतीय संविधान धर्म की आजादी का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 25 (1) में कहा गया है कि सभी व्यक्ति समान रूप से धर्म का प्रचार करने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन अनुच्छेद 26 कहता है कि धार्मिक आजादी और धार्मिक संप्रदायों के क्रियाकलाप में शांति और नैतिकता की शर्तें भी हैं। अनुच्छेद 28 में कहा गया है कि सरकारी शैक्षिक संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा।

अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निर्माताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? यह मानना होगा कि दो धर्म क्रमशः इस्लाम और ईसाई धर्म के मानने वालों की तरफ से लगातार यह प्रयास होते रहते हैं कि अन्य धर्मों के लोग भी येन-केन-प्रकारेण किसी भी लालच में उनके धर्म का हिस्सा बन जाएं। यह कठोर सत्य है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। इस मसले पर देश में बार-बार बहस भी होती रही है और आरोप भी लगते रहे हैं कि इन धर्मों के ठेकेदार लालच या प्रलोभन देकर गरीब आदिवासियों, दलितों वगैरह को अपना अंग बनाने की फिराक में लगे ही रहते हैं। बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम भी किया गया है।

पर उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण ही मुख्य लक्ष्य रहा है। मदर टेरेसा पर भी धर्मांतरण करवाने के अकाट्य आरोप लगे हैं। उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ कहे ही धर्मांतरण करवाने के मौके लगातार खोजते हैं। हालांकि मुसलमानों के अंजुमन इस्लाम ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। यह मुंबई में सक्रिय है। अब आप देखें कि आर्य समाज, सनातन धर्म सभी और सिखों की तरफ से देश में सैकड़ों स्कूल, कॉलेज, अस्पताल वगैरह चल रहे हैं। पर इन्होंने किसी ईसाई या मुसलमान को कभी धर्मांतरण करवाने का कभी प्रयास नहीं किया। एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

खैर, धर्म परिवर्तन केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में एक जटिल मसला रहा है। इस पर लगातार बहस होती रही है। यह समझने की जरूरत है कि मोटा-मोटी संविधान कहता है कि कोई भी अपनी मर्जी से अपना धर्म बदल सकता है, यह उसका निजी अधिकार है। पर किसी को डरा-धमका या लालच देकर जबरदस्ती या लव जिहाद करके धर्म परिवर्तन नहीं करा सकते।

संविधान संशोधन के द्वारा धर्मप्रचार को रोकना सम्भव तो है। पर यह देखना चाहिए कि धर्म के नाम पर बवाल किस वजह से हुआ ? यदि धर्म प्रचार की वजह से हुआ है तो किन लोगों की वजह से हुआ है? एक राय यह भी है कि भारत में उन धर्मों के प्रचार की स्वतंत्रता होनी ही चाहिए जिनका उदय भारत भूमि पर हुआ है।

जैसे हिन्दू, सिख, जैन और बौद्ध। अगर यह धर्म अपनी जन्म भूमि पर भी अधिकार खो देंगे तो यह तो उनके साथ बड़ा अन्याय होगा। समस्या का मूल कारण इस्लाम और ईसाई हैं। इस्लाम और ईसाइयत को छोड़ दें तो बाकी धर्मो के बीच कोई आपसी विवाद नहीं है। यदि सभी धर्म प्रतिबन्धित हों जिनमे हिन्दू धर्म और उससे निकले दूसरे धर्म भी शामिल होंगे तो यह गेंहूं के साथ घुन पिसने जैसी बात हो जायेगी। हाँ केवल इस्लाम और ईसाइयत का धर्म प्रचार प्रतिबन्धित हों तो युक्ति सांगत लगता है। आगे बढ़ने से पहले पारसी धर्म की भी बात करना सही रहेगा। यह भी भारत की भूमि का धर्म नहीं है। यह भारत में इस्लाम और ईसाइयत की तरह से ही आया है। लेकिन, पारसियों ने भारत में अपने धर्म के प्रसार-प्रचार की कभी चेष्टा तक नहीं की। भारत में टाटा, गोदरेज, वाडिया जैसे बड़े उद्योगपति हैं। इन समूहो में लाखों लोग काम करते हैं। ये देश के निर्माण में लगे हुए हैं। सारा देश इनका आदर करता है। इनसे तो किसी को कोई मसला नहीं रहा। इस बीच, धर्म की अवधारणा से भिन्न है मजहब का ख्याल । धर्म का तात्पर्य मुख्यतः कर्तव्य से है जबकि मजहब की अवधारणा किसी विशिष्ट मत को मानने से है। इसमें किसी किताब में दर्ज शब्दों के अक्षरशः पालन की अपेक्षा की जाती है। किताबिया मजहब जो मानते हैं उन्हें वैसा ही मानते रहने की आजादी बेशक बनी रहे कोई हर्ज नहीं, जैसे कोई सोते रहने की आजादी का तलबगार है, जागना नहीं चाहता, उसे सुख से सोने दीजिए ।

### खास बात

## स्त्री की छवि

**पुष्पा**

**जब** आज के युग में यह स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि घर के कामों को पति और पत्नी समान रूप से मिलकर निपटाते हैं, पत्नी का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि पति का; एक महिला को छुट्टी पर जाने और मौज-मस्ती करने का उतना ही अधिकार है जितना पुरुष को; फिर ऐसा क्यों है कि विज्ञापनों में वही पुरानी छवि पेश की जाती है? बाथरूम क्लीनर के विज्ञापन में महिलाओं को सफाई एजेंटों के रूप में क्यों दिखाना चाहिए? प्रेशर कुकर का विज्ञापन या मसाला ब्रांड का प्रचार या कुकिंग ऑयल का विज्ञापन केवल महिलाओं के लिए ही क्यों होना चाहिए? एडवेंचर और मस्ती को दर्शाने वाले विज्ञापनों में केवल पुरुषों को ही क्यों दिखाया जाना चाहिए? महिलाओं को ऐसा तेल क्यों चुनना चाहिए जो उनके पतियों को स्वस्थ रहने में मदद करे इसके उलट क्यों नहीं? सौभाग्य से, मैं आजकल, कुछ विज्ञापन देखती हूं जो इन रूढ़ियों से दूर जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे विज्ञापन बहुत कम हैं। उपभोक्ताओं के सोचने और कार्य करने के तरीके को भी प्रभावित करते हैं, खासकर जब उत्पादों या सेवाओं का लाखों अनुयायियों के साथ मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन किया जा रहा हो। विज्ञापनदाता और समर्थनकर्ता दोनों को इसके प्रति संवेदनशील होना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। लेकिन हमेशा ऐसा होता नहीं। इसका एक बड़ा उदाहरण फेयरनेस क्रीम और साबुन की मार्केटिंग है। यह सच है कि रंग पूर्वाग्रह हमारे समाज में पहले भी था, लेकिन अपने उत्पादों को बेचने के लिए, दशकों तक इन निर्माताओं ने अपने विषैले संदेशों के जरिये गोरी त्वचा को सुंदरता और सफलता से जोड़ा। जुलाई 2018 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैकेनिकल एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में प्रकाशित मैसूरू में युवाओं के खरीद-व्यवहार और विश्वास प्रणाली पर फेयरनेस क्रीम के विज्ञापनों के प्रभाव पर एक अध्ययन रिपोर्ट छपी, इसमें सामने आया कि कैसे फेयरनेस क्रीम विज्ञापनों ने सुंदरता की परिभाषा को प्रभावित किया। सुंदर सांवले लोगों के मानस को इन विज्ञापनों ने जो नुकसान पहुंचाया।

## आत्मा की खोज

### धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

अंहकार के वशीभूत होकर शारीरिक संतुष्टि तक सीमित रहने वाले अपनी भूल को तब समझ पाते हैं, जब जीवन में पतझड़ का समय आ जाता है और शरीर पीले पत्ते की तरह गिर जाने की स्थिति में होता है। उस पटाक्षेप के समय उसे निश्चय ही संसार की असारता, असत्यता और क्षणभंगुरता का ज्ञान और आत्मा की चिरंतनता और अविनश्वरता की प्रतीति होती है। तब समय निकल चुका होता है। उस अंतिम समय में कुछ भी कर सकने का अवसर नहीं रहता। उस समय हाथ मल-मलकर पछताने के सिवाय और कुछ भी शेष नहीं रह जाता। उस समय इस पश्चाताप के साथ संसार छोड़ने पर विवश होना पड़ता है कि जिस सत्य की खोज के लिये सुरदुर्लभ मानव-जीवन मिला था, उसकी उपेक्षा कर हाय हम संसार की तुच्छ बातों में ही लगे रहे। हमने वह सब कुछ किया, जो नहीं करना था और वह कुछ भी नहीं किया, जो कर्त्तव्य था । उस घड़ी उस आत्मा की उपेक्षा करने वाले व्यक्ति की क्या दशा होती होगी ? उसके हृदय में किस भयानक पछतावे और विवशता की आग जलती होगी, इसे तो वही बतला सकते हैं, जिन्होंने उस स्थिति का भोग किया है।

कितना अच्छा हो कि मनुष्य आवश्यकताभर अपने सांसारिक कर्त्तव्य करता रहे और बाकी का समय अध्यात्म मार्ग से आत्मा की खोज करने में भी लगाता रहे, तो उसके लोक-परलोक एक साथ बनते चलें।

**आदरणीय** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी ने देश के लगभग सवा 3 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का आवास देकर वर्तमान एवं भविष्य उज्जवल किया योजना की संपूर्ण राशि लाभुकों के खाते में भेजकर उन्हें हक का शत प्रतिशत पैसा उपलब्ध कराया... वर्ना कांग्रेस शासनकाल में 1 रूपए में से लाभुकों तक मात्र 15 पैसे ही पहुंचते थे। **- बाबूलाल मंराडी**

### आपके ट्वीट

**देश** के पूर्व प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री आदरणीय डॉ मनमोहन सिंह जी को जन्मदिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार।
परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करे, यही कामना करता हूँ। **- हेमंत सोरेन,**





**बीते** 9 वर्षों में देशवासियों ने देखा है कि मैं जो कहता हूं, वो करके दिखाता हूं। इसलिए, मेरी गारंटी में दम होता है।
**- नरेन्द्र मोदी**

## राष्ट्रभाषा को उपेक्षित कर देश का विकास संभव नहीं

**नागेन्द्र सिंह**

### भाषा साहित्य

**हर** राष्ट्र की अपनी एक राष्ट्रभाषा होती है इसलिए भारत जैसे सम्प्रभुता सम्पन्न, विशाल, सबसे बड़े गणतन्त्र राष्ट्र की भी अपनी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। यह प्रश्न तब तक उठना स्वाभाविक और उचित भी है जब तक भारत की अपनी राष्ट्रभाषा न चुन ली जाए। लेकिन आजादी के सात दशकों के बाद भी दुर्भाग्यवश अब तक ऐसा नहीं हो सका।

ब्रितानी हुकूमत के समय में हिंदी का पूरे भारत में बोलबाला था। लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटेन में हिंदी की व्यापकता और लोकप्रियता को लेकर कई बार ऐसी बातें स्वीकार की थी, पार्लियामेंट में रखी थी। मैकाले ने अपने अध्ययन में यह महसूस किया था कि भारत को यदि और अधिक समय तक गुलाम बनाकर रखना है तो यहाँ की प्रतिष्ठित शिक्षा पद्धति को बंद करना होगा और किया भी। मैकाले के अनुसार, संस्कृत को समाज से दूर और हिंदी को असभ्य/अनपढ़ों की भाषा के रूप में व्यवहृत करना होगा जिससे अंग्रेजी जानने वाले क्लर्क पैदा किये जा सकें। भारत की प्रायः समस्त भाषाएँ संस्कृत से पैदा हुई हैं और इसमें सबसे बड़ी और व्यापक भाषा हिंदी है। इसलिए समस्त भारतीय भाषाएँ हिंदी से कमोबेश सम्बंधित हैं। भारत में अंग्रेजी शासन के प्रति विद्रोह और जनक्रान्ति में हिंदी की भूमिका अग्रणी रही है। आजादी के समर में चाहे नारों की बातें करें या साहित्य की, हिंदी का ही सर्वाधिक योगदान रहा है। न केवल मध्य भारत बल्कि आज का बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत भी हिंदी के प्रभाव में था।

देश को बाँटने की कुत्सित योजना ने हिंदी भाषा के समक्ष अन्य भाषाओं को विरोधी बनाकर उतारने की चेष्टा की। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत के कुछ नेता क्षेत्रीय राजनीति की रोटी भाषाओं के तवे पर सेंकने लगे। आजादी के उपरान्त संविधान में एक राष्ट्रभाषा की आवाज तो उठी किन्तु अंग्रेजी परस्त सत्तालोलुप लोगों ने क्षेत्रीय भाषा- भाषियों को भड़काकर अंग्रेजी की जड़ें मजबूत कीं। हिंदी को राष्ट्रभाषा न बनाकर राजभाषा तक सीमित रखा गया और लॉलीपॉप दिया गया कि अंग्रेजी सहायक भाषा बनकर रहेगी और 1965 तक हिंदी को व्यापक बनाकर राष्ट्रभाषा बनाया जा सकता है। अनुच्छेद 343/1 में देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत संघ की राजभाषा घोषित किया गया। उसके बाद हिंदी को इतनी ही इज्जत मिली कि इसकी गिनती भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं में एक भाषामात्र की है।

एक अन्य संशोधन के अनुसार राज्य सरकारें अपनी पसंद की भाषा में कामकाज संचालित करने के लिए स्वतन्त्र होंगी जबकि राजभाषा अधिधियम 1963 में यह व्यवस्था की गई कि सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग किया जाएगा। आज की सच्चाई है कि सहायक भाषा ने राजभाषा को मजदूरों, अशिक्षितों, पिछड़ों और असभ्यों की भाषा बनाकर रख दिया है। अंग्रेजी परस्त लोगों के भीतर अंग्रेजियत मानसिकता और कूटनीति कूट-कूटकर भरी थी। ये काली चमड़ी वाले अंग्रेज आजाद भारत को भी अंग्रेजी और गैर अंग्रेजी के स्तरीकरण के रूप में बनाये रखना चाहा। अंग्रेजी को स्वामित्व के रूप में भारत में कायम रखना चाहा।

हिंदी के सिर पर अंग्रेजी को बैठाने का ही नतीजा है कि बच्चों की प्रथम पाठशाला की संज्ञा प्राप्त पारिवारिक ढाँचा पल- प्रतिपल बिघटित हो रहा है। माँ को मॉम, बापू को डैड, पति को हस्बैंड और चाचा, ताऊ, मामा, फूफा जैसे दर्जनों रिश्तों को एक ₹अंकल₹ में भर दिया। बुआ, चाची, ताई, जैसी नारियाँ ₹आँटी₹ में खपाई गईं। बचे खुचे रिश्ते ₹इन लॉजर₹ हो गए। हिंदी की शुचिता पर अंग्रेजी ने छककर विष वमन किया।

### कॉर्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडीटर

#### सरकार का दायित्व

**हमारा** संविधान एक सोशलिस्ट संविधान है। सरकार का दायित्व है कि वह समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के लिये काम करे। मुरलीधर जी का आलेख जो जनता अटल जी को हरा सकती है उचित बिंदुओं को दर्शाता है। सरकार को पूंजी पतियों की मदद करने के बजाए सीधे उन करोड़ों परिवार के उत्थान के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य और सस्ते परिवहन की व्यवस्था करना चाहिए। **- राहुल, पलामू**

#### पर्यावरणीय स्थिति

**दरअसल** पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। निश्चित ही पूरे विश्व को युद्ध से भी बड़ा तनाव झेलना पड़ रहा है लेकिन चेतना नहीं है। **-नीतू रांची**

## अच्छा होगा पर्यावरण तो अच्छा होगा स्वास्थ्य

**योगेश कुमार गोयल**

**पर्यावरणीय** स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं। बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल प्रदेश , उत्तराखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरुकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितंबर को एक विशेष थीम के साथ ह्यविश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवसह्ण मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यवैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होनाह्ण थीम के साथ मनाया जा रहा है जबकि 2022 की थीम थी सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना, जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरुकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है।बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है। जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार पिता समेत तीन बच्चे घायल, रिम्स रेफर

**गुमला।** थाना क्षेत्र के अंबागढ़ा मोड़ के समीप बुधवार को ट्रैक्टर ने बाइक को धक्का दिया। इस में कोयंजरा बरटोली के रामेश्वर साहू (42), पुत्र दीपक साहू (15), पुत्र प्रिंस साहू (12) व पुत्र शुभम कुमार (5) घायल हो गये। सभी को लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। रामेश्वर अपने तीनों पुत्रों को बाइक से टैसेरा स्थित प्राइवेट स्कूल में छोड़ने आ रहे थे। इसी दरम्यान अंबागढ़ा मोड़ के समीप ट्रैक्टर ने पीछे से धक्का मार दिया। जिसे चारों घायल हो गये। तीनों किशोर को रांची रेफर कर दिया गया है।

### बाइक-स्कूटी की टक्कर में छह घायल

**घाघरा।** थाना के समीप बुधवार को बाइक व स्कूटी में टक्कर हो जाने से एक ही परिवार के पति-पत्नी दो बच्चे सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए लाया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला निवासी कलावती लकड़ा (35) महेंद्र लकड़ा (40) व महेंद्र की दो बेटी अदिति लकड़ा सृष्टि लकड़ा, व पालकोट डुमरटोली के असन्रेम एक्का (18) अर्पण एक्का (18) गुमला सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है। सभी घायल खतरे से बाहर हैं लेकिन गंभीर चोटे आई है।

### महाआरती में उमड़ी भीड़



**लोहरदगा।** मंगलवार को बाल्मीकि नगर स्थित हनुमान मंदिर में जय श्रीराम समिति नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में एक बार फिर मंगलवारी को बारिश के बावजूद सैकड़ों लोग महाआरती में शामिल हुए एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा कि यह सब भक्ति देखने को जल्दी नहीं मिलती। बारिश के बावजूद सैकड़ों लोगों का महाआरती में जुटना ही सनातन की मजबूती झलकती है। नगर कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत ने कहा महाआरती से लोगों में एक नयी ऊर्जा का संचार हो रही है। मौके पर जिला पदाधिकारी नगर पदाधिकारी, समिति सदस्य एवं बाल्मीकि नगर के भक्तगण मौजूद थे।

### पोषण माह को लेकर पोषण प्रदर्शनी




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय के बाल विकास कार्यालय में पोषण माह के तहत पोषण प्रदर्शनी कार्यक्रम कर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने पोषक क्षेत्रो में संपर्क कर गर्भवती और धातृ महिलाओं को एनीमिया तथा कुपोषण से बचने के लिये क्षेत्र में पाये जाने वाले हरा साग सब्जी, फल, दूध और अंडा का सेवन करने के लिए प्रेरित करें। जिसे जच्चा बच्चा दोनों ही स्वस्थ्य होंगे तथा शुभम गैस एजेंसी सेन्हा के संचालक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आंगनबाड़ी या घर में गैस से खाना बनाने तथा गैस का रख रखाव और गैस जलाने के बारे में जानकारी दिया गया। मौके पर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक, शांता मिंज, रजनी देवी, टिंकी देवी, किरण कुमारी, गीता देवी, यशोदा कुमारी, शहनाज बानो, अहिल्या देवी व आंगनबाड़ी सेविकाएं भी थीं।

### धनबाद के प्रांतीय एथलेटिक्स में गुमला के बच्चों ने जीते नौ मेडल



**गुमला।** धनबाद के सिंदरी में 22 से 24 सितंबर तक आयोजित सरस्वती विद्या मंदिर प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लक्ष्य फिजिकल एकेडमी गुमला में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों ने 9 मेडल प्राप्त किया। जिसमें अंजली कुमारी ने 2 गोल्ड एक सिल्वर, अंशु यादव 2 गोल्ड एक सिल्वर, सोनू कुमार एक गोल्ड 2 सिल्वर जीतकर गुमला जिला के साथ स्कूल व एकेडमी का नाम रोशन किया है। लक्ष्य फिजिकल एकेडमी के निदेशक सह कोच नेल्सन भगत ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में देश के लिए इन बच्चों को खेलना है। यहां से जो शुरुआत हुआ है, ये सिलसिला रूकना नहीं चाहिए। मौके पर विज्ञान पन्ना, सैमुअल मिंज, सिक्की उरांव, पम्मी कुमारी, अभिषेक किंडो इत्यादि दर्जनों खिलाड़ी मौजूद थे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी




**सेन्हा-लोहरदगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सरकार के निदेर्शानुसार प्रखंड क्षेत्र के बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा, नंदलाल +2 उवि अरु सहित सभी सरकारी विद्यालयों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभातफेरी के माध्यम से देश के शहीद वीर सपूतों का स्मरण कराया। प्राचार्या रेणु मिश्रा और सीमा नैंसी लकड़ा ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलेगा। मौके पर मेराज आलम, रंजू साहू, चांदनी शाहदेव, बिक्रम कुमार, अनिल उरांव, बेंजामिन मिंज आदि उपस्थित थे।

### करमा जतरा में दिखी झारखंडी संस्कृति



**कैरो।** प्रखंड के टाटी व नरौली में बुधवार को करमा जतरा मना। जिसमें गांव के पहान बालो मुंडा व पुजार महतो ने जतरा टांड़ में जतरा खूंटा की पूजा अर्चना कर जतरा प्रारंभ की। जतरा में खरता, टाटी, चाल्हो, सढ़ाबे सहित अन्य गांवों से खोड़हा दल ने पारंपरिक अंदाज में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद आयोजक समिति ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# राज्य के पहले अत्याधुनिक शूटिंग क्लब का शुभारंभ

- फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री के साथ राज्य के वित मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित कई लोग हुए शामिल
- खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा लोहरदगा शूटिंग क्लब : धीरज साहू
- आधुनिक हथियार गैस फीलिंग की सुविधा
- इलेक्ट्रॉनिक टार्गेट वाला झारखंड का पहला एसी राइफल शूटिंग सेंटर
- करीब पौने दो करोड़ रुपये की लागत से बना शूटिंग रेंज

**खबर मन्त्र संवाददाता**





उद्घाटन के बाद शूटिंग में हाथ आजमातीं और लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं अतिथि सिने तारिका भाग्यश्री।

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार को बीएस कॉलेज परिसर लोहरदगा में शूटिंग क्लब के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन फिल्म एक्ट्रेस भाग्यश्री, स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम में सिने तारिका भाग्यश्री तथा कय रास्ट्रीय और अतंरराष्ट्रीय खिलाडी उपस्थित थे। मौके पर राज्य सभा सांसद सह कल्ब के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला छोटा है परंतु खेल के क्षेत्र में आगे है। इसमें हमारे बड़े भाई स्व शिव प्रसाद, नंदलाल साहू तथा परिवार का अहम योगदान है। श्री साहू ने कहा कि यह रायफल शूटिंग क्लब रास्ट्रीय स्तर का है। खिलाड़ियों के लिए यहां तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। लोहरदगा के खिलाडी भी यहां प्रेक्टिस कर रास्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोहरदगा का नाम रौशन कर सकते हैं। यह अत्याधुनिक तकनीकों से राइफल कल्ब है। लोहरदगा का शूटिंग रेंज झारखंड का पहला ऐसा क्लब है जो पूरी तरह से एसी और इलेक्ट्रानिक टारगेट वाला है लगभग पौने दो करोड़ रुपये की लागत से यह शूटिंग सेन्टर बना है। शूटिंग रेंज में पैवेलियन की ब्यवस्था तथा डेढ़ सो लौंग बैठकर शूटिंग देख सकते हैं।

**खास बातें :** शूटिंग सेंटर में उपयोग में आने वाले उपकरण व सामग्री लगभग 95 लाख की है। साथ ही सेन्टर मे एसी भवन बनाया गया है। सबसे खास बात यह है कि लोहरदगा राइफल शूटिंग देश के चुनिंदा संेटर में जाना जायेगा। 10 मीटर के टारगेट वाला इस शूटिंग सेन्टर के आरंभ होने से रांची समेत क्षेत्र के निशानेबाजों को एक बड़ा मंच मिलेगा। यही नहीं भारतीय राइफल एसोसिएशन और झारखंड राइफल एसोसिएशन से मान्यता मिलने और प्रतियोगिताओं को लिस्टिंग करने के बाद यहां से जारी प्रमाण पत्र देश भर में मान्य होगा। विधायक सह वित्त मंत्री डा रामेश्वर उंराव नेकहा कि खेल के क्षेत्र साहु परिवार का अहम योगदान है। उन्होंने राइफल शूटिंग सेन्टर खुलने पर भुरी भुरी प्रशंसा की। साथ ही हथियार चलाने व गोली का प्रयोग कब कैसे आदि के संबध विस्तार से बताया। एसपी हारिश बिन जमां ने कहा किराइफलसूटिंग खुलने से श्रेत्र के पुलिस लाभ ले सकते हैं। मौके शूटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें आगत अतिथियों ने भाग लिया और लोगों का उत्साह बढ़ाया। इसके पूर्व सिने अभिनेत्री भाग्यश्री का परंपरागत संस्कृति के साथ राज्य सभा सदस्य धीरज प्रसाद साहु व अन्य अतिथियों ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, शूटिंग के अंतराष्ट्रीय जज धीरज प्रसाद, नेशनल शूटर आईसा फलक, विधायक रामचंद्र सिंह चेरो, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, एसपी हारिस बिन जमां, सम्मानित अतिथि उदय साहू, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, उपाध्यक्ष अमर सिन्हा, नेशनल रायफल एसोसिएशन के महासचिव उतम चंद, एफडी इंटरप्राइजेज डॉयरेक्टर हाजी अब्दुल जब्बार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, रोहित उरांव, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# एंबुलेंस नहीं मिलने से बच्चे को जन्म देने के बाद महिला की मौत

- मां की मौत के बाद परिजनों ने बच्चो को अपनाने से किया इंकार, बच्चो का पिता बाहर गया है कमाने
- परिजनों नें कहा कि कौन करेगा बच्चो का पालन, प्रखंड प्रशासन से गोद लेने की अपील की
- गर्भवती को रात में दर्द होने पर परिजन करते रहे लोगों से सहायता की अपील, नहीं मिली मदद
- मामला चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ गांव का

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नवजात को गोद में लिये परिजन।

**चैनपुर।** एम्बुलेंस समय पर नहीं मिलने के कारण चैनपुर प्रखंड में बच्चे को जन्म देने के बाद एक गर्भवती महिला की मौत हो गयी। महिला एंबुलेंस के इंतजार में रात भर कराहती रही परंतु एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाया और बच्चे को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गयी। हालांकि नवजात स्वस्थ है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने नवजात को अपनाने से इंकार कर दिया है। परिजनों ने कहा है कि मां मर गयी व पिता गरीबी से पलायन कर गया है। ऐसे में नवजात को पाल नहीं सकते, प्रशासन बच्चे को गोद ले लें। यह मामला चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ गांव की है।

**खास बातें :** कुरूमगढ़ के लाल उरांव की पत्नी सुमरी देवी (26) की मौत रात एक बजे पुत्र को जन्म देने हो गयी। ससुर बिफे उरांव ने कहा कि उसकी बहू सुमरी देवी गर्भवती थी। रात नौ बजे अचानक उसके पेट में दर्द शुरू हो गया। उनलोगों ने सहिया को सूचना देते हुए एंबुलेंस भेजने की मांग की। पंसस के माध्यम से रात को नर्स भी सूचना देकर एंबुलेंस की मांग की, परंतु रात एक बजे तक एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं हुई और न ही ममता वाहन उपलब्ध हो पाया। जिस कारण गर्भवती का पुत्र को जन्म देने के बाद मौत हो गयी। परिजनों ने कहा कि सुमरी के पेट में दर्द के बाद सूचना सहिया व अन्य लोगों को सूचना दी गयी। परंतु कही से मदद नहीं मिली। जबकि चैनपुर से कुरूमगढ़ की दूरी महज 15 किमी है। मृत सुमरी देवी का पति लाल उरांव गरीबी से छह माह पहले पलायन कर गया था।

# कार्यकर्ताओं ने मंत्री से मिलकर गिनायी क्षेत्र की जन समस्याएं

- जनसमस्या के समाधान के लिए हरसंभव मदद करने का भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंत्री से मिलते कार्यकर्ता।

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग मामले के मंत्री चंपई सोरेन के रांची स्थित आवास में मिलकर प्रखंड क्षेत्र में जनताओं का मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, सड़क और राशन सहित अन्य समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया गया।

वहीं मंत्री चंपई सोरेन ने आश्वासन देते हुए कहा कि जनता की समस्या का समाधान के लिए हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया गया। साथ ही कहा कि जिसे जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंत्री से मिलने वालों में प्रखंड 20 अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम के अलावे रोहित उरांव, केश्वर उरांव, विकास साहू, सचिन उरांव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विद्युत तार की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**भरनो।** प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र के दतिया गांव में विद्युत तार की चपेट में आने से राधेश्वर सिंह (65) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक अपनी खेती की ओर गया था। जहां पहले से 11,000 वोल्ट का विद्युत तार टूटकर गिरा था। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इधर सूचना मिलने पर करंज थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

### गरीबों का राशन हजम करना मानवीय अपराध इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए : राजू गुप्ता



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने कहा है कि गरीबों का राशन हजम करना मानवीय अपराध है, इसका उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इस संबंध में राजू गुप्ता ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर उच्च स्तरीय जांच कर दोषी लोगों के ऊपर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। अखबारों में छपे समाचार और ग्रामीणों के माध्यम से यह सूचना मिल रही है कि लोहरदगा जिला में अधिकांश डीलरों के द्वारा राशन में आधा माह की कटौती कर राशन प्रदान की जा रही है, जबकि अगस्त और सितंबर का एक साथ लाभुकों को जनवितरण प्रणाली के माध्यम से राशन देने की बात विभाग के द्वारा कही जा रही है। राजू गुप्ता ने कहा कि यह एक बड़ा घोटाला है और इसकी उच्च स्तरीय जांच कर अविलंब दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए अन्यथा लाभुक सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

# कांग्रेस का हरेक कार्यकर्ता पार्टी की जान : सुखदेव भगत

- लोहरदगा लोकसभा स्तरीय कांग्रेस पार्टी की बैठक
- 30 अक्टूबर तक बूथ कमेटी बनाने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल लोकसभा प्रभारी व अन्य कांग्रेसी।

**गुमला।** कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा लोकसभा स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को पूर्व जिला अध्यक्ष सह नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सह मुख्य अतिथि श्री सुखदेव भगत शामिल हुए।

बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु चर्चा की गई। साथ ही संगठन की मजबूती व इंडिया गठबंधन दल की मजबूती के साथ ही साथ स्थानीय जन मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस की जान है और उन्हीं के बदौलत पार्टी विधायक और सांसद चुनते हैं।

कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिए बगैर संगठन मजबूत नहीं हो सकता है। मुझे लोहरदगा का संसदीय क्षेत्र का जो जिम्मेवारी मिली है उसे मैं ईमानदारी पूर्वक और दायित्व के साथ निभाऊंगा। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सभी प्रखंडों के सभी क्षेत्रों का दौरा कर कांग्रेस जनों एवं आम जनों से रूबरू होकर वैसे आम जन की समस्याओं का निदान हो इसका प्रयास किया जायेगा।

**खास बातें :** बैठक में प्रभारी सुखदेव भगत ने झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे का वह पत्र जो उन्हें मिला है उसके बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि 30 अक्टूबर तक सभी बुथों का गठन कर लिया जाना अनिवार्य है। साथ ही सभी जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी भी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और वह भी झारखंड के प्रभारी के साथ लोहरदगा संसदीय क्षेत्र का दौरा करेंगे। बैठक में पूर्व विधायक बैरागी उरांव, प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, अकील रहमान, वरिष्ठ कांग्रेसी सह जिला उपाध्यक्ष पतित पावन शाही, संगीता जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष लोहरदगा आलोक साहू, प्रदेश प्रतिनिधि मुरली मनोहर प्रसाद, सुशेना लकड़ा, राजनील तिग्गा, महिला जिलाध्यक्ष अमृता भगत, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजाद अंसारी, एन एस यु आई जिलाध्यक्ष रुपेश कुमार सन्नी, खेल विभाग जिलाध्यक्ष रफी अली, एस सी जिलाध्यक्ष भुनेश्वर राम, भरनो प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव, पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास गुप्ता आदि मौजूद थे।

## एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान की एसडीओ ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** एसडीओ सह नोडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान की अध्यक्षता में अभियान संबंधी बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की। जिसमें अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रानुसार दिये गये निदेशों के अनुपालन संबंधी विस्तृत चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। इसमें कार्यपालक दंडाधिकारियों को प्राप्त अधिकारों के बारे चर्चा हुई। ज्वॉइंट एक्शन प्लान पर चर्चा हुई। भारत स्काउट एवं गाईड के द्वारा उच्च विद्यालयों में बच्चों से संपर्क कर उन्हें नशे के विरूद्ध जागरूक किये जाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, इस संबंध में एक जागरूकता रैली भी भारत स्काउट एवं गाईड द्वारा निकाली जाएगी। सभी विद्यालयो में प्रहरी क्लब गठित करने का निर्णय लिया गया जिसमें विद्यालय के 20-25 छात्र-छात्राएं, दो शिक्षक और अभिभावक जनों को शामिल किये जाने का निर्णय लिया गया।

## अभियान चलाकर गुमला-रांची पुलिस ने चोरी की 15 बाइक और एक कार किया बरामद

- तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया, छापामारी अभियान जारी है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** गुमला व रांची पुलिस ने बुधवार को गुमला थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में संयुक्त छापामारी अभियान चलाकर बाईक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी गये 16 बाईक व एक कार बरामद किया है। बरामद कार में बीजेपी का झंडा लगा हुआ है। पुलिस ने रात 2:00 बजे से छापामारी अभियान शुरू की। कई गांवों में चले छापामारी अभियान में दिन के 10 बजे तक 12 बाइक जब्त हो चुकी थी जबकि और चार बाइक जब्त करने के लिए पुलिस मुरकुंडा के इलाके पर छापामारी कर रही है। हालांकि इस मामले में अभी तक गुमला पुलिस कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। लेकिन इस अभियान में रांची डीएसपी, गुमला थाना प्रभारी सहित पुलिस अवर निरीक्षक शामिल है जो लगातार इस अभियान में लगे हुए हैं। रांची और गुमला से चोरी हुई बाइक को बरामद करने में लगे हुए हैं।

### 4 अक्टूबर को अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत को लेकर समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में जिलाध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में जिला संरक्षक जिला पदाधिकारी जिला महिला पदाधिकारी एवं नगर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत, दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था एवं पूरे जिले के सभी मंदिरों में महाआरती को लेकर खास चर्चा हुई। बैठक के दौरान जिला एवं नगर के पदाधिकारी ने अपनी अपनी बात रखी। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जय श्रीराम समिति 4 अक्टूबर को अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत कर नगर भ्रमण करेगा एवं दुर्गा पूजा में विशेष विधि व्यवस्था तथा महाआरती को लेकर विशेष रणनीति बनी। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, संगीता कुमारी पूर्णिमा वर्मा, ओम महतो, दयाशंकर सिंह थे।

# जंगल-झाड़ी, पहाड़ लांघ पालकोट के कन्हरकोना गांव पहुंचे उपायुक्त

- कन्हरकोना ग्राम में जनसंवाद का आयोजन कर उपायुक्त ने ग्राम वासियों की आवश्यकताओं को सुना
- ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग की, गांव तक जाने के लिए नहीं है पहुंच पथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ग्रामीणों के साथ बैठक करते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बुधवार को पालकोट से लगभग 10 किलो मीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र जिकिरमा पंचायत के कन्हारकोना ग्राम का भ्रमण किया। उक्त क्षेत्र तक पहुंचने के लिए लगभग 3 किलो मीटर की दूरी पैदल तय करते हुए , जंगल-झाड़ी, पहाड़ एवं चट्टानों को पार कर उपायुक्त ने 35 परिवारों वाले कन्हरकोना के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके क्षेत्र में जनसंवाद का आयोजन किया एवं उपायुक्त ने एक एक कर सभी लोगों की आवश्यकताओं को सुना। उपायुक्त द्वारा लगातार अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ऐसे ही सुदूरवर्ती क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है ताकि कठिन क्षेत्रों में भी सरकार की पहुंच स्थापित हो सके एवं ग्रामीणों की समस्याओं को देखकर उन्हें सहायता प्रदान किया जा सके।

**खास बातें :** पूर्व के जन शिकायत निवारण दिवस में कन्हरकोना ग्राम निवासियों ने उपायुक्त के समक्ष आवेदन समर्पित कर पहुंच पथ, पानी एवं बिजली जैसी मुख्य समस्याओं से अवगत करवाया था। जिसे देखने के लिए उपायुक्त ने उक्त ग्राम को अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में चुना। उक्त क्षेत्र में प्रशासनिक गाड़ियों के अलावे बाइक एवं साइकिल तक का भी पहुंच पाना संभव नहीं था। चट्टानों, पहाड़ों एवं जंगल के रास्ते को पार कर उक्त ग्राम में पहुंचने के लिए लगभग 3 किलो मीटर की दूरी पैदल ही तय करनी पड़ी। इस दौरान बीडीओ सह सीओ पालकोट एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहें। जन संवाद के दौरान ग्राम वासियों ने उपायुक्त को पुनः सड़क निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया।

# सद्भावना के साथ त्योहार मनाने पर जोर

- एसपी की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




बैठक में मौजूद अधिकारी।

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां की अध्यक्षता में बुधवार को मिलाद-उन-नबी त्यौहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में हुई। इस बैठक में प्रखंडों के विभिन्न गांवों में कर्मा मेला, जितिया व्रत उपरांत लगनेवाले वाले मेला को लेकर भी चर्चा की गई और निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा निदेश दिया गया कि मिलाद-उन-नबी त्यौहार पर जो भी जुलूस निकाला जाय वह निर्धारित रूट पर ही निकाला जाय। रूट कभी भी डायवर्ट कर दूसरे रूट से नहीं जाना चाहिए। तय समय के अंदर ही जुलूस समाप्त करें।

**खास बातें :** सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना में डीजे संचालकों की एक बैठक बुलाकर उनसे शपथ पत्र लेंगे कि वे किसी भी जुलूस के लिए अपना डीजे उपलब्ध नहीं कराएंगे। जुलूस के दौरान झण्डे की उँचाई अधिक नहीं रहे जिससे बिजली के तारों के संपर्क में आने का खतरा नहीं हो, यह समिति के लोग ध्यान रखेंगे। जो भी साउण्ड सिस्टम इस्तेमाल किया जाय उसमें बजाये जाने वाले कंटेंट किसी सामुदाय की भावना को ठेस पहुंचाने वाला नहीं होना चाहिए। सभी समिति अपने-अपने वॉलेंटियर जुलूस की पहली पंक्ति में तैनात रखेंगे। वॉलेंटियर्स के लिए आई-कार्ड भी जारी करें। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी इसकी मॉनिटरिंग अपने-अपने क्षेत्रों में करेंगे। कोई भी समस्या होने पर समिति अपने थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी व दण्डाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिस रूट से जुलूस को गुजरना है उस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को एक्टिव करा दें। सोशल मीडिया पर सभी ग्रुप एडमिन का नियंत्रण रहे। फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल या अन्य सोशल मीडिया हैण्डल से किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट न किया जाये।

स्पीड न्यूज

## चला वाहन चेकिंग अभियान, तीन दर्जन से अधिक बाइक जब्त




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर बुधवार को इटखोरी थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने थाना गेट के सामने बेरिकेड्स लगाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने 45 बाइक सवारों को बिना हेलमेट, लाइसेंस व वाहन के कागजात के अभाव में पकड़ा। पकड़े गए सभी बाइक सवारों को चालान काटने के लिए डीटीओ कार्यालय भेजा गया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए बिना हेलमेट के बाइक सवारों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों को दरकिनार करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि आगे भी वाहन जांच अभियान जारी रहेगा। ज्ञात हो कि बीते बुधवार को सड़क दुर्घटना में तीन युवक की जान चली गई है, इसके बाद भी लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

## चतरा के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड की राजधानी रांची के खेलगांव उमराव शूटिंग रेंज में आयोजित खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्कूली रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में चतरा के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया है। सीमित संसाधनों के बीच बेहतर प्रशिक्षण के बदौलत जिले की बेटी मन्नत कुमारी ने गोल्ड पर निशाना साधते हुए शूटिंग में जिले के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता है। वही कार्तिकेय कुमार ने बेहतर प्रदर्शन कर आठवां स्थान प्राप्त किया है। मन्नत और कार्तिकेय जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी के पुत्र पुत्री हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर चतरा और कान्हाचट्टी प्रखंड का मान बढ़ाने पर मन्नत को जहां बधाइयां मिल रही है, वहीं कार्तिकेय को निकट भविष्य में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं लोग दे रहे है।

## सीआरपीएफ ने मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का किया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत बुधवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर समवाय अधिकारी सुखबीर सिंह मल्लिक के नेतृत्व में देश के वीर वीरांगनाओं, वीर शहीदों के सम्मान में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार,थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, मुखिया मनोज कुमार साहू उपस्थित रहें।

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की गई। बैठक में सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद द्वारा कुल 6 (छः) नये अल्ट्रासाउण्ड खोलने का प्रस्ताव रखा गया। जिले में संचालित अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन चतरा ने जानकारी दिया कि वर्तमान में जिले के अंदर कुल 13 (तेरह) अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र संचालित है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने सिविल सर्जन चतरा को निर्देशित करते हुए कहा कि गठित टीम के साथ संचालित व बंद पड़े सभी अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र का निरीक्षण कर रिर्पोट तैयार कर उपलब्ध करायें। वहीं बैठक में उन्होने सिविल सर्जन चतरा को निर्देशित किया कि सभी संचालित अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों में सीसीटीवी का अधिष्ठापन करवाना सुनिश्चित किया जाय। वैसे अल्ट्रासाउण्ड केंद्र जहां स्टाप या कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा अल्ट्रासाउण्ड किया जाता है और जिनके नाम से केंद्र पंजीकृत है वह उपस्थित नहीं रहते हैं वैसे केंद्रों को चिन्हित करते हुए औचक निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करें।

### 61 करोड़ की लागत से 23 जर्जर सड़कों का होगा निर्माण, मिली स्वीकृति

# गढ़वा अब पिछड़ा नहीं, विकसित जिला का बनेगा उदाहरण : मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में लगभग 61 करोड़ की लागत से 23 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत करीब 78 किलोमीटर लंबी इन 23 सड़कों के निर्माण कार्य की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। कुल पांच पैकेज में सभी 23 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन पैकेज में लगभग 16 किमी का दो सड़क, 16 किमी का आठ सड़क, 14 किमी का तीन सड़क, 14 किमी का आठ सड़क तथा 18 किमी का दो सड़क का पैकेज शामिल है।

**इन सड़कों का निर्माण :** जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा प्रखंड में दो करोड़ 93 हजार 800 रूपये की लागत से बेलचंपा, तिलदाग पीडब्ल्यूडी रोड मसुरिया कला से बाना शहादत शेख के घर तक 27 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण तथा 10 करोड़ 15 लाख 83 हजार 500 रूपये की लागत से एनएच 343 से तुलबुला होते हुए बानुटीकर तेनवर तक 13 किमी, एक करोड़, दो लाख, 72 हजार, 600 रुपए की लागत से पीएमजीएसवाई रोड झलुआ बड़ी मस्जिद से स्कूल टोला होते हुए रिंग रोड तक 1.25 किमी, एक करोड़, 19 लाख, 26 हजार, 900 रुपए की लागत से छतरपुर रिंग रोड से ईदगाह होते हुए पीडब्ल्यूडी रोड तक 1.48 किमी, चार करोड़, 12 लाख, 80 हजार, 700 रुपए की लागत से एनएच 343 लाली माटी से बगही हंसकेर पॉलिटेक्निक कॉलेज तक 5.07 किमी, 54 लाख, 41 हजार, 900 रुपए की लागत से गढ़वा शाहपुर पेट्रोल पंप हरैया से उमेश सिंह के घर तक 0.7 किमी, एक करोड़, 69 लाख, 53 हजार, 900 रुपए की लागत से झूरा पीडब्ल्यूडी पथ से झूरा बस्ती तक 2.06 किमी, दो करोड़, 28 लाख, 78 हजार, 600 रुपए की लागत से संग्रहे स्टैंड से संग्रहेकला होते हुए पीडब्ल्यूडी रोड तक 2.6 किमी, एक करोड़, पांच लाख, 48, हजार, 500 रुपए की लागत से कोरवाडीह में टेढ़वापार पुल से स्व.हसन अंसारी के घर भाया प्राथमिक विद्यालय टेढ़वा तक 1.23 किमी, एक करोड़, 8 लाख, 19 हजार,100 रुपए की लागत से लापो पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ से मस्जिद होते हुए इमामु शाह के घर तक 1.23 किमी सड़क, रंका प्रखंड में चिनिया पीडब्ल्यूडी रोड नावाडीह से बेलवादामर होते हुए दुावल आरईओ मुख्य पथ तक, खपरो पीएमजीएसवाई रोड से मोमिनपुर होते हुए मतौली डाल्टनगंज पीडब्ल्यूडी रोड तक, रंका रमकंडा पीडब्ल्यूडी पथ से जासोबार ग्राम तक, मेराल प्रखंड में पढुआ पीएमजीएसवाई पथ से उपायाय यादव के घर होते हुए पंचायत भवन तक, चामा दोहड़ा नदी पुल से मस्जिद होते हुए विश्वनाथ पासवान के घर तक, गढ़वा रमना पीडब्ल्यूडी पथ मंडप से नर्सरी तक, पीएमजीएसवाई रोड पानी टंकी से पंचायत भवन होते हुए नवका टोला तक, रंका प्रखंड में एनएच 343 हुरदाग हेमंत पासवान के घर से भुइयां टोला होते हुए बरवाही टोला तक, रंका, चिनियां कदवा पीडब्ल्यूडी पथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाले से डाले ग्राम तक, रमकंडा प्रखंड में कछरवा टोला से दोह तक, चिनिया प्रखंड में हथबझवा से उत्क्रमित मय विद्यालय हेताड़कला होते हुए हेतारखुर्द तक, गढ़वा प्रखंड में गढ़वा मंझिआव पीडब्ल्यूडी पथ से एनएच 75 वाया गुर्दी तक तथा गढ़वा शाहपुर पीडब्ल्यूडी रोड से अचला पंचायत भवन होते हुए एनएच 343 पचपड़वा तक सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इन सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। आज ग्रामीणों की चिर प्रतिक्षित मांग पूरी हो गई है। आने वाले समय में अन्य गावों में जर्जर हो चुकी सड़कों का बेहतर निर्माण कार्य कराया जाएगा। अभी बहुत सारी योजनाएं पाईपलाईन में हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा वासियों के सहयोग से काफी कम समय में अधिक से अधिक गावों को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा चुकी है। शेष बचे गावों के लिए कार्य प्रगति पर है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे कहने में नहीं करने में विश्वास रखते हैं। किसी भी कार्य के लिए वे कोरा आश्वासन नहीं देते बल्कि उसे धरातल पर उतारकर दिखाते हैं। क्षेत्र का विकास जोकरई करने से नहीं निष्ठा पूर्वक प्रयास करने से होता है। विकास विरोधी लोग अपनी फितरत के अनुसार विकास कार्यों का विरोध करते रहें। वे लगातार गढ़वा का विकास करते रहेंगे। जनता को क्या चाहिए, उन्हें किस चीज की आवश्यकता है, गढ़वा के किस क्षेत्र में क्या समस्या है इससे वे भली भांति अवगत हैं। पूरे गढ़वा के लिए वे ब्लू प्रिंट तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों को करा रहे हैं। गढ़वा के विकास के लिए उन्होंने महज चार वर्षों में जितना कर दिया वह विरोधियों की कल्पना से परे है। गढ़वा का पहले सबसे पिछड़ा जिला में गिनती किया जाता था, परंतु अब गढ़वा पिछड़ा नहीं विकसित जिला का उदाहरण बनेगा। यही बात विरोधी खेमे को पच नहीं रही है। हताशा में लोग कहीं भी कुछ भी बोले जा रहे हैं।

# आत्मा को शुद्ध करने का पर्व है पर्युषण महापर्व : सुयश सागर

### व्रतधारियों की प्रेरणा शाखा ने किया सम्मानित, आज शहर में निकलेगी शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री दिंबर जैन समाज के तत्वाधान में चल रहे 10 लक्षण पर्युषण महापर्व के नौवें दिन आकिंचन्य धर्म पर समाज के 24 युवतियों महिलाओं सहित 45 व्रतधारियों का 9 दिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अंगवस्त्रम सुत की माला दुपट्टा पहनाकर सत्कार व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि व्रतधारी हमारे लिए अमोल धरोहर है, इनसे हमें धर्म के बारे में कई चीजें सीखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि धर्म सिर्फ चर्चा में नहीं, चर्या में होना चाहिए। धर्म सिर्फ चित्र में नहीं बल्कि चरित्र में भी साफ दिखना चाहिए। अभ्रक नगरी में ऐतिहासिक पलों पर मंगल सानिध्य देने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों का भी स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि जैन धर्मावलियों का 10 लक्षण महापर्व में 16 वर्ष की बालिका से लेकर 77 वर्ष के बुजुर्ग भी इस उपवास में शामिल हैं। झारखंड बिहार के इस वर्ष झुमरीतिलैया में 24 युवतियां महिलाएं व 20 युवा और बुजुर्ग के अलावा क्षुल्लक सोहमसागर जी महाराज कुल 45 लोगों ने निर्जला व्रत रखा है और भक्ति के सागर में गोता लगा रहे हैं। इधर मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज ने इस सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जैसी संगति होती है, वैसी ही गति हो जाती है।

## मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर डीसी ने की बैठक

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व गतिविधियों के तहत मतदान केंद्रों का समीकरण के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि मतदान केंद्रों के समीकरण के संबंध में आप लोगों का सहयोग अपेक्षित है। विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों के समीकरण से संबंधित सूची प्रदान की गयी है, जिसे अपने स्तर से जांच करने की अपील सभी जनप्रतिनिधियों से की। साथ ही उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर 2023 से 5 जनवरी 2024 तक मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संदीप, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कोडरमा अनिल एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

**कोडरमा।** नगर पंचायत के द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला। जहां नगर प्रशासक शशि शेखर सुमन खुद मौजूद रहकर सदर अस्पताल गेट, मुंशी खाना, एसडीओ कार्यालय गेट, कोडरमा बाजार में अवैध अतिक्रमण को मुक्त कराया गया। इस दौरान जेसीबी के द्वारा कई गुमटी, होटल, फल व सब्जी दुकान जो अवैध अतिक्रमण कर रखे थे, खाली कराया गया। वहीं नगर प्रशासक ने कहा कि जो लोग मुख्य सड़क के किनारे अतिक्रमण कर रखें हैं, उन सभी को आज हटाया जा रहा है, आगे जो भी अवैध अतिक्रमण करेंगे उनके खिलाफ इसी तरह कार्रवाई की जायेगी।

# ग्रामीणों ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को बनाया था बंधक, जांच में पहुंचे डीटीओ



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई पंचायत के ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को बंधक बनाया गया था। बताते चलें कि प्रखंड के मरचोई गांव में डीलरों के द्वारा कम राशन वितरण किया जा रहा था। जिसको लेकर वहां के ग्रामीणों में काफी रोष था। बता दें कि सैकड़ों राशन कार्डधारी के द्वारा मरचोई पंचायत के मुखिया उत्तम सिंह के घर को घेराव किया। कार्डधारी का कहना था कि हमें पूरी तरह से राशन नहीं दिया जा रहा है। जब तक हमें पूरी तरह से राशन नहीं मिलेगा तब तक हमलोग सभी कार्डधारी आपके घर के पास हीं बैठे रहेंगे। मुखिया के द्वारा कार्डधारी को समझाया गया और प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विजय शंकर प्रसाद को दूरभाष के माध्यम से जानकारी दिया गया। वहीं शिकायत मिलने पर खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी खुद जांच पड़ताल किए।

# भाकपा जिला परिषद ने किया धरना प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** भाकपा जिला परिषद के द्वारा सदर अस्पताल के समक्ष बुधवार को धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना के पूर्व कॉलटेक्स चौक से जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने किया। वहीं जुलूस सदर अस्पताल पहुंचकर धरना में तब्दील हो गया। वहीं धरना की अध्यक्षता भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन यादव ने किया। वहीं भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि सदर अस्पताल में सर्जन नहीं है, जिसके कारण मरीजों का ऑपरेशन नहीं होता है और रेफर कर दिया जाता है। एक तरफ राज्यपाल, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी सदर अस्पताल का प्रशंसा करते है, सदर में हाइड्रोसील, अपेंडिक्स, पथरी, हर्निया का भी ऑपरेशन नहीं होता है, कुछ दिव्यांगों को सर्टिफिकेट नहीं मिलता है, ट्रामा सेंटर बंद है इसे चालू करने, ओपीडी बढ़ाने की आवश्यकता है। वहीं भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि एसआरएल व पैथोलॉजी के द्वारा जांच के बाद गलत रिपोर्ट दिया जाता है, साधारण बीमार मरीजों को भी रेफर कर दिया जाता है, गरीबों को इससे दोहन होता है, विवश होकर निजी क्लीनिक में जाते हैं। जो भी डॉक्टर पदस्थापित हैं सारे डॉक्टर अपना निजी क्लीनिक चला रहे हैं। वहीं जिला मंत्री ने मांग किया है निजी क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर के विरुद्ध क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए।

वहीं सोनिया देवी ने कहा सदर अस्पताल में पदस्थापित एएनएम प्रसव के लिए आई महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करती है, जिनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है। पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, महेश प्रसाद सिंह, अर्जुन यादव, रमेश यादव, सच्चिदानंद पांडेय, रामेश्वर यादव, रंजन कुमार रजक, कयूमुद्दीन सीपीएम नेता रमेश प्रजापति, दशरथ पासवान, काली सिंह, कामेश्वर पंडित, राजेंद्र रजक, विनोद पासवान, ब्रह्मदेव दास ने भी संबोधित किया। धरना के पश्चात सीएस डॉ. अनिल कुमार एवं उनके सहायक धरना स्थल पर आकर प्रदर्शनकारियों से मांगों पर एक महीने के अंदर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, तत्पश्चात् धरना समाप्त हुआ। मौके पर सिकंदर कुमार, प्रदीप रजक, राजेश कुमार सिंह, राजदेव दास, रफीक अंसारी, असगर अंसारी, सुखदेव पांडेय, रामकृष्ण शर्मा, हीरामन रजक, सतीश रजक, हरि पासवान, योगेश प्रसाद यादव, ब्रह्मदेव राणा, भुवनेश्वर राणा, तिलक दास, पुरुषोत्तम यादव, बसमतिया देवी, बलवा देवी, रेखा देवी, शांति देवी, फरजाना खातून आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## वित्तरहित शिक्षाकर्मियों का आंदोलन मेरा आंदोलन, मैं करूंगा नेतृत्व, मांगे होगी पूरी : मिथिलेश



मांग पत्र लेकर चर्चा करते मंत्री मिथिलेश



घेराव करते शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखण्ड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की गढ़वा जिला इकाई के नेतृत्व में जिले भर के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बुधवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास का घेराव किया एवं वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त करने सहित अन्य मांगों को पूरा कराने की मांग की। मंत्री ने आंदोलित कर्मियों के टेंट में आकर उनकी मांग पत्र को ग्रहण किया और कहा कि कर्मचारियों की सारी मांगे जायज और आवश्यक हैं। यह आंदोलन अब उनका आंदोलन बन गया। अपने नेतृत्व में वह इसे पूरा कराएंगे।

## मंत्री ने किया सदर अस्पताल में औचक निरीक्षण, अधिकारियों व कर्मियों को लगायी फटकार



मरीज से मिलते मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सदर अस्पताल में अव्यवस्था देखकर मंत्री भड़क उठे, उन्होंने विभाग के कर्मियों एवं अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। उन्होंने सीएस डा.अवधेश सिंह को तत्काल अस्पताल की सारी व्यवस्था दुरुस्त करने, सभी विभागों में चिकित्सकों एवं कर्मियों का ड्यूटी रोस्टर लगाने का निर्देश दिया।

## आईएसएएसएस आर्गेनाइजेशन ने किया एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



वितरण करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा के द्वारा प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में आईएसएएसएस आर्गेनाइजेशन के द्वारा जल गुणवत्ता के बारे में एस को-आर्डिनेटर आनंद मोहन चौबे के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण भाग 2 का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर की अध्यक्षता में की गई।

## पांच को चेतना में होगा भाजपा का संकल्प यात्रा कार्यक्रम



कार्यक्रम की शुरुआत करते भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** आगामी संकल्प यात्रा कार्यक्रम एवं बीएलए 2 को लेकर शहर के उत्सव गार्डन में भारतीय जनता पार्टी गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र की बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत भाजपाईयों ने वंदे मातरम् गीत एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। बैठक में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगामी पांच अक्टूबर को संकल्प यात्रा कार्यक्रम गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के चेतना गढ़वा में आयोजित किया जाएगा।

## पूर्व प्रधान सहायक के निधन पर महाविद्यालय में शोक सभा का आयोजन

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय के सेवा निवृत प्रधान सहायक संतोष कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्राचार्य डॉक्टर दुलार हजाम ने उनकी मृत्यु को महाविद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति बताया। संतोष कुमार सिन्हा के पिता स्वर्गीय शीतल प्रसाद ने महाविद्यालय के लिए सबसे अधिक भूमि दान में दी थी। प्राचार्य ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ महाविद्यालय को अपनी सेवाएं दी। शोक सभा में प्रोफेसर जानकी दांगी, प्रोफेसर श्याम सुंदर प्रसाद, प्रोफेसर सकेंद्र मिस्त्री, प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, डॉक्टर ईभा सिन्हा, डॉक्टर ललित कुमार सिंह, प्रोफेसर पंकज, प्रोफेसर महेंद्र ठाकुर, प्रोफेसर शाहिद अली, प्रोफेसर मधुबाला, प्रोफेसर प्रो लीलू रानी, प्रो कविता सिन्हा, दशरथ राणा सहित सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

# स्पीड न्यूज

## हाथियों के झुंड ने फसलों को किया नुकसान

**बालूमाथ।** बालूमाथ टमटमटोला के समीप पुराना पेट्रोल पंप के सामने गोपाल सिंह के बंद पड़े कंसाइन फैक्ट्री के बाउंड्री व दरवाजा को जंगली हाथियों के झुंड ने मंगलवार की रात्रि को तोड़ दिया। दर्जनों हाथियों को झुंड ने प्रयाग साव, जाका साव समेत कई लोगों के लगभग दो एकड़ में लगे टमाटर एवं मकई की खेती को बर्बाद कर दिया। गोपाल सिंह ने कहा कि मेरा बाउंड्री पिछले दो बार भी जंगली हाथियों को झुंड द्वारा तोड़ा गया था सारा प्रक्रिया कर बन विभाग को आवेदन दिया था। लेकिन वन विभाग आज तक मुआवजा नहीं दिया है और आज पुनः जंगली हाथियों के झुंड ने लगभग एक लाख रुपये का नुकसान बाउण्ड्री ध्वस्त करने से हो गया। उन्होंने लातेहार डीएफओ से मांग करते हुए कहा है कि जंगली हाथी द्वारा किए गए क्षतिपूर्ति का नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर वन विभाग हम लोगों को क्षतिपूर्ति का उचित मुआवजा नहीं देता है तो जितने भी किसान और ग्रामीण है जिनका वन विभाग अभी तक मुआवजा नहीं दिया है वैसे लोग के साथ मिलकर आंदोलन को तेज करेंगे और वन विभाग के खिलाफ सड़क जाम करेंगे।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**चंदवा।** बाल विकास कार्यालय सभागार में बाल विवाह रोक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन चंदवा बीडीओ विजय कुमार, वैदिक सोसाइटी के सचिव चंद्रशेखर सिंह, बचपन बचाओ आंदोलन के रविशंकर, महिला पर्यवेक्षिका आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीडीओ समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिएं एक अभिशाप है। जागरूकता से बाल विवाह को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। वैदिक सोसाइटी के सचिव चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि सोसाइटी बाल विवाह समेत अन्य सामाजिक बुराईयों की रोकथाम के लिए कार्य योजना के अनुरूप कार्य कर रहा है। कार्यशाला का संचालन संस्था के जिला समन्वयक पंकज पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरती कुमारी ने किया। मौके पर गांधी फेलो सत्यम द्विवेदी, रंजीता एक्का, महिला पर्यवेक्षिका ज्योति बाला, रूबी रानी, मीरू झा, पूजा विनायक, सीएसडब्ल्यू सविता देवी, कुणाल कुमार, विद्या रानी, सुषमा वैद्य समेत प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाएं और अन्य मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व करमा

**महुआडांड़।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चम्पा कंवर टोली में सरना समिति महुआडांड के बैनर तले पूरे विधि-विधान व आस्था के साथ प्रकृतिक पर्व करमा हर्षोल्लास के मनाया गया। हर ओर खुशी व उल्लास का वातावरण रहा। सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में बैगा, पाहन, देवार के द्वारा विधिवत रूप से करम गाड़ा गया, एवं विद्यालय के बच्चियों के द्वारा पुजा अर्चना किया गया। अखरा में युवाओं एवं युवतियों का उत्साह देखने लायक था। युवक-युवतियां टोलियों में परिक्रमा कर नाच-गान कर करम का त्योहार मनाया। इस कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष अजय कुमार उरांव, सरना समिति के अध्यक्ष सह जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष छत्रपति बड़ाईक, सच प्रमुख संजय कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक सोहराई मुण्डा, आर्चाय रजिमा कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजू उरांव, सचिव टेमन बढई उपस्थित रहे, कार्यक्रम में सैंकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिए।

## गिरने से आवागमन बाधित

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र के महुआडांड़ लोध जलप्रपात मुख्य सड़क मार्ग पर हामी आंगनबाड़ी केंद्र के सामने विशालकाय बरगद पेड़ के गिर जाने से बुधवार को लगभग 5 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रही। इस दौरान यात्री बसें, सवारी गाड़ियां, समेत छोटे बड़े वाहनों में लोध वॉटरफॉल घूमने आए हुए पर्यटक विशेष रूप से परेशान रहे। वहीं कई पर्यटक बिना लोध वॉटरफॉल घूमे ही वापस लौट गए। यात्री बसों को भी वापस लौटना पड़ा। सड़क पर दो पहिया वाहन भी पार करना मुश्किल हो जाने से प्रखंड मुख्यालय तक आने में दर्जनों गांव के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। वही ग्रामीणों के द्वारा इस बात की सूचना अधिकारियों को दी गई। जिस पर तत्परता दिखाते हुए प्रभारी वनपाल गुरुदयाल सिंह के द्वारा जेसीबी मंगा कर पेड़ को सड़क से किनारे हटाया गया। वही प्रभारी वनपाल गुरु दयाल सिंह की तत्परता से खुश होकर ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया। हालांकि सुबह आठ बजे के समय पेड़ गिरा जिस समय आवागमन बिल्कुल ही कम थी, जिसके कारण किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हुई।

## वज्रपात से बकरियों की मौत



मृत पशु।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के चमातू गांव स्तिथ ओजा टोला में बारिश के दौरान वज्रपात होने से दो दर्जन बकरा और बकरियों की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की देर शाम का है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सभी बकरा बकरिया पास के जंगल में चारा चरने गई थी। इसी दौरान बारिश के साथ जोरदार वज्रपात हुई और उसकी चपेट में सभी आ गये। जिसमें ओजा टोला निवासी नागेश्वर गंझू कि 6, भादे गंझु की 11, महावीर गंझु का पांच तथा ननकू गंझु की दो बकरे बकरियों बताई जा रही है।

## सोंस गांव स्थित रेलवे पुल व नदी से दो युवकों का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

# ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** टोरी-रिचुघुटा के बीच सोंस गांव के समीप रेलवे ब्रिज संख्या 210 धुरधरी के पास से दो आदिवासी युवकों का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। एक युवक का शव धुरधरी पुल से जबकि दूसरे का शव पूल से लगभग 3 किमी दूर ओरगा नदी से बरामद हुआ है। दोनो मृतकों की पहचान लातेहार के तुबेद कैमा गांव निवासी बिजेंद्र उरांव पिता सुरसहाय उरांव व प्रेमचंद टाना भगत पिता इंद्रदेव टाना भगत के रूप में हो रही है। घटना को लेकर ग्रामीणों से मिल रही जानकारी के अनुसार तुबेद गांव से 2 युवक करमा त्योहार के मौके पर मंगलवार की शाम सोंस गांव अपने रिश्तेदार (चचेरी बहन) के घर आ रहे थे, उनके साथ उनका



मृतक प्रेमचंद टाना भगत।



मृतक बिजेंद्र उरांव।

बहनोई गणेश उरांव पिता बुधु उरांव भी उनके साथ थे। भारी बारिश के कारण सोंस ओरगा नदी में आई बाढ़ के कारण बाइक को पूल के पास खड़ा कर तीनो युवक रेलवे ट्रैक होते पूल संख्या 210 को पार कर रहे थे, इसी क्रम में अचानक ट्रेन आ गयी, गणेश किसी प्रकार पूल पर बने आपातकालीन बचने के स्थान पर चला गया, जिससे उसकी जान बच गयी जबकि बिजेंद्र व प्रेमचंद बारिश से बचने के लिए छाता पकड़े होने के भाग नही पाए व दोनो को ट्रेन ने चपेट में ले लिया, ट्रेन के चपेट में आने के बाद बिजेंद्र उरांव युवक का शव पूल पर ही लटक गया जबकि प्रेमचंद का शव पूल से नीचे गिर गया व पानी के तेज बहाव में बहकर पूल से लगभग 3 किमी दूर चला गया। दुर्घटना से बचे गणेश गंझु के द्वारा फोन पर इसकी सूचना परिजनों व रिश्तेदारों को दी गयी, जिसके बाद रात में शव की खोजबीन शुरू की व घटना की सूचना पुलिस को भी, ग्रामीणों द्वारा एक मृतक के शव को रात में बरामद किया गया जबकि दूसरे युवक प्रेमचंद का शव गुरुवार की सुबह नदी में पानी कम होने घटना स्थल से 3 किमी दूर मिला। बुधवार को चंदवा पुलिस दोनो के शव को कब्जे में लेने के साथ अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी।

## छिपादोहर पश्चिमी वन प्रक्षेत्र में कार्यरत ट्रेकर गार्ड की मौत, बेसहारा हुआ परिवार



परिवार को आर्थिक सहयोग करते रेंजर अजय टोप्पो।

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बरवाडीह पश्चिमी रेंज में कार्यरत ट्रेकर गार्ड राजकुमार सिंह 52 की मृत्यु मंगलवार को हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार सिंह लंबे समय से किडनी संबंधित बीमारी से पीड़ित थे और वह बरवाडीह थाना क्षेत्र के खुरा पंचायत अंतर्गत बभंडीह ग्राम के रहने वाले थे। इधर उनकी मौत की सूचना मिलने के बाद पश्चिमी वन प्रक्षेत्र के रेंजर अजय टोप्पो और वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने मृतक कर्मी के आवास पहुंच परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार के आंसू पोछे और हर संभव सहायता का भरोसा भी दिया। रेंजर ने बताया कि राजकुमार सिंह सोमवार को ड्यूटी आया था और तबीयत खराब होने की बात कही थी। उसके बेहतर ईलाज के लिए वन विभाग के द्वारा वाहन भी भेजा गया था। लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। अजय सोनी ने कहा कि इसके लिए वह डीएफओ से भी वार्ता करेंगे। ताकि बेसहारा हो चुके परिवार का जीविकोपार्जन हो सके। इस दौरान रेंजर ने मृतक गार्ड के अंतिम संस्कार के लिए अपनी ओर से दस हजार रूपए का आर्थिक सहयोग किया और आगे भी सहयोग करने की बात कही।

## महिला आरक्षण बिल से महिलाएं राजनीतिक तौर पर भी होंगी सशक्त : नीलम देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

- मोदी जी ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश की महिलाओं के सुनहरे भविष्य को किया सुरक्षित : नीलम देवी



**लातेहार।** महिला आरक्षण बिल लागू कर प्रधानमंत्री मोदी जी ने महिलाओं को सबसे बड़ा सम्मान दिया है। उन्होंने ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश की महिलाओं के सुनहरे भविष्य को सुरक्षित किया है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सह चतरा संसदीय क्षेत्र की भावी प्रत्याशी नीलम देवी ने खबर मंत्र से बातचीत में कही। उन्होंने आगे कहा कि मोदी कैबिनेट में हुए इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। महिला आरक्षण बिल लागू होने से पूरे देश की महिलाओं में हर्ष का माहौल है। नीलम देवी ने प्रधानमंत्री मोदी जी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के लिए न्याय कर रही है। देश में जबसे नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार आई है, महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई बड़े काम किए गए है, और महिलाओं के सम्मान में ऐसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए है। जिसमें उज्ज्वला योजना जैसी अति महत्वाकांक्षी योजनाएं भी शामिल है और अब महिला आरक्षण बिल से लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में से एक तिहाई सीटें अब महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। महिलाएं भी अब लोकसभा और विधानसभा के सदन में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हुंकार भरने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष की महिलाएं सिर्फ घर ही नहीं बल्कि पूरा देश भी चला सकती है।

## एक नजर में

### गोनिया पुल के पास लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे तीन लूटेरों को पुलिस ने पकड़ा, जेल



जानकारी देती पुलिस।

**लातेहार।** बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनिया पुल के पास लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे तीन लूटेरों को पुलिस ने पकड़ा। घटना जिले के बारियातू थाना क्षेत्र की है। एसडीपीओ संतोष मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 26 सितंबर की शाम तकरीबन पांच बजे सूचना मिली कि बारियातू थाना क्षेत्र के गोनिया पुल के पास चार-पांच की संख्या में अपराधियों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना की सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एक टीम गठित कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक कार चालक पुलिस को देख कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ा। तीनों ने पुलिस को बताया कि वे सड़क लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे थे। तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में रवि कुमार नायक, गोविंद राम व राज वर्मा शामिल है। तीनों लोहरदगा थाना क्षेत्र के ढोडाटोली ग्राम का निवासी है। अपराधियों के पास से पुलिस ने एक पिस्तौल, पांच राउंड गोली, तीन मोबाइल व एक कार (डब्ल्यूबी 74 वी- 8771) बरामद किया है। इस संबंध में बारियातू थाना में कांड संख्या 65-23 दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुअनि बिंदेश्वर महतो व रवि कुमार, सअनि धर्मेश प्रसाद लिंबू, आरक्षी सुशील कुमार तिवारी, शंकर तियू व चंद्र प्रकाश पाठक शामिल थे।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर की बैठक



**बारियातू।** गोनिया एनएच बस स्टेंड स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाने एवं सफल संचालन को लेकर समाज सेवी कामेश्वर भोक्ता के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्रदालुओं ने हर वर्ष की भाति धुमधाम व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। वहीं पूजा को सफल संचालन के लिए कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विनय कुमार साहु, सचिव विजय साव, कोषाध्यक्ष राजु विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, संरक्षक सिताराम गंझु को चुना गया। जबकि ग्यारह लोगों को निगरानी समिति सदस्य के रूप में चुने गए। मौके पर शंभु प्रसाद, विक्रम, पिंटु, अरूण, गणेश, भरत, प्रदीप, तुलसी, पिंटु, मोतीलाल, यमुना भोक्ता सहित कई श्रद्धालुओं व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हाईवा ऑनर एसोशिएशन का अनिश्चितकालीन चक्का जाम



मौके पर उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** लातेहार हाईवा ऑनर एसोसियेशन के नेतृत्व में बुधवार को बालूमाथ हाई स्कूल के समीप स्थानीय हाइवा मालिकों ने ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कर रहे कंपनियों के मनमानी एवं तानाशाही रवैया से तंग आकर बुधवार को अनिश्चित कालीन बंदी का आह्वाहन किया है। हाईवा ऑनर एसोसिएशन के मो शाहनवाज ने कहा कि पिछले कुछ दिन पूर्व तुबेद कोल माइंस से कार्य कर रहे डीवीसी कंपनी से स्थानीय हाईवे को प्राथमिकता देने की मांग की गई थी व नहीं माने जाने पर अनिश्चितकालीन चक्का जाम का आह्वान किया गया था इसी के आलोक में यह जाम किया गया। हाईवा ओनर संघ का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नही की जाती है तब तक चक्का जाम रहेगा वही ऑनर एसोसिएशन ने परिवहन कार्य में स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता दी जाए ।बाहरी वाहनों से तुबेद कोलवरी को मुक्त किया जाए। उचित भाड़ा दिया जाए एवं हर वर्ष 20% महंगाई को देखते हुए भाड़ा में बढ़ोतरी की जाए। भाड़ा समय से भुगतान किया जाए। तुबेद कोलवरी से कुशमाही साइडिंग तक पडने वाले आबादी क्षेत्र में नियमित पानी छिड़काव किया जाये एवं स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाय जैसे मुख्य मांगे शामिल है।

### रक्सी में करमा परब के उपलक्ष में लगा जतरा मेला



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी मोहडर स्कूल स्थित मैदान में बुधवार को करमा परब के उपलक्ष में जतरा मेला का आयोजन किया गया। जतरा मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो नेता सह जमीरा ग्राम प्रधान सितमोहन मुंडा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि जतरा झारखंड की सांस्कृतिक विरासत से हमे रु-ब-रु कराती है। जिसमे नई पीढ़ी के युवाओं को काफी कुछ सिखने को मिलता है। इसके पूर्व अतिथियों का आयोजन समिति के लोगों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज में स्वागत किया गया, तत्पश्चात उन्हें बैच लगाकर सम्मानित किया गया। चतरा में जमीरा, माल्हन, चकला समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर कुशेश्वर यादव, ब्रह्मदेव प्रजापति, अजित लाल, सुनील मुंडा, मनीजर उरांव, संतोष प्रजापति, रिमन उरांव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अंचलाधिकारी ने की वनाधिकार समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक

### सामुदायिक दावा वाली जमीनों पर शहीद पोटो हो खेल मैदान का होगा निर्माण: सीओ

- जलाशय व चारागाह जैसी योजनाएं भी होंगी क्रियान्वित

खबर मन्त्र संवाददाता



वनाधिकार समिति के साथ बैठक करते सीओ।

**बरवाडीह।** बुधवार को अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने प्रखंड के विभिन्न गांव से आए वनाधिकार समिति के अध्यक्ष और सचिवों के साथ बैठक की और उसमें सामुदायिक दावा और व्यक्तिगत दावा के संबंध में व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया। वनाधिकारी समिति को यह जवाबदेही दी गई की वैसे सामुदायिक दावा जिस पर वर्षों से गांव के समुदाय का कब्जा है। उक्त जमीनों पर पोटो हो खेल मैदान का निर्माण वनाधिकार समिति की देख-देख में ही किया जाएगा और वनाधिकार समिति को ही यह जवाबदेही दी जाएगी कि वे मनरेगा कर्मियों के साथ तालमेल बिठाते हुए सामुदायिक दावा स्थल पर एक महीने के अंदर वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान का निर्माण कर लेंगे। बैठक में प्रत्येक गांव में इस कार्य को करने का फैसला लिया गया। अंचलाधिकारी ने आगे बताया कि झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान उपलब्ध हो जाएगा। वनाधिकारी समिति के द्वारा सामुदायिक दावा को खेल मैदान के रूप में लेने के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराएंगे ताकि यथाशीघ्र उक्त सामुदायिक दावा के स्थल पर वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान को स्वीकृत किया जा सके। इसके अतिरिक्त सामुदायिक दावा के रूप में चिन्हित स्थल पर जलाशय, चारागाह के रूप में भी दावा किस तरह से किया जाए इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में अंचल निरीक्षक रमेश कुमार और वरीय राजस्व उप निरीक्षक सुरेश राम सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## झोलाछाप डॉक्टर ने ली जान, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सिर्फ कागजों पर

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षो से झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय है। झोलाछाप डॉक्टरों की वजह लोग उचित इलाज नहीं करा पाते है, और समय से पहले ही दम तोड देते है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी इसे लेकर गंभीर नहीं है, जिस कारण आए दिन अपरिहार्य घटनाएं होती रहती हैं। ताजा मामला बरवाडीह प्रखण्ड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुंगरू पंचायत के नावाडीह ग्राम से आया हैं। जहा नीम हकीम, खतरे जान वाली कहावत को एक झोलाछाप डॉक्टर ने सच कर दिखाया है। यहां झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन के कारण स्थानीय निवासी पचपन वर्षीय राम प्रसाद सिंह पिता सुकट सिंह ने मंगलवार को तड़प- तड़प कर अपनी जान गंवा दी।मिली जानकारी के अनुसार झोलाछाप डॉक्टर मणितोश विश्वास उर्फ बंगाली पिछले दस वर्षो से चुंगरू पंचायत क्षेत्र में सक्रिय है, और वह घर-घर घूमकर इलाज के नाम पर लोगों से पैसे लूटता आ रहा है। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक रामप्रसाद सिंह को लूज मोशन हो गया था। जिसपर झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा उन्हें एक ग्राम एंटीबैटिक इंजेक्शन दे दिया गया। इंजेक्शन पड़ते ही रामप्रसाद की हालत काफी गंभीर हो गई और उन्होंने आधे घंटे के अंदर ही तड़प-तड़प कर अपनी जान दे दी। हालांकि, झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा स्थानीय स्तर पर इस मामले को मैनेज करने का तमाम प्रयास किया जाता रहा। लेकिन मामले की जानकारी मीडियाकर्मियों को होने बाद वह गांव छोड़कर कहीं फरार हो गया हैं। लोगों ने बताया कि लगभग दस वर्ष पहले वह डॉक्टर गांव आया था तबसे यही डेरा डालकर रह रहा है, और प्रतिदिन ग्रामीण इलाकों का भ्रमण करते हुए लोगों को दवा और इंजेक्शन देने का काम करता आ रहा है।

## पीपल पेड़ दुगार्पूजा समिति का हुआ गठन, राकेश अग्रवाल बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** दुगार्पूजा के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार की देर शाम बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित पीपल पेड़ दुर्गा मंडप पूजा समिति के सदस्यों की बैठक आहूत की गई। बैठक में पिछले वर्ष आयोजन में हुए आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। वहीं पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में राकेश अग्रवाल का चयन किया गया। यहां बता दे कि राकेश अग्रवाल पिछले कई वर्षो से दुगार्पूजा के सफल आयोजन में पूरे तन मन धन से अपनी भागीदारी निभाते आ रहे हैं। जिसे लेकर बैठक में उपस्थित समिति के लोगों ने उन्हें एक बार फिर अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी नवाजा है। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में मोहित कुमार उर्फ मिठू, सचिव शैलेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष मुकेश कु.अग्रवाल, सह उपाध्यक्ष अवनीश कुमार, सह कोषाध्यक्ष रवि माली और उत्तम कुमार, सह सचिव अंकित वर्मा, अमित कुमार अग्रवाल, पूजा प्रभारी राकेश रंजन अग्रवाल, सह पूजा प्रभारी राहुल अग्रवाल, जगनारायण माली, लेखपाल वीरेंद्र ठाकुर और राजकुमार जायसवाल चंदा प्रभारी विशाल अग्रवाल उर्फ पीकू, विसर्जन प्रभारी गौतम कुमार और सत्ते कुमार, पंडाल प्रभारी पुटुन सिंह और अभय नाथ संरक्षक महेंद्र सिंह विष्णु लाल सहाय जगदंबा प्रसाद और दीपक राज सक्रिय सदस्य हर्ष अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, शिवम सहाय, गोलू, आकाश सोनी, प्रेम सोनी, शिवा और गोरे सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है। अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से दुगार्पूजा का आयोजन किया जायेगा।

## मनिका प्रखंड के कार्डधारियों ने डीलर के द्वारा एक महीने का राशन गबन करने के विरोध में बीडीओ का किया घेराव

# बकाया राशन मुहैया करायें वरना होगी कार्रवाई : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में लगातार जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा गरीब जरूरतमंद कार्डधारियों का अवैध तरीके से राशन की कटौती की धांधली सामने आ रहा है जिससे परेशान क्षेत्र के विभिन्न गांव के आक्रोशित कार्डधारियों ने सैकड़ो की संख्या में दिन बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो का घेराव कर जमकर हंगामा किया। वहीं कोपे पंचायत स्थित बसंती स्वयं सहायता समूह जेरूआ और सिंजों पंचायत स्थित मिलन स्वयं सहायता समूह बांड़ी एवं पल्हेया रोड स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के ऊपर सितंबर महीने का राशन गबन करने का आरोप लगाते हुए कार्डधारियों ने बताया कि डीलर ने उन्हें अगस्त महीने का राशन देकर कार्ड में अगस्त और सितंबर का भी आवंटन चढ़ाया है पहले तो हम लोगों के राशन से दो से तीन किलो प्रति कार्ड कटौती की जा रही थी लेकिन अब सीधा एक महीने का राशन गबन किया जा रहा है। कार्डधारियों ने कहा कि हमें सितंबर महीना का राशन नहीं मिला है फिर कार्ड में क्यों चढ़ाया जब इस विषय में पूछते हैं तो डीलर हमें राशन नहीं देने की धमकी देते हैं। मौके पर उपस्थित संगीता देवी, अनीता देवी, किरण देवी, सुकनी देवी, भरत भुइयां, गीता देवी, अकबर अंसारी, मीना देवी, उर्मिला देवी, शनिचरिया देवी समेत अन्यों ने बीडीओ कार्यालय में जमकर हंगामा किया और बकाया राशन मुहैया करवाने का गुहार लगाते हुए दोषी डीलर पर कार्रवाई की मांग किया।



कार्डधारियों से बात करते बीडीओ व बीस सूत्री अध्यक्ष।

### राशन जल्द कराएं मुहैया : बीडीओ वीरेंद्र किंडो

वहीं मामले को बिगड़ता देख बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने बसंती स्वयं सहायता समूह जेरुआ के संचालक को अपने कार्यालय बुलाया और कहा कि सभी कार्डधारियों को जल्द से जल्द बकाया राशन मुहैया कराएं वरना आपके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिस पर डीलर ने एक से दो दिन के अंदर सितंबर महीने का सभी को राशन मुहैया करवाने के लिए स्वीकार किया।

### एक महीने का आवंटन करवाया गया है उपलब्ध: विश्वनाथ

बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा कि सभी डीलरों को एक महीने का पहले ही आवंटन उपलब्ध करवाई गई थी जो भी डीलर कार्डधारियों का राशन गबन करेंगे उन्हें किसी भी सूरत पर बक्सा नहीं जाएगा उनके विरोध कार्रवाई होगी।

## राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन दल ने चेटर पंचायत सचिवालय में की पीएम आवास की समीक्षा

- लाभुकों से ली आवास की प्रगति की जानकारी, 10 अक्टूबर तक हर हाल में आवास को पूर्ण करने का दिया निर्देश



समीक्षा करती टीम।

**चंदवा।** राज्य सरकार के संयुक्त सचिव के निर्देश के आलोक में लातेहार भ्रमण पर पहुंची राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन दल बुधवार को चंदवा पहुंची, जहां प्रखंड के चेटर पंचायत सचिवालय प्रांगण में आयोजित आवास दिवस कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चल रहे ना रहे कोई आवास अधूरा, चलो करें आवास पूरा कार्यक्रम की जानकारी ली व लाभुकों से एक-एक कर आवास की प्रगति जानी साथ ही आवास को ससमय करने की बात कही। निरीक्षण के क्रम में टीम में शामिल अनुपम भारती (उपनिदेशक कृषि, उद्यान, मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग), मनोज कुमार प्रशाखा पदाधिकारी ग्रमीण विकास विभाग व प्रेम शंकर गुप्ता सहायक अभियंता मनरेगा ने बीडीओ विजय कुमार, पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक कुश ध्वज कुमार व स्वयं सेवकों को 10 अक्टूबर तक अधूरे पड़े आवास को हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान टीम ने अधिकारियों एवं लाभुकों से मिली जानकारी के अनुसार रिपोर्ट भी तैयार किया। मौके पर पीएम आवास के जिला समन्वयक शिव कुमार यादव, स्वयं सेवक राहुल कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण व लाभुक मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## शिक्षकों के लिए रांची से आई टेक्निकल टीम

**गोड्डा ।** गोड्डा जिले के शिक्षकों की मांगों पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए ई विद्या वाहिनी एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने में परेशानी को लेकर गोड्डा जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों का निरीक्षण कर रांची से आए टेक्निकल टीम के द्वारा दी गई जानकारी। शिक्षकों के मुताबिक उपस्थिति में उनकी जगह की जानकारी का लोकेशन गलत बताया जाता था। जिससे उनकी अनुपस्थिति दर्ज हो जाती थी और उनके वेतन में कटौती कर दी जाती थी । इस मामले को लेकर शिक्षकों ने समाहरणालय परिसर में भी हंगामा किया था । उपायुक्त से शिष्ट मंडल के मिलने पर उपायुक्त ने इसकी जांच के लिए ई टेक्निकल जांच के लिए तकनीशियन को आकार जांच करने की बात की थी।

## हत्या का फरार अपराधी गिरफ्तार, गया जेल

दुमका। हत्या के एक मामले में मुफस्सिल थाना पुलिस एक अन्य फरार आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी नगर थाना क्षेत्र के डंगालपाड़ा निवासी पंचानंद यादव उर्फ पांचू यादव उर्फ कृष्णा यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। जानकारी के अनुसार बीते 18 अक्टूबर 2021 को कांड संख्या 204/21 के तहत युवती के हत्या के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजी है। यहाँ बता दें कि थाना क्षेत्र के बेदिया नदी के समीप युवती का शव पुलिस बरामद की थी। पुलिस सामूहिक दुष्कर्म की आशंका व हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई थी। मामले में संलिप्त कई आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। घटना के बाद से फरार पांचू यादव को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## कुलपति ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने बुधवार को विश्वविद्यालय कैंपस में स्थित एकेडमिक ब्लॉक के परीक्षा केंद्र का औचक करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सभी विभागों के लगभग सभी शिक्षक परीक्षा ड्यूटी करते नजर आये। कुलपति ने निरीक्षण के बाद केन्द्राधीक्षक को कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया।

## महिला दारोगा समेत 4 पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में पुलिसकर्मियों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। चार पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। इनपर अवैध वसूली का आरोप लगाया गया था। वहीं पांचवा आरोपी होमगार्ड का जवान फरार है। यह मामला बेऊर थाना का है। बताया जाता है कि रात्रि गश्ती के दौरान सभी पर 30 हजार रुपये की अवैध वसूली करने और फर्जी केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा है।

## अभ्रक लदा ट्रक जब्त

**नवादा।** अवैध उत्खनन कर अभ्रक तस्करी का गढ़ बना नवादा जिले के रजौली थानाक्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत के सपही मैं बुधवार को झारखंड पुलिस तथा नवादा जिले के वन विभाग के अधिकारियों ने लाखों रुपए मूल्य का अभ्रक लदा वाहन जप्त कर लिया है। अपराधियों तथा तस्करों द्वारा इन इलाकों में बड़े पैमाने पर खनन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से अवैध उत्खनन कर महीने में करोड़ों रुपए मूल्य के अभ्रक की तस्करी की जा रही है। अबरक लदा एक शक्तिमान ट्रक को जप्त किया गया है।

## बिजली करंट से मवेशी पालक की मौत

**सहरसा।** जिले के बलवाहाट ओपी के सरोजा पंचायत के मोहनिया गांव में बुधवार को बिजली तार की चपेट में आने से रंजन यादव की मौत हो गई। मृतक दरवाजे पर ही भैंस को पानी से नहा रहा था। इस दौरान भैस भड़क गई। जिसके धक्के से मृतक बिजली के अर्थिंग तार के संपर्क में आ जाने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन ने जख्मी को इलाज के लिये सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बलवाहाट पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## मुख्यमंत्री ने बांका में मॉडल अस्पताल का किया उद्घाटन, कहा

# हिंदी का अधिक से अधिक हो प्रयोग

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बांका सदर अस्पताल परिसर में 13 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित मॉडल अस्पताल भवन का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने मॉडल अस्पताल भवन का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं, चिकित्सकों के आवासन, निःशुल्क दवा वितरण आदि के संबंध में जानकारी ली। सदर अस्पताल बांका के परिसर में स्थित ओपीडी आयुष ब्लॉक का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। आयुष ब्लॉक में मरीजों के लिए उपलब्ध निःशुल्क दवाएं एवं मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं आदि के संबंध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सहायता केंद्र पर स्वास्थ्य मित्र के रूप में सेवारत जीविका दीदियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने जीर्णोद्धार कराए गए इंडोर स्टेडियम, बांका का भी निरीक्षण किया। साथ ही यहां प्रैक्टिस कर रहे बैंडमिंटन खिलाड़ियों से बातचीत की। खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह हमलोगों के लिए काफी उपयोगी और सुविधाजनक है। हम सभी आपका स्वागत करते हैं और इसके लिए आपके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से कहा कि पढ़ना काफी आवश्यक है लेकिन इसके साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास ठीक ढंग से होता है। आप सब मन लगाकर पढिए, खेलिए और आगे बढिए। इस दौरान स्थानीय महिला कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने आरएमके हाई स्कूल, बांका परिसर स्थित डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से वार्ता कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हिंदी काफी महत्वपूर्ण भाषा है। हमारी इच्छा है और हम बराबर कहते भी रहते हैं कि हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें। सरकारी भवनों पर अंग्रेजी की जगह हिंदी भाषा ही अंकित कराएं। अंग्रेजी भाषा भी आवश्यक है लेकिन हमारी सरकारी भाषा हिंदी और उर्दू है। मुख्यमंत्री ने जीविका बांका द्वारा संचालित गतिविधियों से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 226 दीदियों के व्यवसाय के लिए 83 लाख 65 हजार रुपये का चेक एवं 2706 जीविका महिला स्वयं सहायता समूहों को 81 करोड़ 64 लाख रुपये का चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया । बांका जिला में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री ने जमुई जिले के सोनो प्रखंड स्थित बरनार नदी पर निर्मित क्षतिग्रस्त कॉजवे का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जमुई जिला के सोनो प्रखंड स्थित बरनार नदी पर निर्मित सोनो-चुरत पुल बीते दिनों तेज बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्थल पर उपस्थित पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को निर्देश दिया कि छठ पर्व के पूर्व बेली ब्रिज बनाकर इसे चालू कर दिया जाय। इसके साथ जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर नये पुल के निर्माण का कार्य शुरू किया जाय।

## गया मे पितृपक्ष मेला आज से, तैयारी पूरी



एजेंसी

**गया।** पितरों को मोक्ष देने वाली भूमि गया में 28 सितम्बर यानी गुरुवार से पितृपक्ष मेला शुरू होगा, जो आगामी 14 अक्टूबर तक चलेगा। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन ने आने वाले पिंडदानियों के लिए आकर्षक, सुंदर और मनमोहक टेंट सिटी का निर्माण कराया है। टेंट सिटी में आवासन, चिकित्सा, लॉकर, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाएं मुफ्त मिलेंगी। सिर्फ शुद्ध और स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन अल्प शुल्क में मिलेंगे। जिला प्रशासन के मुताबिक एक साथ 25 सौ पिंडदानियों के ठहरने की व्यवस्था टेंट सिटी में हुई है। टेंट सिटी में कोई पिंडदानी आकर विश्राम कर सकते हैं। उनके लिए यहां उत्तम व्यवस्था की गई है।कई बार देखा गया है कि होटल व धर्मशाला में पिंडदानियों को जगह नहीं मिलने के कारण सड़क पर सो जाते थे लेकिन टेंट सिटी बनने के बाद ऐसा नहीं होगा। यहां पर्याप्त बेड की व्यवस्था की गई है। इससे पिंडदानी सड़क किनारे विश्राम नहीं करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी तीर्थ यात्रियों से अपील किया है कि गांधी मैदान में आवासन के लिए बनाए गए टेंट सिटी का उपयोग अवश्य करें।

### मिलेंगी ये सुविधाएं

- आवासन की व्यवस्था।
- समान रखने के लिए लॉकर की व्यवस्था।
- मे आइ हेल्प यू काउंटर की व्यवस्था।
- सुरक्षा के लिए पर्याप्त सिक्योरिटी गार्ड एवं सीसीटीवी।
- शुद्ध पेयजल की व्यवस्था।
- चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था।
- टेंट सिटी में यात्रियों के गंगाजल।
- डीलक्स शौचालय की व्यवस्था।

## लोजपा नेता अनवर खान की गया में गोली मार का हत्या

एजेंसी



**पटना/गया।** बिहार में गया जिले के आमस थाना अंतर्गत गम्हरईयआ गांव के पास लोजपा पारस गुट के नेता अनवर खान की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक गया में दिनदहाड़े लोजपा नेता अनवर खान को गोली मार दी गयी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बदमाशों ने लोजपा नेता के शरीर पर छह गोलियां दागी हैं। इस घटना के बाद नाराज स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया है। अनवर लोजपा पारस गुट के नेता थे। ये गुरुआ विधानसभा से चुनाव लड़ चुके थे। अनवर खान लोक जनशक्ति पार्टी पारस गुट के नेता थे। वह गुरुआ विधानसभा से चुनाव लड़ चुके थे। फिलहाल घटना स्थल पर पुलिस पहुंच गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना की पुष्टि आमस थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने की है। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने गम्हरिया गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया है। जाम स्थल पर आमस थाना की पुलिस पहुंची है।

## सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में 12 दोषियों को दो साल की सजा

**दुमका।** सरकारी काम में बाधा पहुंचाने से संबंधित मामले में एक अदालत ने दोष सिद्ध 12 आरोपियों को पांच-पांच हजार रुपए जुमार्ना अदा करने के साथ दो-दो साल के कारावास की सजा सुनायी है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत में बुधवार को रामगढ़ थाना कांड संख्या 106/2014 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। अभियोजन की ओर से न्यायालय में पांच गवाह पेश किये गये और प्रतिपरीक्षण कराया गया। सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के दहीचूंआ गांव के रहने वाले 12 नामजद आरोपियों को सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न के मामले में दोषी पाकर भादवि की धारा 353 के दो-दो साल के कारावास और पांच-पांच हजार रुपए जुमार्ना अदा करने की सजा सुनायी। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर सभी दोषियों को तीन महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। दोष सिद्ध आरोपियों में दया नंद राय, भोलेनाथ राय, श्याम देव राय, शरत चंद्र मंडल, शम्भू नाथ राय, अजीत कुमार मंडल, श्रीप्रकाश राय, कामदेव राय, जगदीश राय, सीता देवी, गुड़िया देवी और रुबी देवी शामिल है।

## सेब की पेटियों से 50 लाख की शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

सिवान । उत्पाद विभाग की पुलिस ने शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। जिसकी कीमत 50 लाख रुपये आंकी जा रही है। तस्कर ट्रक में सेब की पेटियों में भरकर शराब ले जा रहे थे। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब की तस्करी लगातार हो रही है। ताजा मामला सिवान के गुठनी थाना क्षेत्र का है। जहां पुलिस ने मुस्तैदी के साथ सेब के पेटियों में शराब से लदे एक ट्रक को जब्त किया है। बाजार में इसकी कीमत 50 लाख आंकी जा रही है। वहीं दो घंटे के बाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र से एक बोलेरो गाड़ी से शराब बरामद की गई। पुलिस ट्रक चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

## ग्रामीणों की शिकायत पर प्रधानाध्यापक निलंबित



**पाकुड़।** सांप्रदायिक सौहादर्य को अव्यवस्थित करने के आरोप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गगनपहाड़ी के प्रभारी प्रधान शिक्षक सुकुमार सिंह को उपायुक्त के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक मुकूल राज ने बताया कि गगनपहाड़ी के ग्रामीणों ने दिनांक 15 अगस्त को प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा किए गए राष्ट्रीय ध्वज के वितरण करने के दौरान अन्य चित्र भी जबरन वितरण किया जा रहे थे। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपायुक्त से की थी। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों के बीच किए गए राष्ट्रीय ध्वज के अलावा अन्य चित्र भी अंकित है। शिकायत के आलोक में संयुक्त जांच क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी महेशपुर एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पाकुड़ से कराया गया। जांच पदाधिकारी ने ग्रामीणों के आरोप को प्रथम दृष्टया में सत्य पाया है। जिसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय गगनपहाड़ी के प्रभारी प्रधानाध्यापक को दोषी मानते हुए विभागीय कार्यवाही के अधीन रखते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित अवधि में श्री सिंह का मुख्यालय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, हिरणपुर कार्यालय निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा।

## कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाई गई जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मंत्री आलमगीर आलम पहुंचे गोड्डा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज झारखंड राज्य सरकार के मंत्री कांग्रेस नेता आलमगीर आलम अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गोड्डा पहुंचे और जनसुनवाई अभियान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गोड्डा क्षेत्र की जनता की समस्याएं को सुनकर उनका आवेदन भी लिया । जन समस्याओं के समाधान हेतु उन्होंने बताया कि करीब अभी तक 90 जन समस्याएं आई हैं जिनपर हमलोग डीसी से बात कर इन समस्याओं का निदान करेंगे। जनता की समस्याओं को सुनने हम खुद उनके पास आए हैं । सड़क, शिक्षा स्वास्थ्य, चिकित्सा, कृषि से संबंधित पटवन की समस्याओं को सुलझाया जा सकेगा पेंशन आदि जो भी समस्याएं हैं उनको हम इस अभियान से जोड़कर देखते हैं। उनके साथ महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित थी इनके साथ पार्टी कार्यकताओं पार्टी पदाधिकारियों की अच्छी खासी भीड़ थी । लेकिन आज के इस कार्यक्रम में पोडैया हाट विधायक कांग्रेस के दिग्गज नेता की अनुपस्थिति से जो जोश और उत्साह नजर आती थी वो आज के कार्यक्रम में नही दिखाई पड़ी । कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोड्डा भी उपस्थित थे । सोनी सिंह कार्यालय सचिव और जिला कांग्रेस प्रवक्ता मु०तारिक अनवर, आदि अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे ।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल का निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा- निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर के द्वारा सदर अस्पताल, गोड्डा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा ओपीडी काउंटर, नवनिर्मित ब्लड बैंक, डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर, ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर, प्रसूति वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, डायलिसिस सेंटर आदि का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान महोदय के द्वारा सदर अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की गई। साथ ही साथ ऑनलाइन अटेंडेंस में आ रहे असुविधाओं को लेकर जिला सूचना पदाधिकारी, गोड्डा से विचार विमर्श कर निरंतर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपायुक्त के द्वारा अस्पताल में रोगियों के आवश्यकता के अनुसार सुविधा बहाल करने तथा प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश हॉस्पिटल मैनेजर को दिए गए । निरीक्षण के दौरान उन्होंने नए एवं पुराने बिल्डिंग परिसर के ईद-गिर्द साफ-सफाई व आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के समुचित प्रबंध कराने की निर्देश दिए। उपायुक्त के द्वारा सदर अस्पताल स्थित भवन में आक्सीजन सपोर्टेड बेड की उपलब्धता, आईसीयू वार्ड, का निरीक्षण कर संक्रमित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए । अस्पताल परिसर के मुआयना के दौरान उपायुक्त ने नवनिर्मित भवन मे साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य द्वार से अस्पताल परिसर के ईद-गिर्द प्रतिदिन नगर परिषद् के द्वारा साफ सफाई कराने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को हर संभव चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने की मुकम्मल व्यवस्था की जाए। सदर अस्पताल को सुविधायुक्त अस्पताल के रूप मे विकसित करने की दिशा में आवश्यक प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित करने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान महोदय के द्वारा पोस्टमार्टम हाउस में उपलब्ध संसाधनों का जायजा लेते हुए स्टोर रूम, शौचालय के साफ-सफाई के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। सिविल सर्जन गोड्डा के द्वारा बताया कि उपायुक्त के द्वारा दिए गए दिशा-निदेर्शों का अनुपालन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान रोगियों से मुलाकात कर चिकित्सीय व्यवस्था में आ रही उनके परेशानियों को यथाशीघ्र हल करने के निर्देश दिए गए।

## रक्तदान शिविर में आम जन सहित पत्रकार व स्वास्थ्य कर्मियों ने किया ब्लड डोनेट




**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित फतेहपुर सीएचसी में बुधवार को आयुष्मान भवन कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का उद्घाटन सीएचसी प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. खालिद अहमद ने रक्तदान कर किया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद जिले के सिविल सर्जन डॉ मंटू टेकरीवाल ने रक्तदान कर रहे सभी रक्तदाताओं का अभिनंदन किया साथ ही लोगों से बढ़-चढ़कर रक्तदान में भाग लेने की अपील की। रक्तदान करने वालों में स्थानीय पत्रकार व स्वास्थ्य कर्मी सहित आम जनों ने भारी उत्साह के साथ रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान महादान कहा जाता है। और किसी भी व्यक्ति को इसे करने में संकोच नहीं करना चाहिए। वही मंटू टेकरीवाल ने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र के दूसरे पंचायत में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी रक्तदान करना चाहते हैं वह क्षेत्र में लगने वाले शिविर में पहुंचकर अपना रक्तदान कर सकते हैं रक्तदान से कई प्रकार के बीमारियों से ग्रसित मरीजों को बचाया जा सकता है। और यह महादान माना जाता है। मौके पर उपस्थित डॉ. नसीम अहमद के अलावे स्वास्थ्य कर्मी एएनएम के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**पाकुड़।** बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## एएन कॉलेज के छात्राओं ने तसर उत्पादन केंद्र पहुंच सीखा रेशम कीट पालन व वस्त्र बनाने के गुर

**दुमका।** आदित्य नारायण महाविद्यालय के जंतु विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को दुमका स्थित क्षेत्रीय रेशम अनुसंधान केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र व आत्मा के परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। रेशम वैज्ञानिक डॉ शांताकार गिरि ने विभिन्न स्तरों पर रेशम कीट विकसित होने के बारे में उन्हें विस्तृत जानकारी दी। कैसे रेशम कीटों का पालन किया जाता है, कैसे उन्हें विकसित किया जाता है और कैसे उनसे रेशम के धागे निकालकर वस्त्र तैयार किए जाते हैं, इनके बारे में उन्होंने सुरुचिपूर्ण ढंग से जानकारी दीं।

कृषि वैज्ञानिकों ने मधुमक्खी पालन और स्वायल टेस्टिंग का प्रशिक्षण दिया। आत्मा कार्यालय में छात्र-छात्राओं को पेस्ट मैनेजमेंट के तरीके प्रत्यक्षण द्वारा बताए।प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के निर्देश पर कालेज के जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ रवि उल इस्लाम के मार्गदर्शन में 80 छात्र-छात्राएं परिभ्रमण पर थे। डॉ रवि उल ने बताया कि कॉलेज की ओर से अक्सर छात्र-छात्राओं को परिभ्रमण पर ले जाया जाता है, ताकि उनका कौशल विकास हो। परिभ्रमण से लौटे छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों से उन्हें बहुत ही उपयोगी जानकारियां हासिल हुई। यह जानकारी जन्तु विभाग के प्राध्यापक डॉ रबीउल इस्लाम ने दिये।

## पेज 1 का शेष

### रांची को बेस्ट परफॉर्मर सिटी...

इसके बाद मंत्रालय की टीम हर शहर में जाकर उसका सत्यापन किया। रांची की ओर से इस बार सिटी सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन इत्यादि विषय पर प्रस्ताव भेजा गया था।

### मजबूत समाज बनाने का...

उन्होंने रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने यहां पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। **व्यवस्था को दे रहे हैं मजबूती :** सीएम ने कहा कि राज्य में पहले से जो व्यवस्थाएं चली आ रही है, वह चलती रहेगी, लेकिन, उसके समानांतर एक ऐसी उत्कृष्ट और मजबूत व्यवस्था हम तैयार कर रहे हैं जो आगे चलकर स्वतः पूर्व की व्यवस्था की जगह ले लेगा। यह नवीन व्यवस्था राज्य की नींव को मजबूती देने का काम करेगा। **रामकृष्ण मिशन मागदर्शन करे :** सीएम ने कहा कि जिस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उसी तरह रामकृष्ण मिशन भी उसी क्षेत्र में काम कर रही है, जो आज के भौतिकवादी युग में हाशिये पर हैं। ऐसे में सरकार को यह संस्था मार्गदर्शन करे। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि और पशुपालन हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती थी, लेकिन आज खेतों की जगह खदान और फैक्ट्रियां नजर आ रही हैं। ऐसे में विकास की अंधी दौड़ में परंपरागत व्यवस्था को पूरी तरह नजर अंदाज करना झारखंड जैसे राज्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि नदियों की साफ- सफाई के लिये एक्शन प्लान बने हैं। **कमजोरों को बढ़ाने पर फोकस :** सीएम ने कहा कि समाज में जो कमजोर लोगों को आगे बढ़ाने पर सरार का विशेष ध्यान है। आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठा रही है। आदिम जनजाति के युवक युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जा रही है। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी सुविदानंद जी महाराज, स्वामी सर्वात्मानंद जी महाराज, स्वामी आत्मानंद जी महाराज और स्वामी भवेशानंद जी महाराज के अलावा रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट से जुड़े अन्य स्वामी जी तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

### भारत दुनिया की आर्थिक महाशक्ति...

कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह रुकने का समय नहीं है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिखर सम्मेलन इस दिशा में आगे बढ़ेगा। जब वाइब्रेंट गुजरात के 40 वर्ष पूरे हो जायेंगे, तो भारत अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ से ज्यादा दूर नहीं रहेगा। यही वह समय है जब भारत को एक रोडमैप बनाना होगा, जो उसे 2047 तक एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाये। उन्होंने कहा, हम सिर्फ पुनर्निर्माण के बारे में नहीं सोच रहे थे, बल्कि इसके भविष्य की योजना भी बना रहे थे और हमने वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन को इसके लिए मुख्य माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात राज्य की भावनाओं को ऊपर उठाने और दुनिया के साथ जुड़ने का एक माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन राज्य सरकार के निर्णय लेने और केंद्रित दृष्टिकोण को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के साथ-साथ देश की उद्योग क्षमता को भी सामने लाने का एक माध्यम बन गया है। वाइब्रेंट गुजरात का उपयोग कई क्षेत्रों में अनगिनत अवसर पेश करने, देश की प्रतिभा को उजागर करने और देश की दिव्यता, भव्यता और सांस्कृतिक परंपराओं को सामने लाने के लिए प्रभावी ढंग से किया गया है। **यूपीए सरकार उदासीन थी :** पीएम ने यह भी कहा कि वाइब्रेंट गुजरात ऐसे समय में सफल हुआ जब तत्कालीन केंद्र सरकार (पूर्ववर्ती संप्रग सरकार) राज्य की औद्योगिक प्रगति के प्रति उदासीन थी। केंद्र में सत्ता में रहने वालों ने गुजरात के विकास को राजनीति से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के तत्कालीन मंत्री शिखर सम्मेलन में शामिल होने से इनकार कर देते थे। मोदी ने कहा, 'उन्होंने मुझे व्यक्तिगत रूप से बताया कि वे शामिल होंगे, लेकिन बाद में इनकार कर दिया। शायद ऊपर से दबाव के बाद।

# नेपाल में तीन तलाक प्रथा को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द

## संबंध विच्छेद के लिए मुसलमानों को विशेषाधिकार नहीं

**इस्लामिक शरिया कानून के आधार पर दिया गया तलाक महिलाओं के साथ अन्याय**




**एजेंसी**

काठमांडू। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि इस्लामिक समुदाय में तीन तलाक की प्रथा को मान्यता नहीं दी जा सकती है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि नेपाल के मौजूदा कानूनों के अनुसार तलाक के अलावा अन्य प्रथागत व किसी संप्रदाय विशेष की व्यवस्था को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस्लामिक शरिया कानून के आधार पर दिया गया तलाक महिलाओं के साथ अन्याय है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश टंक बहादुर मोक्तान और हरिप्रसाद फुयाल की संयुक्त पीठ द्वारा दिए गए फैसले में कहा गया कि नेपाल में इस्लामिक मान्यता के अनुसार दिए गए तलाक के आधार पर दूसरी शादी की छूट नहीं है। अदालत ने सभी धर्मों और धार्मिक आस्था को मानने वाले पुरुषों के लिए समान कानून लागू होने की बात कही है। तलाक के बाद दूसरी शादी की मान्यता को लेकर काठमांडू के रहने वाले मुनव्वर हसन के खिलाफ उनकी पहली पत्नी साविया तनवीर हसन द्वारा दायर रिट पर निचली अदालतों के फैसले में सुधार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तलाक और बहुविवाह में अन्तर होने की बात स्पष्ट कर दी है। कोर्ट ने कहा कि बहुविवाह करना नेपाल में कानूनन जुर्म है और इस्लामिक मान्यताओं के आधार पर तलाक के बाद होने वाला निकाह बहुविवाह माना जाएगा। अदालत ने कहा कि कुरान में महिलाओं के साथ भेदभाव करने और पुरुषों को विशेषाधिकार देने की बात कहीं नहीं लिखी है इसलिए तलाक गलत है। भारत तीन तलाक को लेकर दिए गए फैसले का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत की उच्चतम न्यायालय ने तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक-ए-बिद्दत के मुद्दे को एक आपराधिक कृत्य माना है।

## जीवनसाथी को बच्चे के प्यार से वंचित करना क्रूरता के समान : कोर्ट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने अलग रह रहे एक जोड़े के तलाक को बरकरार रखते हुए कहा है कि पति या पत्नी में से किसी एक द्वारा दूसरे जीवनसाथी को बच्चे के प्यार से वंचित करना क्रूरता के समान है। हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत के 2018 के उस आदेश के खिलाफ पत्नी की अपील खारिज कर दी जिसमें उसने तलाक मंजूर किया था। अदालत ने कहा कि बेटी पूरी तरह से अलग-थलग हो गई और उसका इस्तेमाल पति के खिलाफ किया गया जो सेना के एक अधिकारी हैं।

## स्पीड न्यूज

### पाक में रॉकेट का गोला फटने से आठ की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में रॉकेट लॉन्चर में लगाया जाने वाला गोला फटने से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गयी। सिंध प्रांत के काशमोर जिले की कंधकोट तहसील के जांगी सुब्जवाई गोथ गांव के एक घर में बुधवार दोपहर तेज धमाका होने से एक ही परिवार के पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। काशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहिल खोसा ने बताया कि बच्चे गांव के मैदान में खेल रहे थे, तभी उन्हें एक रॉकेट शेल मिला, जिसे वे खिलौना समझकर घर ले गए। घर में बच्चे उससे खेल रहे थे, तभी वह फट गया। धमाके में पांच बच्चों, दो महिलाओं सहित आठ लोगों की जान चली गई।

### पाक से वापस जायेंगे 11 लाख अफगानी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सरकार और अफगानिस्तान की सत्ता संभाले तालिबान के बीच बढ़ते मतभेदों की गाज पाकिस्तान में शरण पाए अफगान शरणार्थियों पर गिरने वाली है। पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 11 लाख अफगान शरणार्थियों को वापस अफगानिस्तान भेजने का एलान किया है। पाकिस्तान में लगातार आतंकी घटनाएं बढ़ने और इसके लिए जिम्मेदार तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर अंकुश के मसले पर पाकिस्तान सरकार और तालिबान के बीच मतभेद बढ़ गए हैं।
इराक में विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत

### इराक में विवाह हॉल में आग से 114 मरे

बगदाद। इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल-हमदानिया शहर में एक विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए है। निनेवेह के गवर्नर नज्म अल-जुबौरी ने बुधवार को यह जानकारी दी।मोसुल से 35 किमी दक्षिण-पूर्व में अल-हमदानिया शहर में अल-हेथम विवाह हॉल में मंगलवार रात आग लग गई। इमारत अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से ढकी हुई थी, जिससे आग तेज हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

### चंद्रबाबू की जमानत पर सुनवाई चार को

विजयवाड़ा । आंध्र प्रदेश की एसीबी अदालत ने बुधवार को तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की जमानत याचिका पर सुनवाई की तिथि चार अक्टूबर तय की। इसके अदालत ने कहा कि आंध्र प्रदेश के सीआईडी द्वारा कौशल विकास निगम घोटाले के संबंध में उनकी हिरासत के अनुरोध संबंधी याचिकाओं पर भी चार अक्टूबर को सुनवाई होगी।

### नहीं बढ़ेगा अमूल दूध की कीमत

अहमदाबाद। अमूल ब्रांड के तहत अपने दुग्ध उत्पाद बेचने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने कहा है कि दूध के दामों में और बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

# मेरे नाम से कोई घर नहीं : मोदी

## मेरी सरकार ने लाखों बेटियों को बना दिया मकान मालिक

**एजेंसी**


बोडेली में पीएम मोदी को सम्मानित करतीं आदिवासी महिलाएं।

- महिला आरक्षण पर राजनीति कर रहा है विपक्ष : प्रधानमंत्री
- मेरे मुख्यमंत्री बनने से पहले गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में नहीं होती थी विज्ञान की पढ़ाई

**बोडेली (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनके नाम पर कोई घर नहीं है, लेकिन उनकी सरकार ने देश की लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया। दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को गुजरात पहुंचे मोदी राज्य के आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोडेली शहर में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 4,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं सहित 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत के मौके पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चूंकि मैंने आपके साथ महत्वपूर्ण समय बिताया है, मैं गरीब लोगों के सामने आने वाले मुद्दों को जानता हूं और मैंने हमेशा उन मुद्दों को हल करने की कोशिश की है। आज मैं संतुष्ट हूं क्योंकि मेरी सरकार ने देश भर में लोगों के लिए चार करोड़ घर बनाए हैं। पिछली सरकारों के विपरीत, गरीबों के लिए एक घर हमारे लिए सिर्फ एक संख्या नहीं है। हम गरीबों के लिए घर बनाकर उन्हें सम्मान प्रदान करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम गरीबों की जरूरतों के अनुसार घर बना रहे हैं, वह भी बिना किसी बिचौलिये के। लाखों घर बनाए गए और हमारी महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किए गए। हालांकि मेरे नाम पर घर नहीं है, लेकिन मेरी सरकार ने लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया। मोदी ने यह भी कहा कि विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा गांधीनगर में गुजरात शिक्षा विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनसे देश भर में ऐसे केंद्र शुरू करने का आग्रह किया। इस केंद्र को विद्या समीक्षा केंद्र के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने हाल ही में (गांधीनगर में) विद्या समीक्षा केंद्र का दौरा किया। उन्होंने मुझसे भारत के सभी जिलों में ऐसे केंद्र शुरू करने का आग्रह किया और कहा कि विश्व बैंक इस परियोजना का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन दशकों से अधर में लटकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारी सरकार लेकर आई। किसी का नाम लिए बिना मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वे आरक्षण की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री बनने से पहले गुजरात के आदिवासी इलाकों में विज्ञान की पढ़ाई नहीं होती थी... अगर छात्र विज्ञान की पढ़ाई नहीं करेंगे तो उन्हें मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश कैसे मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने इस स्थिति को सुधारा।

## 23 जनवरी से भक्तों के लिए खुल सकता है राम मंदिर : नृपेंद्र मिश्रा

**नयी दिल्ली।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने संकेत दिए हैं कि राम मंदिर के पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा होने और 22 जनवरी को वहां श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इसे 23 तारीख से श्रद्धालुओं के लिए खोला जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव रहे मिश्रा ने यह भी कहा कि श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा अगले वर्ष 22 जनवरी को होगी और 20 से 24 जनवरी के बीच किसी भी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे जुड़े अनुष्ठान में सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की देखरेख में एक समिति बनाई गई है। वह विस्तार से इस विषय पर काम कर रही है। 22 तारीख को तो प्राण प्रतिष्ठा होगी और ट्रस्ट ने एक निवेदन किया है सभी से, पूरे देश से, हर गांव-गांव से कि वे यथासंभव अपने गांव में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को मनाएं। मिश्रा ने कहा कि ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं से यह निवेदन किया है कि वे 22 तारीख को अयोध्या आने का प्रयास ना करें। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को निश्चित रूप से दूरदर्शन के माध्यम से दिखाया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की संभावना को देखते हुए मिश्रा ने इस संभावित भीड़ को नियंत्रित करने को भी चुनौती करार दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए ट्रस्ट ने यह निर्णय लिया है कि उनकी ओर से एक संकेत दिया जाएगा कि विभिन्न प्रदेशों के लोग निश्चित तिथियों को ही आएं।

# आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ के खिलाफ एनआइए का कई राज्यों में रेड

- पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली और चंडीगढ़ में 53 स्थानों पर की छापेमारी, कई संदिग्धों को लिया हिरासत में

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को आतंकवादियों, गैंगस्टरों और मादक पदार्थ के तस्करों के गठजोड़ पर कई राज्यों में व्यापक कार्रवाई के दौरान कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि ये छापे एक सूचीबद्ध आतंकवादी अर्श डल्ला के सहयोगियों और कई खूंखार गैंगस्टरों के खिलाफ मामलों से संबंधित हैं। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि संबंधित राज्य पुलिस बल ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली और चंडीगढ़ में 53 स्थानों पर की गई दिन भर की छापेमारी में आवश्यक सहायता प्रदान की। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी-गैंगस्टर-तस्कर गठजोड़ को खत्म करने के उद्देश्य से की गई छापेमारी के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। उन्होंने कहा कि कार्रवाई पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा, पुर्तगाल और अन्य देशों में स्थित मादक पदार्थ-तस्करों और आतंकवादी संगठनों के साथ काम करने वाले विभिन्न कट्टर गिरोहों से जुड़े हथियार आपूर्तिकर्ताओं फाइनेंसरों और साजोसामान प्रदाताओं पर केंद्रित है। प्रवक्ता ने कहा कि जिन जगहों पर छापेमारी की गई उनमें पंजाब के अमृतसर, मोगा, फाजिल्का, लुधियाना, मोहाली, फरीदकोट, बरनाला, बठिंडा, फिरोजपुर, एसएएस नगर और जालंधर जिले; हरियाणा के रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद और फरीदाबाद जिले; राजस्थान के श्री गंगानगर, झुंझुनू, हनुमानगढ़ और जोधपुर जिले; उत्तर प्रदेश में गोरखपुर; उत्तराखंड के देहरादून और उधमसिंह नगर जिले शामिल हैं।

## बीमार पेंशनधारकों के घर जाकर प्रमाणपत्र लें : केंद्र

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पेंशन वितरण करने वाले सभी बैंकों से बीमार पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने में मदद करने के लिए उनके पास डोरस्टेप कर्मियों को भेजने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया । पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने कहा है सभी बैंक 80 वर्ष और उससे अधिक आयु वाले पेंशनभोगियों को डिजिटल माध्यम से जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने को लेकर जागरूकता पैदा करने के प्रयास करें।

## भारत में भूकंप अलर्ट सेवा शुरू करेगी गुगल

**नयी दिल्ली।** इंटरनेट सर्च इंजन कंपनी गूगल भारत में एक भूकंप अलर्ट सेवा शुरू करेगी। यह सेवा एंड्रॉयड स्मार्टफोन में सेंसर का उपयोग करके भूकंप का अनुमान और उसकी तीव्रता का पता लगाने का काम करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। गूगल ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनएससी) के परामर्श के साथ भारत में एंड्रॉयड भूकंप अलर्ट सिस्टम पेश किया है। कंपनी ने कहा कि एनडीएमए और एनएससी के परामर्श के साथ आज हम भारत में एंड्रॉयड भूकंप अलर्ट प्रणाली पेश कर रहे हैं। इसके जरिये हमारी कोशिश एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं को उनके क्षेत्र में भूकंप आने की स्वचालित शुरूआती चेतावनी देना है। यह सेवा आने वाले सप्ताह में एंड्रॉयड-5 और उसके बाद के संस्करणों में उपलब्ध होगी। यह प्रणाली एंड्रॉयड स्मार्टफोन में मौजूद छोटे एक्सेलेरोमीटर की मदद लेती है जो मिनी सीस्मोमीटर (भूकंपमापी) के रूप में काम कर सकता है।

# सलमान खान की फिल्म टाइगर-3 का प्रोमो जारी



**मुंबई।** अब सलमान खान की फिल्म टाइगर-3 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। पिछले कुछ दिनों से टाइगर-3 के टीजर की काफी चर्चा हो रही थी। बुधवार का यश चोपड़ा के जन्मदिन के मौके पर यशराज फिल्म्स ने अपने स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म टाइगर-3 का प्रोमो जारी किया। इस प्रोमो में हमें टाइगर का संदेश देखने को मिलेगा है और इसके साथ ही सलमान खान की अद्भुत भविष्यवाणी भी मनमोहक है। प्रोमो की शुरूआत सलमान खान के संदेश से होती है, जिसमें वह अपने खिलाफ लगे देशद्रोह के आरोप के बारे में बताते हुए कहते हैं कि मैं अविनाश सिंह राठौड़, आपके लिए टाइगर। लोग टाइगर को देश से पूछते हुए दिखते हैं कि वह देशभक्त है या गद्दार। इन सबके साथ ही इस प्रोमो में सलमान के दमदार डायलॉग और दमदार एक्शन की झलक भी देखने को मिल रही है। फिल्म आने वाली दिवाली यानी 10 नवंबर 2023 को हर जगह रिलीज होने वाली है। सलमान के फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## भारत के विवि को मिली टाइम्स वर्ल्ड रैंकिंग में जगह

**नयी दिल्ली।** भारत के रिकॉर्ड 91 विश्वविद्यालयों को टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) पत्रिका द्वारा घोषित वैश्विक विश्वविद्यालय रैंकिंग में जगह मिली है। आईआईएस-बेंगलोर ने साल 2017 के बाद पहली बार शीर्ष 250 विश्वविद्यालयों की सूची में जगह बनाई है। इस वर्ष 91 भारतीय विश्वविद्यालयों ने सूची में जगह बनाई जबकि पिछले साल इनकी संख्या 75 थी ।बुधवार को लंदन स्थित टीएचई पत्रिका द्वारा घोषित रैंकिंग के अनुसार, भारत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विवि में अन्ना विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया, महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, शूलिनी जैव प्रौद्योगिकी और प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय शामिल हैं।

# शहरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार करें रोडमैप

- राष्ट्रपति ने इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट के विजेताओं को दिये पुरस्कार
- शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ : मुर्मू
- 2047 तक शहरी आबादी 87 करोड़ से अधिक हो जायेगी



**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शहरों और नागरिकों की जरूरत का आकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर चिंता जाहिर करते हुए स्मार्ट शहरों में किये जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किये जाने की जरूरत है। शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। राष्ट्रपति ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केंद्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स की सराहना की। उन्होंने इंडिया स्मार्ट सिटीस अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में मध्य प्रदेश द्वारा बेस्ट स्टेट का गौरव प्राप्त करने पर राज्य के सभी निवासियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य के सभी स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों से जुड़े लोगों की सराहना भी की। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केंद्रशासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी। राष्ट्रपति ने अलग श्रेणियों में 66 पुरस्कार विजेता स्मार्ट शहरों और राज्यों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी, लगभग 46 करोड़ से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी। तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की जीडीपी में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं। अनुमान है कि शहरों के जीडीपी को कुल योगदान वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इन आंकड़ों से यह संदेश मिलता है कि शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करना है और उस पर आगे बढ़ना है। एक महत्वपूर्ण मुद्दा, जो प्रत्येक विषय पर तथा हर स्तर पर सतत विकास की चर्चा में शामिल है- वह है क्लाईमेट चेंज, इस संदर्भ में क्लाईमेट स्मार्ट सिटीस असेसमेंट फ्रेमवर्क जो भारत के 100 स्मार्ट शहरों के लिए शुरू किया गया था।

# महाशक्ति दुर्गापूजा समिति बूटी मोड़ में बन रहा इको फ्रेंडली पंडाल

खबर मन्त्र का अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

- इको फ्रेंडली पंडाल बनाने का मुख्य उद्देश्य है पर्यावरण के महत्व को बताना : पंकज


सज्जन पंकज

**रांची।** महाशक्ति दुर्गापूजा समिति बूटी मोड़ की ओर से भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस बार पूजा समिति अपना रजत जयंती बर्ष मना रहा है। यह भव्य पंडाल इको फ्रेंडली तरीके से तैयार होगा। इस बार पूजा समिति स्वर्ग लोक का स्वरूप काल्पनिक मंदिर के रूप में बना रहा है, जिसमें सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाएं रहेंगी। पूजा समिति के सीनियर उपाध्यक्ष सज्ज्न पंकज ने बताया कि इस बार बांस और प्रकृति से जुड़े वस्तुओं से पंडाल के निर्माण के लिए बंगाल के 30 से अधिक कारीगर काम कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी में इस बार भव्यता के साथ इको फ्रेंडली पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा। लाइट सज्जा और पंडाल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस बार दुर्गा की मूर्ति 15 फीट की होगी और मूर्ति का पूरा श्रृंगार मिट्टी से किया जाएगा। पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में करीब 16 लाख है। पंचमी को पंडाल का उद्घाटन बाबूलाल मरांडी करेंगे। पंकज ने बताया कि इस बार समिति 25 वां वर्ष मना रहा है, इसलिए इको फ्रेंडली पंडाल बनाने का निर्णय लिया गया ताकि पूरे समाज को यह संदेश दे सके कि पर्यावरण हमारे जीवन में कितना महत्व रखता है। पर्यावरण की रक्षा करना सभी का दायित्व है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# भारत ने जी-20 को दुनिया का सबसे शक्तिशाली मंच दिया



**अमिताभ कांत**

जी-20 शेरपा अमिताभ कांत का कहना है कि हाल ही में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के नई दिल्ली डिक्लेरेशन में जियो-पॉलिटिक्स से जुड़े प्रस्ताव पर आम सहमति बनाकर भारत ने स्वयं को एक मजबूत बहुपक्षीय वातार्कार के रूप में साबित किया है।

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए जी-20 शेरपा ने कहा, ह्लकिसी शर्त या अध्यक्षीय सारांश के बिना 100 प्रतिशत सर्वसम्मत दस्तावेज तैयार करना बहुपक्षीय मंचों के इतिहास में अभूतपूर्व घटना है।ह्ल

इस अहम दस्तावेज को तैयार करने की प्रक्रिया बताते हुए कांत ने कहा कि जी-20 देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन में स्वीकार किए गए जी-20 डिक्लेरेशन पर पर आम सहमति बनाने के लिए भारतीय राजनयिकों की एक टीम ने 200 घंटे से भी ज्यादा समय तक लगातार चर्चा की। उन्होंने कहा कि चूंकि किसी भी मंत्रिस्तरीय बैठक में आम सहमति नहीं बन पाई थी और सभी के पास सिर्फ फुटनोट थे, इसलिए नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के नतीजों को लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया शुरू में काफी आशंकित था।



शेरपा ने कहा, ह्लनई दिल्ली से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानेसर में बहुत गहरी बातचीत हुई। शुरू से ही हमारा रुख यह था कि जी-20 में किसी तरह का विभाजित मत हम स्वीकार नहीं करेंगे।ह्ल

उन्होंने कहा कि डिक्लेरेशन को स्वीकार करने से पहले कई उतार-चढ़ाव आए क्योंकि रूस के साथ-साथ जी-7 भी कई चीजों को शामिल करना चाहता था। ह्ललेकिन ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और बाद में इंडोनेशिया जैसे विकासशील देशों के शेरपाओं ने आम सहमति बनाने में भारत को सहयोग दिया। बाद में सऊदी अरब, मैक्सिको, अर्जेंटीना और तुर्की के शेरपा भी आम सहमति के लिए हमसे जुड़ गए।

कांत ने कहा ह्लइस दौरान, हमने जी-20 में शामिल तथा आमंत्रित देशों के विचारों को ध्यान में रखते हुए कई मसौदे तैयार किए। हम नई दिल्ली डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) को समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और काम करने वाला बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।ह्ल

शेरपा ने कहा कि भारत की अध्यक्षता ने यह बताया कि विश्व में जी-20 संयुक्त राष्ट्र से भी अधिक शक्तिशाली बहुपक्षीय मंच हो सकता है। जी-20 में शामिल देश दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और दुनिया की सकल घरेलू उत्पाद में इनका 85 प्रतिशत योगदान है।

शिखर सम्मेलन की खास बातें

अमिताभ कांत ने कहा कि जी-20 डिक्लेरेशन में पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विश्वदृष्टिकोण, महिलाओं के नेतृत्व में विकास, मानव-केंद्रित प्रगति, जीवन, समावेशिता और परिणामदायक काम की स्थायी छाप है। इस डिक्लेरेशन के साथ ही जी-20 में अफ्रीकी संघ के प्रवेश ने भारत को ग्लोबल साउथ के चैम्पियन के रूप में स्थापित किया है।

शेरपा ने बताया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान कुल 112 फैसले हुए। ये इंडोनेशिया की अध्यक्षता के दौरान हुए फैसलों से दोगुने से भी ज्यादा हैं। इंडोनेशिया की 2022 अध्यक्षता में 50 और इटली की 2021 की अध्यक्षता में 65 फैसले ही हुए थे। जबकि इनसे पहले जिन देशों के पास अध्यक्षता रही, उस दौरान 20 -30 के बीच ही फैसले हो पाते थे।

विशेष रही भारत की अध्यक्षता

शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को इस दौरान दर्शाई गई विविधता के लिए याद किया जाएगा। कांत ने कहा ह्लहमारी जी-20 अध्यक्षता बंद कमरों तक सीमित नहीं थी। देश के हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को कवर करने वाले 60 शहरों में जी-20 की 220 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं और इसके जरिए दुनिया के समक्ष भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता प्रदर्शित की गई।

# जी 20 शिखर सम्मेलन की महत्वपूर्ण उपलब्धियां



**सत्यनारायण गुप्ता**

सर्वसम्मति से पारित नई दिल्ली घोषणा पत्र, भारत - पश्चिमी एशिया - यूरोप आर्थिक कॉरिडोर और अफ्रीकी संघ को जी 20 का स्थाई सदस्य का दर्जा दिया जाना रहीं। कहा जा रहा है कि अपनी अध्यक्षता में आयोजित जी 20 सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल कराकर भारत ने ग्ला?बल साऊथ का नेतृत्व करने की दिशा में अपना कदम बढ़ा दिया है।लेकिन ग्लोबल साउथ आखिर है क्या?

संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुसार ग्लोबल साउथ में मोटे तौर पर अफ्रीका लैटिन अमेरिका , कैरेबियाई, एशिया ( इसराइल ,जापान और दक्षिण कोरिया को छोड़कर) और ओशनियां (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को छोड़कर) के देश शामिल हैं। ग्लोबल साउथ के अधिकांश देशों की विशेषता कम आय, घनी आबादी ,खराब बुनियादी ढांचा और अवसर ( राजनीति और सांस्कृतिक)का हाशिए पर होना है । वहीं ग्लोबल नॉर्थ में मोटे तौर पर उत्तरी अमेरिका ,यूरोप, इसराइल, जापान ,दक्षिण कोरिया ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड आते हैं। इस प्रकार जो देश विकसित हैं उन्हें ग्लोबल नॉर्थ और जो देश विकासशील है ग्लोबल साउथ देश कहलाते हैं।

ग्लोबल साउथ शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1969 में राजनीतिक कार्यकर्ता कार्ल आग्लेसबी द्वारा किया गया था।

द्वितीय विश्व युद्धोतर काल में विश्व दो ध्रुव में बांटा था । अमेरिका और सोवियत संघ की गुटबाजी से अलग एशिया अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देश तीसरी दुनिया कहलाते थे। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद दूसरी दुनिया का अंत हुआ। तीसरी दुनिया शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 1952 में अल्फ्रेड साबी द्वारा किया गया था।

द्वितीय विश्व युद्धोत्तर काल में तीसरी दुनिया के देशों का नेतृत्व करने वालों में भारत भी था। पहली बार 1955 में इंडोनेशिया के बांडूंग में तीसरी दुनिया (एशिया और अफ्रीका)के देश जुटे।इस सम्मेलन में साझा हितों पर चर्चा के लिए एक मंच की आवश्यकता समझी गई। इस बात पर जोर दिया गया कि विकासशील दुनिया के देशों को दो महाशक्तियों अमेरिका और सोवियत संघ में से किसी एक के साथ गठबंधन करने से बचना चाहिए और इसके बजाय सभी प्रकार के उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ राष्ट्रीय आत्मनिर्णय के समर्थन में एक साथ आना चाहिए।



1961 में युगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन के देशों का प्रथम शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। गुटनिरपेक्ष आंदोलन राज्यों का ऐसा समूह है जो औपचारिक रूप से किसी प्रमुख शक्ति गुट के साथ या उसके विरुद्ध नहीं है गुटनिरपेक्ष आंदोलन राष्ट्रों के एक अंतरराष्ट्रीय संस्था हैं ।इन्होंने निश्चय किया कि वे विश्व के किसी भी पावर ब्लॉक के संग या विरोध में नहीं रहेंगे।

गुटनिरपेक्ष आंदोलन की शुरूआत भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के राष्ट्रपति मार्शल टीटो, मिस्र के राष्ट्रपति नासिर, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकार्नो और घाना के एन- क्रूमा के नेतृत्व में हुआ। इस समय गुटनिरपेक्ष देशों की कुल संख्या 120 है और 17 देश पर्यवेक्षक के रूप में शामिल है। जनसंख्या की दृष्टि सबसे बड़ा देश कौन है तथा एक लोकतांत्रिक देश के कारण गुटनिरपेक्ष आंदोलन में भारत की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही। लेकिन सोवियत संघ के साथ घनिष्ठ के कारण भारत की भूमिका पर प्रश्न चिह्न भी लगे।

1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद दो ध्रुवीय विश्व का अंत हुआ और तब गुटनिरपेक्ष आंदोलन की प्रासंगिकता पर भी प्रश्न उठने लगे।जहां तक भारत का प्रश्न है तो पिछले दो शिखर सम्मेलनों में भारत के प्रधानमंत्री शामिल नहीं हुई बल्कि भारत का प्रतिनिधित्व उपराष्ट्रपति ने किया।

लेकिन आज तीसरी दुनिया या ग्लोबल साउथ का महत्व इस रूप में है कि इसमें दुनिया के दो तिहाई से अधिक देश आते हैं और विश्व पटल पर लिए जाने वाले सभी निर्णय में इनकी आवाज को भी महत्व मिलना चाहिए चाहे वह आर्थिक मुद्दा हो या पर्यावरण की चिंता इनका रूख महत्व रखता है।

भारत भी इसका महत्व समझता है । जनवरी 2023 में भारत ने पहली बार वॉइस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट की मेजबानी की यह एक वर्चुअल मंच है जिसका उद्देश्य विकासशील देशों को प्रभावित करने वाली चिताओं हितों और प्राथमिकताओं पर विचार विमर्श करने पर विचारों समाधानों का आदान-प्रदान करना है।

नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में जब अफ्रीकन यूनियन को स्थाई सदस्य का दर्जा दिया गया तो उसका समर्थन चीन में भी किया किंतु क्योंकि यह सम्मेलन भारत में आयोजित था बढ़त भारत को ही मिली। शायद अफ्रीकी देश भी या जानते हैं कि चीन की नजर सिर्फ उनके प्राकृतिक संसाधनों पर है जबकि भारत की भूमिका निःस्वार्थ है। भारत अफ्रीकी संबंध महात्मा गांधी के अफ्रीकी प्रवास के समय से है।

# रामदुर्ग किला पुनरुद्धार: स्वच्छता पखवाड़ा की एक प्रेरक कहानी

**'स्वच्छता पखवाड़ा'** - स्वच्छता ही सेवा 2023 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहा है , जो कि महात्मा गांधी की जयंती पर मनाए जाने वाले स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी) के साथ मेल खाता है। पखवाड़ा के दौरान विभिन्न शहरों में अनेक स्वच्छता पहल लागू की जा रही हैं, जहां समुद्र तटों, पर्यटन स्थलों और पहाड़ियों पर सफाई अभियान चलाया जाता है और अब तक 9 करोड़ से अधिक नागरिक पखवाड़ा पखवाड़े में शामिल हो चुके हैं।

इसके अनुरूप रामदुर्ग नगर पालिका परिषद ने कर्नाटक में एक 'स्वच्छ ऐतिहासिक आंदोलन' शुरू किया, जिसमें शहर के ऐतिहासिक किले की सुरक्षा और प्रचार के उद्देश्य से सफाई अभियान में भाग लेने के लिए कई स्वयंसेवकों को आकर्षित किया गया। रामदुर्ग किला की विरासत सदियों पुरानी है, जो इस क्षेत्र में व्यापार और वाणिज्य के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। हालांकि समय के साथ, उपेक्षा और आधुनिक विकास के अतिक्रमण ने इस अनमोल विरासत के नष्ट होने का खतरा पैदा कर दिया है। अपने शहर की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित करने के महत्व को पहचानते हुए, रामदुर्ग नगर पालिका परिषद ने चुनौती स्वीकार की।



बेलगावी जिले में, रामदुर्ग नगर पालिका परिषद ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रामदुर्ग ऐतिहासिक किले में एक व?यापक सफाई अभियान चलाया। इस ऐतिहासिक स्थल ने वर्षों से अनगिनत लोगों के पैरों के निशान देखे हैं और यहां तक कि 'शत्रु' (एक कन्नड़ फिल्म) जैसी फिल्मों की शूटिंग की मेजबानी भी की है।

रामदुर्गा रॉयल्स के टीम लीडर श्री सुरेश पट्टेपुर के गतिशील नेतृत्व में जनता और कॉलेज के छात्रों को इस सफाई अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का एक शानदार विचार सामने आया। अटूट उत्साह के साथ, 150 से अधिक स्वयंसेवक रामदुर्ग ऐतिहासिक किले की सफाई के लिए एकजुट हुए।

उनकी प्रतिबद्धता केवल सफाई के बारे में नहीं थी; यह उनके शहर को कचरा-मुक्त स्थान में बदलने का वचन था। साथ में उन्होंने अथक परिश्रम किया, मलबा साफ किया, कूड़ा उठाया और बंदरगाह को उसके पूर्व गौरव पर बहाल किया।

स्थानीय लोगों, कॉलेज के छात्रों और अन्य लोगों के बीच 'स्वच्छता ही सेवा' के बारे में अनूठे तरीकों से जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान के दौरान स्वतंत्रता सेनानी सर्कल में एक मानव श्रृंखला बनाने के लिए बहुत सारे स्वयंसेवक एकत्र हुए। दिन के अंत में रामदुर्ग ऐतिहासिक किला यह इस बात का शानदार प्रमाण है कि एकजुट समुदाय क्या हासिल कर सकता है। स्वच्छ ऐतिहासिक आंदोलन ने सिर्फ बंदरगाह को ही साफ नहीं किया था; इसने रामदुर्ग के अतीत में फिर से जान फूंक दी थी और भविष्य में ऐतिहासिक महत्व के प्रतीक के रूप में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया था।

स्वच्छता के लिए आंदोलन जारी रखने के लिए और गांधी जयंती तक, माननीय प्रधानमंत्री ने सभी नागरिकों से महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर, 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे एक घंटे के स्वच्छता अभियान में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों, जैसे गलियों, मोहल्लों, पार्कों, नदियों, झीलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर इस स्वच्छता अभियान में योगदान देने के महत्व पर बल दिया। यह बड़े पैमाने की पहल सभी पृष्ठभूमि के लोगों को बाजारों, रेल पटरियों, जल निकायों, पर्यटन स्थलों और धार्मिक स्थलों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर सफाई गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है।


कस्बे, ग्राम पंचायतें और विभिन्न सरकारी क्षेत्र इन आयोजनों की सुविधा प्रदान करेंगे, और सफाई गतिविधियों के आयोजन में रुचि रखने वाले संगठन ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन स्वच्छता कार्यक्रमों की जानकारी स्वच्छता ही सेवा - नागरिक पोर्टल पर उपलब्ध होगी, जहां नागरिक अपने प्रयासों की तस्वीरें भी अपलोड कर सकते हैं और स्वच्छता एम्बेसेडर बन सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएं।

# लता जी की आवाज ही उसकी पहचान बन गई

**(28 सितंबर, पार्श्व गायिका लता मंगेशकर की 94 वीं जयंती पर विशेष)**

**विजय केसरी**

**देश** की जानी मानी सबसे प्रतिष्ठित पार्श्व गायिका, स्वर कोकिला लता जी की आवाज ही उसकी पहचान सदियों तक गूंजती रहेंगी। उनकी गायकी सदा लोगों से संवाद करती रहेंगी। लता मंगेशकर को पाशर्व गायिका लता जी बनने में एक युग बीत गया था। उन्हें एक लंबे संघर्ष और पारिवारिक दायित्व के बोझ के निर्वाहन से गुजरना पड़ा था। उन्होंने अपने कैरियर निर्माण के साथ पारिवारिक दायित्व का निर्वाह पूरी निष्ठा के साथ किया था । लता मंगेशकर सिर्फ भारत की ही स्वर कोकिला नहीं थी बल्कि विश्व में उनके चाहने वाले करोड़ों की संख्या में मौजूद हैं । भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तक उनके प्रशंसक रहे हैं । लता मंगेशकर हर उम्र के लोगों की पहली पसंद रही हैं। लता मंगेशकर



का संपूर्ण जीवन गायिकी में ही बीता था । लता मंगेशकर एक सुलझी हुई प्रगतिशील नारी थी। उन्होंने कभी भी विवादित बयान नहीं दिया । वह भारत की एकता और अखंडता के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही थीं। जब भी देश को उनकी जरूरत पड़ी, उन्होंने खुले दिल से मदद किया। लता मंगेशकर भारतीय फिल्म उद्योग की स्थापना काल से लेकर जीवन पर्यन्त सह यात्री रही हैं। लता मंगेशकर हिंदी सहित विविध भाषाओं में अपनी गायिकी प्रस्तुत की थीं। लता जी बीस से अधिक भारतीय भाषाओं में तीस हजार से अधिक गाने गाई थी 1991 में ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने माना कि वह दुनिया भर में सबसे अधिक रिकॉर्ड की गई गायिका रही। लता जी को फिल्म जगत का सबसे बड़ा सम्मान 'दादा साहब फाल्के अवार्ड 'और देश का सबसे बड़ा सम्मान 'भारत रत्न' भी प्रदान किया गया था।

लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर, 1929 इंदौर में हुआ था। उनका निधन 6 फरवरी 2022 को हुआ था। वह इस धरा पर लगभग 93 वर्षों तक रही थी। वह भारत सहित विश्व की सबसे लोकप्रिय और आदरणीय गायिका थीं । उनकी गायिकी सफर सात दशकों तक कई विशेष उपलब्धियों से भरी पड़ी है। उनकी एक खास पहचान भारतीय सिनेमा में एक पाश्रर्व गायिका के रूप में रही है।

लता की जादुई आवाज के भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में दीवाने हैं। 'टाईम' पत्रिका ने उन्हें भारतीय पाश्र्व गायन की अपरिहार्य और एकछत्र साम्राज्ञी स्वीकार किया है। वह सच्चे अर्थों में भारत की एक एक स्वर कोकिला के रूप में सदा गूंजती रहेगी। लता मंगेशकर की गायिकी से प्रभावित होकर देश विदेश के कई प्रतिभाशाली गायकों ने गायिकी को ही अपना कैरियर बनाया । लता मंगेशकर गायिकी की गुरु माता के रूप में पूजी जाती रही हैं । लता मंगेशकर को हर उम्र के लोग लता दीदी के नाम से भी पुकारते हैं । उनके न रहने पर भी उनके चाहने वाले लता दीदी ही कह कर उन्हें पुकारते हैं। यह लता दीदी की गायिकी और उनके सहज, मृदुल व्यवहार का परिचायक है। उनकी गायिकी जितनी निराली रही, उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भी उतना ही निराला रहा । उनकी सहजता और मृदुलता सदा लोगों को अपनी ओर प्रेरित करती रहेगी। विश्व की जानी मानी गायिका होने के बावजूद उनमें रत्ती भर भी घमंड नहीं था। उनसे, गायिकी सीखने आए नए कलाकारों को गायिकी का मंत्र बहुत ही सहज और सरल तरीके से बताती थीं।

लता जी का जन्म इंदौर शहर के पंडित दीनानाथ मंगेशकर की बड़ी पुत्री के रूप में हुआ था। दीनानाथ मंगेशकर एक मध्यवर्गीय परिवार से आते थे ।उनके पिता रंग मंच एलजी के कलाकार और गायक थे। इनके परिवार से भाई हृदयनाथ मंगेशकर और बहने उषा मंगेशकर, मीना मंगेशकर, और आशा भोसलेसभी ने संगीत को ही अपनी आजीविका के लिये चुना। लता जी अपने भाई और बहनों के साथ संगीत की प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर से ही प्राप्त की थी। सभी भाई बहनों में बचपन से ही गायिकी के गुण विद्यमान थे। लता दीदी का जन्म इंदौर में जरूर हुआ था, लेकिन उनकी परवरिश महाराष्ट्र में हुई थी। वह बचपन से ही गायक बनना चाहती थीं। बचपन मे कुंदन लाल सहगल की एक फिल्म चंडीदास देखकर उन्होने कहा था कि वह बड़ी होकर सहगल से शादी करेगी। पहली बार लता जी ने वसंग जोगलेकर द्वारा निर्देशित एक फिल्म 'कीर्ती हसाल ' के लिये गाया। उनके पिता नहीं चाहते थे कि लता फिल्मों के लिये गाये, इसलिये इस गाने को फिल्म से निकाल दिया गया। लेकिन उसकी प्रतिभा से वसंत जोगलेकर काफी प्रभावित हुये थे।

पिताजी की मृत्यु के बाद लता दीदी को पैसों की बहुत किल्लत झेलनी पड़ी और काफी संघर्ष करना पड़ा था। । उन्हें अभिनय बहुत पसंद नहीं था, लेकिन पिता की असामयिक मृत्यु की वजह से पैसों के लिये उन्हें कुछ हिंदी और मराठी फिल्मों में काम करना पड़ा। अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली फिल्म 1942 में पाहिली मंगलागौर आई थी। इस फिल्म में उन्होंने स्नेहप्रभा प्रधान की छोटी बहन की भूमिका निभाई थी। बाद में उन्होंने कई फिल्मों में अभिनय किया जिनमें, माझेबाल,चिमुकलासंसार , गजभाऊ, बड़ीमाँ ,जीवन यात्रा , माँद , छत्रपति शिवाजी शामिल थी। बड़ी माँ, में लता ने नूरजहां के साथ अभिनय किया और उसके छोटी बहन की भूमिका निभाई आशा भोंसले ने। उन्होंने खुद की भूमिका के लिये गाने भी गाये और आशा के लिये पार्श्वगायन किया।

वर्ष 1942 ई में लता जी के पिताजी का देहांत हो गया था। उस समय लता मंगेशकर जी की आयु मात्र तेरह वर्ष थी। भाई - बहनों में बड़ी होने के कारण परिवार की जिम्मेदारी का बोझ भी उनके कंधों पर आ गया था । दूसरी ओर उन्हें अपने करियर की तलाश भी थी । जिस समय लता जी ने 1948 में पार्श्व गायिकी के क्षेत्र में कदम रखा था। तब इस क्षेत्र में नूरजहां, अमीर बाई, कर्नाटकी, शमशाद बेगम,और राजकुमारी आदि की तूती बोलती थी । ऐसे में उनके लिए अपनी पहचान बनाना इतना आसान नही था। लता जी का पहला गाना एक मराठी फिल्म कीर्ति हसाल के लिए था, मगर वह फिल्म रिलीज नहीं हो पाई थी। स्वर कोकिला लता मंगेशकर को गायिकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए एक लंबे संघर्ष से गुजरना पड़ा था ।

1945 में उस्ताद गुलाम हैदर, जिन्होंने पहले नूरजहाँ की खोज की थी , अपनी आनेवाली फिल्म के लिये लता जी को एक निमार्ता के स्टूडियो ले गये थे ,जिसमे कामिनी कौशल मुख्य भूमिका निभा रही थी। वे चाहते थे कि लता उस फिल्म के लिये पार्श्वगायन करे। लेकिन गुलाम हैदर को निराशा हाथ लगी। 1947 में वसंत जोगलेकर ने अपनी फिल्म आपकी सेवा में में लता जी को गाने का मौका दिया। इस फिल्म के गानों से लता जी की खूब चर्चा हुई। इसके बाद लता ने मजबूर फिल्म के गानों अंग्रेजी छोरा चला गया और दिल मेरा तोड़ा हाय मुझे कहीं का न छोड़ा तेरे प्यार नेजैसे गानों से अपनी स्थिती सुदृढ की थी । इसके बावजूद लता जी का संघर्ष जारी था। यह फिल्म अत्यंत सफल हुई थी। लता जी तथा मधुबाला दोनों के लिये बहुत शुभ साबित हुई। लता जी की इन फिल्मी गानों की खूब चर्चा हुई थी। इसके बाद लता जी ने मजबूर फिल्म के लिए गाई थी। यह गाना 'अंग्रेजी छोरा चला गया,और दिल मेरा तोड़ हाथ मुझे कहीं का ना छोड़ा,तेरे प्यार' ने जैसे गाना से उनकी स्थिति सुदृढ़ हो गई थी । हालांकि इसके बावजूद लता जी को उस खास की भी तलाश थी ।

1949 में ऐसा मौका फिल्म महल में, 'आयेगा आने वाला,' गीत से मिला। इस गीत को उस समय की सबसे खूबसूरत और चर्चित अभिनेत्री मधुबाला पर फिल्माया गया था । यह फिल्म अत्यंत सफल रही थी। लता मंगेशकर ने आनंद धन बैनर तले कई फिल्मों का भी निर्माण किया था। इन फिल्मों में संगीत भी उन्होंने ही दिया था। अर्थात लगा मंगेशकर बहुमुखी प्रतिभा की धनी थी।

लता मंगेशकर ने 1980 के बाद फिल्मों में गाना कम कर दिया था । वह अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव पर पहुंचती चली जा रही थी। उन्होंने फिल्मों में गाना कम जरुर कर दिया था, लेकिन स्टेज शो निरंतर करती रही थी । स्टेज शो कर खुद को तरो ताजा करती रहती थी। उनकी सक्रियता जीवन प्रयंत बनी रही थी।

1962, 1965, 1969, 1993 और 1994 में उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था । 1972, 1975, 1990 में उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया था । 1969 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था । 1974 में दुनिया में सबसे अधिक गाने का गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड से भी उन्हें सम्मानित किया गया था। 1989 में दादा साहेब पुरस्कार से उन्हें सम्मानित किया गया था। 1993 में लाइफटाइम अचीभमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 2001 में उन्हें भारत रत्न सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया था।